# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## हाथरस में सत्संग के बाद भगदड़ 122 की मौत



ये तस्वीरें हादसे की सच्चाई है...भले ही आपको विचलित कर सकती है...पर सच तो सच है, उसे देखना ही पड़ेगा। इसलिए, छापी गई ये तस्वीरें।

### अस्पताल के बाहर बिखरी पड़ी लाशें

### 150 से ज्यादा घायल

# मौत से सत्संग

## बाबा के काफिले को पहले निकाला... तब तक भीड़ बेकाबू हो गई, गर्मी और उमस में पहले निकलने की जल्दी में बिछ गई लाशें



### सत्संग में 80 हजार से अधिक लोगों की भीड़ थी

### जांच के लिए एडीजी आगरा और अलीगढ़ कमिश्नर की टीम बनी

एजेंसी ▶▶ हाथरस

यूपी के हाथरस में भोले बाबा के सत्संग के दौरान भगदड़ मच गई। इसमें करीब 122 लोगों की मौत हो गई। 150 से अधिक घायल हैं। कई लोगों की हालत गंभीर है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। हादसा हाथरस जिले से 47 किमी दूर फुलरई गांव में हुआ है। हादसे के बाद हालात भयावह है।

अस्पताल के बाहर शव जमीन पर बिखरे पड़े रहे। सत्संग में 80 हजार से अधिक लोगों की भीड़ थी। हादसे के बाद जैसे-तैसे घायलों और मृतकों को बस-टैंपो में लादकर अस्पताल ले जाया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मुख्य सचिव मनोज सिंह और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। घटना की जांच के लिए एडीजी आगरा और अलीगढ़ कमिश्नर की टीम बनाई गई है। सीएम ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं।



## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मुख्य सचिव मनोज सिंह और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार घटनास्थल पर पहुंचे

### पीएम मोदी ने लोकसभा में भाषण रोककर जताया शोक

प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में अपना भाषण रोकते हुए हाथरस में भगदड़ की घटना पर कहा कि मारे गए लोगों के प्रति संवेदना प्रकट करता हूं और घायलों के शीघ्र ठीक होने की कामना करता हूं, प्रशासन राहत एवं बचाव कार्य में जुटा हुआ है। राज्य सरकार की देख-रेख में प्रशासन राहत और बचाव में जुटा हुआ है। केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी लगातार राज्य सरकार के संपर्क में हैं। सदन के माध्यम से भरोसा देता हूं कि पीड़ितों की हरसंभव मदद की जाएगी।



### लाशों के ढेर देखकर सिपाही को आया हार्ट अटैक, मौत

*एटा में मेडिकल कॉलेज में लाशों का ढेर देखकर ड्यूटी पर तैनात सिपाही को हार्ट अटैक आ गया। इससे उसकी मौत हो गई। वह क्यूआरटी अवागढ़ में तैनात था। उसे मेडिकल कॉलेज आपात ड्यूटी पर बुलाया गया। इतनी लाशें देखकर वह बर्दाश्त न कर सका। उसे हार्ट अटैक आ गया। सिपाही मूल रूप से अलीगढ़ जिले के बन्ना देवी थाना क्षेत्र के सिद्धार्थनगर का रहने वाला था।*

### मुर्मू ने दुख व्यक्त किया

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भगदड़ में लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। हाथरस जिले में हुई दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों सहित अनेक श्रद्धालुओं की मृत्यु का समाचार हृदय विदारक है। मैं अपने परिवारजनों को खोने वाले लोगों के प्रति गहन शोक संवेदना व्यक्त करती हूं तथा घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

### खरगे और राहुल ने दुख जताया

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिक्ष राहुल गांधी ने दुख जताया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कांग्रेस के स्थानीय कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे प्रभावित लोगों की हर संभव मदद करें।

## मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए



### कौन है साकार हरि बाबा?

### फिल्मी हीरो की तरह रहता है बाबा, 3 राज्यों में हैं अनुयायी

साकार हरि बाबा उर्फ भोले बाबा का असली नाम सूरज पाल है। करीब 17 साल पहले पुलिस कांस्टेबल की नौकरी छोड़कर सत्संग करने लगे। नौकरी छोड़ने के बाद सूरज पाल नाम बदलकर साकार हरि बन गया। अनुयायी उसे भोले बाबा कहते हैं। कहा जाता है कि गरीब और वंचित तबके के लोगों के बीच में इनकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी। कुछ समय में लाखों की संख्या में अनुयायी बन गए।



### 50 हजार की संख्या में अनुयायियों को सेवादारों ने रोक लिया था

एक खेत में साकार हरि बाबा का एक दिवसीय सत्संग चल रहा था। वहां पर बच्चों के साथ महिलाएं और पुरुष बाबा का प्रवचन सुन रहे थे। लगभग पौने दो बजे सत्संग खत्म हुआ, बाबा के अनुयायी बाहर सड़क की ओर जाने लगे। बताया जा रहा है कि लगभग 50 हजार की संख्या में अनुयायियों को सेवादारों ने जहां थे, वहीं रोक लिया। सेवादारों ने साकार हरि बाबा के काफिले को वहां से निकाला। उतनी देर तक वहां अनुयायी गर्मी और उमस में खड़े रहे। बाबा के काफिले के जाने के बाद जैसे ही सेवादारों ने अनुयायियों को जाने के लिए कहा, वहां भगदड़ की स्थिति बन गई।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### खबर संक्षेप

#### कार ने चार लोगों को कुचला, दो की मौत

**मंदसौर।** जिले में हिट एंड रन का मामला सामने आया है। हादसे में एक महिला व एक पुरुष की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल जो गई, जिनका इलाज निजी चिकित्सालय में जारी है। बताया जा रहा है कि मृतक व घायल राजस्थान के होरी हनुमान जी से दर्शन कर पैदल ही लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने इनको कुचल दिया। पुलिस ने कार जब्त कर आरोपी कार चालक को गिरफ्तार किया है। घटना भावगढ़ थाना क्षेत्र की है।



#### राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 15 जुलाई तक आवेदन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 के लिए पात्र शिक्षकों से ऑनलाइन स्व-नामांकन 27 जून, 2024 से शिक्षा मंत्रालय के पोर्टल पर आमंत्रित किए जा रहे हैं। ऑनलाइन नामांकन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई है। इस वर्ष, 50 शिक्षकों को चुना जाएगा। यह चयन प्रक्रिया जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर होगी। पुरस्कार वितरण 5 सितंबर 2024 को विज्ञान भवन नई दिल्ली में होगा।




### मंत्री विश्वास सारंग ने दिया जवाब-नर्सिंग घोटाले के पीछे पिछली 15 महीने की कांग्रेस सरकार ही थी

## नाथ तो सरकार बचा रहे थे, उधर मंत्री साधौ नर्सिंग कॉलेजों को मान्यता देने में मशगूल थीं



सारंग ने कहा कि भाजपा की सरकार आने के बाद काफी संख्या में कॉलेजों की मान्यता निरस्त कर गड़बड़ियों को सुधारा गया

### नर्सिंग घोटाले के मुद्दे पर सदन में पहली बार ध्यानाकर्षण पर पक्ष व विपक्ष के बीच हुई गरमागर्म बहस। यह बहस करीब 5 घंटे चली

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने 2018 से ही नर्सिंग घोटाले होने का आरोप लगाते हुए सरकार को जमकर घेरा

सिंघार बोले कि सीबीआई जांच भले ही चल रही है पर सरकार को भी इसमें अपनी बात स्पष्ट करना चाहिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के बहुचर्चित नर्सिंग घोटाले के मुद्दे पर सदन में मंगलवार को पहली बार ध्यानाकर्षण पर पक्ष व विपक्ष के बीच करीब 5 घंटे तक बहस चली। इस दौरान सदन में कई बार गतिरोध की स्थिति निर्मित हुई। कई बार नियम व प्रक्रियाओं की बात उठी। संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने विधानसभा की नियमावली दिखाते हुए कहा कि ध्यानाकर्षण में सिर्फ प्रश्न पूछे जाते हैं, इतनी लंबी बहस नहीं होती।



### वर्ष 2023-24 में किसी भी संस्था को मान्यता नहीं दी गई

*उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सरकार की तरफ से आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस जिस समय का आरोप लगा रही है, वास्तव में यह घोटाला कांग्रेस के तत्कालीन 15 महीने की सरकार में हुआ है। उन्होंने कई तरह के तथ्य भी दिए। शुक्ल ने कहा कि राज्य शासन ने अपने आदेश 16 फरवरी 2023 में मप्र नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल के लिए कुल 37 पदों की स्वीकृति जारी की है। इन पदों की पूर्ति के नियम प्रकाशित किए जा चुके हैं। नियमों के अनुसार भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मप्र नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल ने वर्ष 2018-19 में 381, वर्ष 2019-20 में 453, वर्ष 2020-21 में 670, वर्ष 2021-22 में 550 एवं वर्ष 2022-23 में 485 संस्थाओं को मान्यता दी है। साथ ही वर्ष 2021- 22 में मान्यता के 242 आवेदन तथा वर्ष 2022-23 में 238 निरस्त किए गए हैं। वर्ष 2023-24 में किसी भी संस्था को मान्यता नहीं दी गई है। वर्ष 2024- 25 में मान्यता की प्रक्रिया शुरू होने वाली है।*

#### हाई कोर्ट में प्रकरण विचाराधीन

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि नर्सिंग संस्थाओं को नियम विरूद्ध संचालन करने पर हाई कोर्ट में प्रकरण विचाराधीन है। इसमें हाई कोर्ट के आदेशानुसार संस्थाओं पर कार्रवाई की जाती रही है। हाई कोर्ट ने अपने आदेश 13 फरवरी 2024 में बीएससी नर्सिंग से संबंधित 66 संस्थाओं को अनसूटेबल की श्रेणी में माना है। मप्र नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल ने 66 की मान्यता निरस्त कर उन्हें बंद किया है। निजी अस्पतालों के पंजीयन मप्र उपचर्यागृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाएं (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम, 1973 तथा नियम, 1997 (यथा संशोधित) 2021, 2022) अधिनियम के तहत किया जाता है। समय-समय पर उनकी जांच की जाती है।

#### मान्यता के लिए कॉलेजों के शत-प्रतिशत निरीक्षण का नियम

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि यह कहना सही नहीं है कि प्रदेश के संचालक चिकित्सा शिक्षा ने कौंसिल के पदेन अध्यक्ष रहते हुए भोपाल में स्वयं के नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए हैं। राज्य शासन ने मान्यता नियमों को समय-समय पर सुदृढ़ किया है। सरकार ने निर्णय लेकर कहा कि वर्ष 2024-25 में मान्यता इंडियन नर्सिंग कौंसिल के मापदंडों के आधार पर दी जाए। मप्र नर्सेस कौंसिल ने यह निर्णय भी लिया कि वर्ष 2024-25 में मान्यता के लिए नर्सिंग संस्थाओं का शत-प्रतिशत निरीक्षण कराया जाए। निरीक्षण दल में कलेक्टर के प्रतिनिधि सम्मिलित कर निरीक्षण की वीडियो रिकार्डिंग भी कराई जाए। साथ ही नर्सिंग कॉलेजों में प्रवेश कर्मचारी चयन मंडल से संयुक्त प्रवेश परीक्षा के माध्यम से आयोजित कर दिया जाए। इससे नर्सिंग कॉलेज की व्यवस्था और सुदृढ़ होगी।

### मुख्यमंत्री ने 'लोकपथ मोबाइल एप' किया लांच

## सात दिन में सड़कों में सुधार अब अधिकारी होंगे जवाबदार

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विभागों को जनता के प्रति अधिक से अधिक जवाबदेह बनाना हमारा लक्ष्य है। जनता के प्रति अधिक पारदर्शी एवं जवाबदेह कार्य प्रणाली को अपनाते हुए लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार लोकपथ मोबाइल एप का लोकार्पण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव विधानसभा भवन स्थित मीडिया सेंटर में मोबाइल एप- लोक पथ के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह भी उपस्थित थे। यादव ने कहा कि प्रदेश की 40 हजार किलोमीटर लंबी सड़कों में आवश्यकतानुसार एप से त्वरित रूप से सुधार संभव होगा।

### विभागों को जनता के प्रति अधिक जवाबदेह बनाना लक्ष्यः डॉ. यादव




#### दो चरणों में लागू होगी योजना

*लोक निर्माण विभाग के अधीन प्रदेश के समस्त मरम्मत योग्य राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग, मुख्य जिला एवं अन्य जिला व ग्रामीण मार्ग सम्मिलित रहेंगे। यह योजना दो चरणों में लागू की जाएगी। प्रथम चरण मंगलवार 2 जुलाई से आरंभ किया गया। इसमें राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग और मुख्य जिला मार्ग शामिल रहेंगे। द्वितीय चरण में प्रथम चरण में सम्मिलित मार्गों के साथ शेष अन्य जिला एवं ग्रामीण मार्गों को शामिल किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि मोबाइल एप से आमजन को मार्गों की समस्या बताने की सुविधा मिलेगी ।*

फूड

### इंदौर के एक आश्रम में 5 बच्चों की मौत, 29 अस्पताल में भर्ती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

पंचकुइया रोड स्थित श्री युगपुरुष धाम आश्रम के कुछ बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। चार दिन में अब तक 5 बच्चों की मौत हो गई। मंगलवार को 29 बच्चों को चाचा नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया। प्राचार्य डॉ. अनिता शर्मा ने कहा कि आश्रम में 204 बच्चे हैं।

इनमें से 5 की मौत हुई। 29 का इलाज जारी है। जिन बच्चों की मौत हुई, उनमें से 2 को मिर्गी आती थी। अन्य दो की मौत के पीछे ब्लड इन्फेक्शन और फूड पायजनिंग की आशंका जताई है। मृत बच्चों के नाम शुभम उर्फ करण, आकाश, शुभ और छोटा गोविंद है। सभी की उम्र 5 से 15 साल के बीच है।

युवक को तालिबानी सजा

### चोरी के शक में युवक को उल्टा लटकाकर निर्दयता से पीटा

गुप्तांग में करंट लगाकर दी यातनाएं, पांच आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहपुर

जिले के गाडरवारा थाना इलाके से एक दिल दिहलाने वाला वीडियो सामने आया है। वायरल वीडियो को लेकर दावा किया गया है कि चोरी के शक में एक युवक को तालिबानी सजा दी गई।

युवक को निर्वस्त्र कर उल्टा लटकाकर गुप्तांग में बिजली का करंट लगाकर भयानक यातनाएं दी गईं। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वायरल वीडियो चीचली ब्लॉक के बाराहबड़ा गांव के पास का बताया जा रहा है। खुलेआम कानून को हाथों में लेकर कुछ लोगों ने चोरी के संदेही को जमकर पीटा।

**जबलपुर**

**बुधवार, 3 जुलाई 2024**

- आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष–12
- वर्ष : 19, अंक : 64
- पृष्ठ : 14, मूल्य : 3 .00 रुपये

**मौसम**
अधि. 29
न्यूज़. 25

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## विधानसभा में आज पेश होगा वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट



**भोपाल।** मप्र का वित्तीय वर्ष 2024-25 का अनुमानित तीन लाख 67 हजार करोड़ रुपए से अधिक का वार्षिक बजट बुधवार को विधानसभा में पेश होगा। उप मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा विधानसभा में सुबह 11 बजे से बजट पेश करेंगे। इसके बाद बजट पर चर्चा शुरू होगी। विधानसभा की ओर से पूरा कार्यक्रम जारी किया गया है। बजट पर चर्चा के बाद इसे पारित कराया जाएगा। विधानसभा में बजट पेश करने से ठीक एक दिन पहले सरकार ने प्रदेश का आर्थिक सर्वेक्षण जारी कर दिया है। इसमें कई बिंदुओं खास तौर पर सरकार की प्राथमिकता वाले सेक्टर पर विशेष फोकस किया गया है। विधानसभा में पेश होने वाला बजट हालांकि महज 8 महीने के लिए ही होगा, चूंकि सरकार लोकसभा चुनाव से पहले एक अप्रैल से 31 जुलाई 2024 तक के लिए एक लाख 45 हजार करोड़ रुपए का लेखानुदान पहले ही पारित करा चुकी है। बजट में किसान, बिजली, शिक्षा, सड़क, परिवहन से लेकर अन्य सभी मुद्दों पर फोकस किया जा रहा है।

- **तीन लाख 67 हजार करोड़ रुपए का अनुमानित बजट होगा**

मप्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 का आर्थिक सर्वेक्षण जारी किया... 55,709 करोड़ रुपए के राजकोषीय घाटे का अनुमान

# अर्थव्यवस्था में 6.01 फीसदी की बढ़ोतरी प्रति व्यक्ति शुद्ध आय भी चार गुना तक बढ़ी

इस वर्ष में राजस्व आधिक्य भी 413 करोड़ रुपए का रहने का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग ने मंगलवार को मप्र का वर्ष 2023-24 का आर्थिक सर्वेक्षण जारी कर दिया। सरकार ने इस वर्ष के लिए 55,709 करोड़ रुपए के राजकोषीय घाटे का अनुमान लगाया है। यह मौजूदा वित्तीय वर्ष 2023-24 के राज्य सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का कुल 4.02 फीसदी है। इसमें ऋण लेने की क्षमता 3.5 फीसदी से अधिक है। इस वर्ष में राजस्व आधिक्य भी 413 करोड़ रुपए का रहने का अनुमान है। इसे कोरोना काल में राजस्व घाटे की स्थिति से उबरने और मजबूत वित्तीय स्थिति का संकेत मान सकते हैं। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए मप्र का मौजूदा कीमतों पर राज्य सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 13,63,327 करोड़ रुपए तक पहुंच गया।

यह कोरोना काल में राजस्व घाटे की स्थिति से उबरने और मजबूत वित्तीय स्थिति का संकेत



### मप्र आर्थिक समृद्धि के नए सोपान तय करेगा : देवड़ा



उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा की आर्थिक सर्वेक्षण मप्र की आर्थिक प्रगति को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र आर्थिक समृद्धि के नए सोपान तय करेगा।

## खबर संक्षेप

### नीरज चोपड़ा हो गए अहम टूर्नामेंट से बाहर



**पेरिस।** ओलंपिक चैंपियन और दुनिया के सबसे बड़े जैवलिन थ्रोअर में से एक नीरज चोपड़ा पेरिस डायमंड लीग से बाहर हो गए हैं। नीरज चोपड़ा पूरी तरह फिट नहीं हैं और ओलंपिक से पहले उन्होंने अचानक इस टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। चोपड़ा ने पूरी तरह से फिट नहीं होने की वजह से ये बड़ा फैसला लिया है। वे पिछले कुछ महीनों से जांघ के अंदरूनी हिस्से की मांसपेशियों में चोट से जूझ रहे हैं।

### तूफान में फंसी भारतीय टीम का रास्ता साफ



**बारबाडोस।** भारतीय क्रिकेट टीम ने 29 जून को ही टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीतने के साथ ही इतिहास रच दिया है। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला साउथ अफ्रीका के खिलाफ बारबाडोस में हुआ था। मगर चैम्पियन बनने के बाद अब तक भारतीय टीम अपने घर नहीं लौट सकी है। भारतीय टीम बारबाडोस के होटल में ही फंसी हुई थी। इसका कारण बारबाडोस में आया बेरिल तूफान था।

### अडाणी: सेबी के नोटिस पर भड़का हिंडनबर्ग



**नई दिल्ली।** अमेरिकी शॉर्ट सेलर कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च को सेबी ने 46 पेज का कारण बताओ नोटिस भेजा है। इसको लेकर फर्म ने सेबी को ही कठघरे में खड़ा करते हुए उस पर धोखेबाजों को बचाने का आरोप मढ़ दिया। बता दें जनवरी 2023 में हिंडनबर्ग ने अडानी ग्रुप पर स्टॉक मैनिपुलेशन से लेकर मनी लॉन्ड्रिंग जैसे आरोप लगाए थे। इसे लेकर ही यह नोटिस दिया गया है। हिंडनबर्ग ने यह खुलासा करते हुए लेटर भेजा है।

संसद में संग्राम : पीएम जब तक बोलते रहे, विपक्ष तब तक हंगामा करता रहा

## पीएम नरेंद्र मोदी ने इशारों-इशारों में राहुल गांधी को 'बालक बुद्धि' बताया और कहा कि कांग्रेस और उसका तंत्र आजकल 'बच्चे' का मन बहलाने में ही लगा है

# एक बालक 99 नंबर लाकर घमंड में घूम रहा, उसे नहीं पता कि ये नंबर 100 में से नहीं... 543 में से हैं

पीएम ने कहा कि यह कांग्रेस के इतिहास में चुनावों में तीसरी सबसे बड़ी विफलता है। यह चुनावों में कांग्रेस का तीसरा सबसे खराब प्रदर्शन है। बालक बुद्धि ने फेल होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देते हुए कांग्रेस और समूचे विपक्ष को घेर लिया। पीएम मोदी ने इशारों-इशारों में राहुल गांधी को बालक बुद्धि (बच्चा) कहा है। राहुल गांधी का नाम लिए बगैर का कहा कि एक बालक 543 में 99 नंबर लाकर घमंड में घूम रहा है। उसे नहीं पता था कि ये नंबर 100 में से नहीं बल्कि 543 में से हैं। यह लगातार तीसरी बार है कि कांग्रेस चुनाव में 100 का आंकड़ा पार नहीं कर पाई है। यह कांग्रेस के इतिहास में चुनावों में तीसरी सबसे बड़ी विफलता है।

यह चुनावों में कांग्रेस की तीसरी सबसे खराब प्रदर्शन है। बालक बुद्धि ने फेल होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। मोदी ने कहा कि बालक बुद्धि में न बोलने का ठिकाना होता है और न ही बालक बुद्धि में व्यवहार का कोई ठिकाना होता है। जब ये बालक बुद्धि पूरी तरह सवार हो जाती है, तो सदन में किसी के भी गले पड़ जाते हैं। ये बालक बुद्धि अपनी सीमाएं खो देती है, तो सदन के अंदर बैठकर आंखें मारते हैं। इनकी सच्चाई अब पूरा देश समझ गया है। इसलिए आज देश इनसे कह रहा है, 'तुमसे न हो पाएगा'। कांग्रेस और उसका तंत्र आजकल 'बच्चे' का मन बहलाने में लगे हैं।

*ये बालक बुद्धि सदन में किसी के भी गले पड़ जाते हैं तो सदन के अंदर बैठकर आंख मारते हैं*

*कांग्रेस अब 'परजीवी कांग्रेस' के नाम से जानी जाएगी क्योंकि वह जिससे गठबंधन करती है तो उसी का वोट खा जाती है*

- **कांग्रेस से कहा कि जनादेश को फर्जी जीत के जश्न में मत दबाओ, ईमानदारी से जनादेश को समझने की कोशिश करो, उसे स्वीकार करो**



### यह एक चौपाई भी पढ़ी

झूठइ लेना झूठइ देना, झूठइ भोजन झूठ चबेना।
बोलहिं मधुर बचन जिमि मोरा, खाइ महा अहि हृदय कठोरा॥

- अर्थात, उनका झूठा ही लेना और झूठा ही देना होता है। झूठा ही भोजन होता है और झूठा ही चबेना होता है।

### शोले का डायलॉग भी बोला

ऐ मौसी, 13 राज्यों में जीरो सीटें, पर हीरो तो है...

- आप सबको शोले फिल्म की मौसी जी याद होंगी। तीसरी बार ही तो हारे हैं लेकिन मनोबल ऊंचा है। अरे, मौसी 13 राज्यों में जीरो सीटें आई हैं लेकिन हीरो तो है न..। अरे मौसी पार्टी की लुटिया तो डुबोई है..मौसी अभी पार्टी तो सांसें ले रही है।

### पीएम ने सुनाई 3 कहानियां

**कहानी-1**

एक छोटा बच्चा साइकिल लेकर निकला है। वो बच्चा गिर जाता है। साइकिल से लुढ़क जाता है। रोने लगता है। एक बड़ा व्यक्ति उसके पास आकर कहता कि चींटी मर गई, चिड़िया उड़ गई। तुम बहुत अच्छी साइकिल चलाते हो। उसका ध्यान बंटाकर के उस बच्चे का मन बहला देते हैं। वैसे ही बच्चों के मन बहलाने का काम चल रहा है।

**कहानी-3**

एक बालक था जो अपने '99' नंबर का बहुत खुशी से जश्न मना रहा था। टीचर ने आश्चर्य व्यक्त किया और पूछा तुम मिठाई क्यों बांट रहे हो, तुम जश्न क्यों मना रहे हो? टीचर बताना चाहता था कि जश्न मनाने की कोई बात नहीं है। उसने जो 99 नंबर प्राप्त किए थे, वे 100 में से नहीं, बल्कि 543 में से थे।

**कहानी-2**

एक बच्चा स्कूल से आया और जोर जोर से रोने लगा, उसने मां से कहा कि मां मुझे स्कूल में मारा गया। मां ने पूछा बेटा बात क्या थी? बेटा ये नहीं बता रहा था कि आज स्कूल में उस बच्चे ने किसी बच्चे को मां के लिए अपशब्द कहे थे। उसने ये नहीं बताया कि उसने किसी की किताबें फाड़ दी थीं। उसने ये नहीं बताया कि किसी का टिफिन चुराकर खा दिया था। हमने कल (सोमवार ) सदन में ऐसी ही बचकाना हरकत देखी है। कल यहां बालक बुद्धि का विलाप चल रहा था।



### भाषण के हटाए गए शब्दों पर भड़के राहुल गांधी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में अपने भाषण के कुछ हिस्सों को कार्यवाही से हटाने के खिलाफ स्पीकर ओम बिरला को चिट्ठी लिखी। उन्होंने कहा कि मेरे विचारों को कार्यवाही से हटाना संसदीय लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है। भाषण के हटाए गए हिस्सों को फिर से बहाल किया जाना चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि मैंने सदन में सच्चाई रखी। हर सांसद का अधिकार है कि वो संसद में लोगों से जुड़े मुद्दे उठाए। इसको ध्यान में रखते हुए ही मैंने अपना भाषण दिया था।

पहली तारीख को रिलीज होता था

### केंद्र ने जीएसटी का डेटा रिलीज करना बंद किया



- **केंद्र सरकार बीते 74 महीने से लगातार जारी कर**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने जीएसटी का डेटा रिलीज करना बंद कर दिया है। जीएसटी लागू होने के बाद सरकार हर महीने की पहली तारीख को इसका डेटा जारी करती थी। 74 महीने से ऐसा किया जा रहा था। केंद्र की ओर से मासिक डेटा जारी करना बंद करने का कोई कारण नहीं बताया गया है। सरकार ने जून महीने का जीएसटी कलेक्शन का डेटा जारी नहीं किया है।

जबलपुर में छात्रा की सरेआम हत्या

### सनकी आशिक ने किशोरी का कार में काट दिया गला



- **लड़की से एकतरफा प्यार करता था आरोपी गिरफ्तार**

**जबलपुर।** शहर में एकतरफा प्यार के चलते एक 16 वर्षीय किशोरी की थाने के चंद कदम की दूरी पर उसके कथित प्रेमी द्वारा कार के अंदर चाकू से ताबड़तोड़ वारकर हत्या कर दी गई। दिनदहाड़े हुई इस हत्या के बाद आरोपी युवक द्वारा मौके से भाग गया, जिसका एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। हालांकि, पुलिस ने आरोपी को देर रात रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया और मामले में पूछताछ कर रही है।

पुराने विवाद में व्यापारी की हत्या

### बहन-बहनोई और भांजे भांजी ने ही दिया अंजाम



- **तीन साल पुराने विवाद को सुलझाने बहन के घर गया था व्यापारी**

**ग्वालियर।** शहर के इस्लामपुरा बहोड़ापुर में गैस वेल्डिंग और फेब्रिकिशन व्यापारी की उसके ही बहन-बहनोई और भांजे-भांजी ने हत्या कर दी। बहन-भांजी ने हाथ पकड़े, भांजे ने सीने पर बैठकर चाकू मारे। बहनोई ने भी चाकू से कई वार किए। घटना सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात 2.30 बजे की है। आरोपियों का असल विवाद व्यापारी अकरम खान उर्फ कल्लू (42) के बड़े भाई की बेटी और दामाद निसार खान से था।

नगर निगम भोपाल के बजट में किसी प्रकार का टैक्स नहीं बढ़ा

रविंद्र भवन की तर्ज पर 10 करोड़ रुपए की लागत से शहर में अलग-अलग क्षेत्र में बनेंगे कन्वेंशन सेंटर

## पार्षद वार्ड में तीन लाख तक के काम बिना टेंडर के करवा सकेंगे

*» राजधानी के सभी प्रवेश द्वार पर हेरिटेज प्रवेश द्वार के लिए 50 करोड़ रुपए का प्रावधान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल नगर निगम का वर्ष 2024 - 2025 का बजट मंगलवार को महापौर मालती राय ने परिषद की बैठक में प्रस्तुत किया गया, जिसे चर्चा के बाद ध्वनिमत से पास कर दिया गया।

3353 करोड़ 93 लाख 16 हजार रुपए के इस बजट में आय और व्यय एक समान बताया गया है। जबकि 5 प्रतिशत राशि रिजर्व रखी जाएगी, उसे ही घाटे के रूप में बताया गया है।



### नए कामों के लिए इतनी राशि का प्रावधान

- शहर के विभिन्न स्थानों पर महापुरुषों की प्रतिमाओं व अन्य काम के लिए 5 करोड़ रु.
- प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन के लिए 40 करोड़ रु.
- अवैध से वैध की गई बस्तियों में अधोसंरचना उन्नयन कार्य के लिए 100 करोड़ रु.

सिरोंज से भाजपा विधायक ने कहा- कांग्रेस में रहकर क्यों ज्यादती सहन कर रहे?

खिलचीपुर विधायक बोले मैंने उनसे बात कर ली है

## दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण को मिला भाजपा में आने का 'न्यौता'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह को एक बार फिर से भाजपा में शामिल होने का निमंत्रण मिला है। भाजपा के दो विधायकों ने लक्ष्मण सिंह को न्यौता दिया है। हालांकि, अब तक लक्ष्मण सिंह की ओर से स्थिति स्पष्ट नहीं है कि वे कांग्रेस में ही रहेंगे या भाजपा में जाएंगे? इधर, लक्ष्मण सिंह ने राहुल गांधी के हिंदुओं पर दिए बयान को अनुचित बताया है। सिरोंज से भाजपा विधायक उमा कांत शर्मा का कहना है कि लक्ष्मण सिंह कांग्रेस में रहकर क्यों ज्यादती सहन कर रहे हैं, मैं उनसे आह्वान करता हूं कि आप भाजपा में आइए। इसी तरह राजगढ़ जिले की खिलचीपुर से भाजपा विधायक हजारी लाल का भी कहना है कि लक्ष्मण सिंह मेरे घर आए थे, वो मेरे पुराने साथी हैं, मैंने उनसे बात कर ली है।



शर्मा ने लक्ष्मण सिंह को अपना बड़ा भाई बताते हुए कहा कि लक्ष्मण सिंह का पहले भी कांग्रेस से मोहभंग हुआ था। वह हमारे बड़े भाई हैं। कांग्रेस में अगर निराशा है तो वापस आ जाओ, हमारे दरवाजे तो सारे कांग्रेसियों के लिए खुले हैं।

प्रदेशभर में औसतन कुल 139.9 मिमी बारिश, जबकि अब तक 147.7 मिमी होना थी

राजधानी में जुलाई 2022 तक यहां हुई थी कुल 854.5 मिमी बारिश यह 10 साल की सर्वाधिक वर्षा थी

## प्रदेश में अभी औसत से 5 प्रतिशत कम बारिश, पूर्वी में 15 प्रतिशत कम, पश्चिमी में 5 प्रतिशत ज्यादा दर्ज

*इस साल रिकॉर्ड के टूटने की उम्मीद, अब तक 326 मिमी का आंकड़ा पार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में जून के अंतिम सप्ताह से जुलाई के दूसरे दिन यानि मंगलवार तक जारी बारिश से खेत-खलिहानों में सूखे की स्थिति खत्म हो गई है। मंगलवार तक प्रदेशभर में औसत से 5 प्रतिशत कम बारिश हुई है। पूर्वी मध्य प्रदेश में औसत से 15 प्रतिशत कम, जबकि पश्चिमी में 5 प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई है।



### कहां कम रहा पारा

सिवनी में 6.2 डिग्री कम, नर्मदापुरम, मंडला, जबलपुर, मलाजखंड, भोपाल, धार, इंदौर और रतलाम में सामान्य से 4 से 5 डिग्री तक कम रहा। प्रदेश में औसत अधिकतम पारा सामान्य से 4 डिग्री तक कम रहा है। सर्वाधिक अधिकतम पारा ग्वालियर में 34.7 डिग्री रहा। भोपाल में दशमलव एक डिग्री गिरकर 29.1 डिग्री रहा। यह सामान्य से 5 डिग्री कम है।

### यहां भारी बारिश का अलर्ट

बुधवार को अलीराजपुर, झाबुआ, रतलाम, मंदसौर, नीमच, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, सीधी, रीवा, मऊगंज, अनूपपुर, शहडोल, डिंडोरी, जबलपुर, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्णा आदि जिलों में तेज से भारी बारिश होगी। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, इंदौर, उज्जैन, गुना, अशोकनगर, सतना आदि जिलों में सामान्य वर्षा होगी।

## आईएमडी के रेड अलर्ट से टेंशन

# केदारनाथ के पास भूस्खलन और बाढ़ की चेतावनी, बद्रीनाथ धाम में अलकनंदा का रौद्र रूप, नदी ने खतरे के निशान को किया पार

- मंदाकिनी रिवर बेसिन में कुल 19 झीलें हैं, जिनसे कई छोटी-बड़ी नदियां निकलती हैं
- केदारनाथ मंदिर से लगभग 4000 मीटर की ऊंचाई पर कई बर्फीली झीलें मौजूद
- मौसम विभाग इन झीलों की ऊंचाई, गहराई और पानी का वॉल्यूम चेक कर रहा

एजेंसी ▶▶ देहरादून

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) की भविष्यवाणी के अनुसार मानसून तेजी से उत्तराखंड की तरफ बढ़ रहा है। अगले कुछ दिनों में उत्तराखंड और जम्मू कश्मीर समेत कई हिमालयन राज्यों में भारी बारिश के आसार हैं। आईएमडी की मानें तो कुछ जगहों पर बादल फटने की भी संभावना है। वहीं मसूलाधार बारिश से खासकर उत्तराखंड में भूस्खलन और बाढ़ आ सकती है। इसी कारण आईएमडी ने उत्तराखंड के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। साथ ही मौसम विभाग केदारनाथ के आसपास मौजूद झीलों का अध्ययन कर रहा है। इससे साफ है कि खतरा केदार घाटी में अधिक है।



### हरिद्वार तक होगा असर

*मंदाकिनी नदी का कुल जलसंग्रहण क्षेत्र 67 वर्ग किलोमीटर का है। इसमें चोराबारी और कंपेनियन ग्लेशियर सहित कई बड़े ग्लेशियर हैं। ऐसे में अगर केदार घाटी में कोई घटना घटेगी तो इसका असर हरिद्वार तक पड़ सकता है। बता दें, 2013 में आई त्रासिदी ने चमोली, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी और केदारघाटी को पूरी तरह से तबाह कर दिया था।*



### बद्रीनाथ धाम में पुलिस ने खाली कराया तप्तकुंड

**चमोली।** उत्तराखंड में मानसून का प्रकोप नजर आने लगा है। मूसलाधार बारिश के कारण बद्रीनाथ धाम में अलकनंदा नदी ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। ऊपरी इलाकों में हुई बारिश के कारण मंगलवार दोपहर बाद नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया। जिसके चलते अलकनंदा तप्तकुंड से मात्र 6 फीट नीचे बह रही थी। जबकि सामान्य दिनों में अलकनंदा तप्तकुंड से लगभग 15 फीट नीचे बहती है। अलकनंदा का रौद्र रूप देखते हुए पुलिस ने पूरे धाम में यात्रियों और स्थानीय लोगों को मुनादी कर अलर्ट कर दिया है। इसके साथ ही तप्तकुंड को भी तत्काल खाली कराया गया, ताकि जल कर बढ़ाने पर किसी तरह की अनहोनी न हो।

### केदार घाटी मंदाकिनी के पास

*दरअसल, केदार घाटी मंदाकिनी नदी के ईर्द-गिर्द मौजूद है। केदारनाथ मंदिर से 12,975 फीट की ऊंचाई पर चोराबारी झील स्थित है। इस झील को गांधी सरोवर के नाम से भी जाना जाता है। मंदिर से लगभग 2 किलोमीटर दूर इसी झील से मंदाकिनी नदी का उद्गम होता है। मंदाकिनी रिवर बेसिन में कुल 19 झीलें हैं, जिनमें से कई छोटी-बड़ी नदियां निकलती हैं।*

### 30 जून को हुआ था हिमस्खलन

*बता दें, केदारनाथ मंदिर से लगभग 4000 मीटर की ऊंचाई पर कई बर्फीलें झीलें मौजूद हैं। मौसम विभाग इन झीलों की ऊंचाई, गहराई और पानी का वॉल्यूम चेक कर रहा है। जिससे तेज बारिश में झील टूटने या बादल फटने जैसी घटनाओं को पहले से भांपा जा सके। 30 जून को भी केदारनाथ मंदिर के पीछे मौजूद सुमेरु पर्वत पर हिमस्खलन देखने को मिला था।*



### पर्यावरणविद ने जाहिर की चिंता

*पर्यावरणविद चंडी प्रसाद भट्ट ने कहा कि अलकनंदा ग्लेशियरों से पोषित नदी है और उच्च हिमालय में हो रही गतिविधियों का इस पर सीधा असर पड़ता है। भट्ट ने बताया कि 1930 में बद्रीनाथ मंदिर के पास अलकनंदा का जलस्तर 30 फीट तक बढ़ गया था। इसी तरह 2014 में बद्रीनाथ में अलकनंदा ने उग्र रूप धारण कर लिया था। बद्रीनाथ आध्यात्मिक नगरी के मास्टर प्लान के निर्माण के तहत कोई भी कार्यक्रम शुरू करने से पहले नदियों के चरित्र, भूगोल और मौसम के प्रभावों का विस्तृत विश्लेषण किया जाना चाहिए अन्यथा इसके बुरे प्रभाव सामने आ सकते हैं।*

## रूस के राजदूत ने पीएम मोदी के मास्को दौरे को लेकर कहा

# भारत हमारा पुराना दोस्त, हम कई क्षेत्रों में सहयोग कर रहे, मजबूत होंगे द्विपक्षीय संबंध

*यूएन में रूस के स्थाई प्रतिनिधि वसीली नेबेन्ज्या ने पीएम मोदी के रूस के दौरे को लेकर कहा है कि यात्रा के दौरान उन मुद्दों पर ठोस चर्चा होगी जिन पर दोनों देश सहयोग करते रहे हैं।*

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र में रूस के स्थाई प्रतिनिधि वसीली नेबेन्ज्या ने कहा भारत के साथ हमारे विशेष रणनीतिक साझेदारी वाले संबंध हैं। भारत रूस का पुराना मित्र है। हम कई क्षेत्रों में सहयोग कर रहे हैं। भारत को रूस का पुराना दोस्त बताते हुए यहां मॉस्को के राजदूत वसीली नेबेन्ज्या ने कहा कि उनके देश के नई दिल्ली के साथ विशेष रणनीतिक साझेदारी के संबंध हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि पीएम नरेंद्र मोदी के रूस दौरे से द्विपक्षीय संबंध और बेहतर होंगे। संयुक्त राष्ट्र में रूस के स्थाई प्रतिनिधि वसीली नेबेन्ज्या ने जुलाई महीने के लिए रूस के सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभालने के मौके पर एक संवाददाता सम्मेलन में पीएम मोदी के संभावित मॉस्को दौरे पर एक सवाल का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की।

आपसी सहयोग का दूसरे देशों को गंभीर संदेश जाएगा

पीएम मोदी का आखिरी दौरा 2019 में हुआ था



फाइल फोटो

भारत और रूस के संबंध और भी बेहतर होंगे

सहयोगी मुद्दों पर ठोस चर्चा होगी

**भारत की ओर से मोदी की संभावित रूस यात्रा की कोई पुष्टि नहीं की गई है**

### पांच साल बाद मास्को दौरा

बता दें, करीब पांच साल के अंतराल में पीएम मोदी की पहली रूस यात्रा होगी। उनका रूस का आखिरी दौरा 2019 में हुआ था, जब उन्होंने व्लादिवोस्तोक के सुदूर पूर्व शहर में एक आर्थिक सम्मेलन में भाग लिया था। हालांकि, क्रेमलिन के एक अधिकारी ने पिछले हफ्ते कहा था कि उनकी यात्रा के लिए तैयारियां चल रही हैं। रूसी राष्ट्रपति के सहायक यूरी उशाकोव ने कहा था कि मैं इस बात की पुष्टि कर सकता हूं कि हम भारत के प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारियां कर रहे हैं। हम अभी तारीख की घोषणा नहीं कर सकते हैं, क्योंकि तारीख की घोषणा दो पक्षों के समझौते में की जाती है।

### भारत-रूस के विशेष संबंध

नेबेन्ज्या ने कहा कि भारत के साथ हमारे विशेष रणनीतिक साझेदारी वाले संबंध हैं। भारत रूस का पुराना मित्र है। हम कई क्षेत्रों में सहयोग कर रहे हैं और मुझे लगता है कि पीएम मोदी की संभावित यात्रा के दौरान उन सभी मुद्दों पर ठोस बातचीत होगी, जिन पर दोनों देश सहयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात का भरोसा है कि इससे दूसरे देशों को गंभीर संदेश जाएगा। नेबेन्ज्या ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि रूस-भारत संबंध और भी बेहतर होंगे। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ वार्ता के लिए भारत और रूस अगले हफ्ते पीएम मोदी के मॉस्को दौरे की योजना पर विचार कर रहे हैं।

## बाइडेन और मोदी की जी-7 में भी हुई थी मुलाकात

भारत-अमेरिका के रिश्तों पर बोले पटेल

# दोनों देश कई क्षेत्रों में अपने संबंधों को कर रहे हैं गहरा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने सोमवार को कहा कि उनका देश आर्थिक और सुरक्षा सहयोग समेत कई अहम क्षेत्रों में भारत के साथ संबंधों को गहरा कर रहा है और वह ऐसा करना जारी रखेगा।



अमेरिकी विदेश मंत्रालय के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में भारत और अमेरिका के बीच संबंधों और इटली में हालिया जी-7 शिखर सम्मेलन के इतर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई बातचीत से जुड़े एक सवाल के जवाब में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जिसके साथ हम कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों, विशेष रूप से आर्थिक संबंधों, सुरक्षा सहयोग के क्षेत्र में अपने संबंधों को प्रगाढ़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन को कुछ सप्ताह पहले जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी से कुछ देर मुलाकात करने का अवसर मिला था। उन्होंने कहा कि हम इन संबंधों को मजबूत करते रहने की दिशा में काम करेंगे।

### कोई भी देश आतंकवाद की निंदा करेगा

पाकिस्तान से जुड़े एक सवाल के जवाब में वेदांत पटेल ने कहा कि हम आशा करते हैं कि दुनिया का कोई भी देश कहीं भी आतंकवाद की निंदा करेगा। लेकिन, यह अंततः भारत और पाकिस्तान के बीच का मामला है। उन्होंने कहा कि मोटे तौर पर, हम किसी भी देश द्वारा अपने पड़ोसियों के साथ अधिक सकारात्मक संबंध बनाने का निश्चित रूप से स्वागत करते हैं लेकिन जहां तक विशेष रूप से इससे संबंधित बात है, तो मैं इस पर कुछ नहीं कहना चाहता। वेदांत पटेल से पूछा गया कि भारत के ऐसे देशों से रिश्ते हैं जिनसे अमेरिका के संबंध अच्छे नहीं है। इस पर पटेल ने कहा है कि भारत एक ऐसा देश है जिसके साथ हम कई प्रमुख क्षेत्रों में अपने संबंधों को गहरा कर रहे हैं। हमारे आर्थिक व सुरक्षा संबंध आगे बढ़ रहे हैं।

### रक्षा, व्यापार में बड़े समझौते

वेदांत पटेल ने इस बात का जिक्र किया कि पिछले वर्ष अमेरिका ने पीएम मोदी की राजकीय यात्रा की मेजबानी की थी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि ऐसे कई और क्षेत्र हैं जहां दोनों देश सहयोग को और गहरा कर सकते हैं। पीएम मोदी ने पिछले साल जून में राष्ट्रपति बाइडेन के निमंत्रण पर अमेरिका की यात्रा की थी और इस दौरान दोनों देशों ने रक्षा, व्यापार और अंतरिक्ष सहयोग संबंधी कई बड़े समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने भी कुछ सप्ताह पहले दिल्ली का दौरा किया था। सुलिवन ने 17 से 18 जून तक भारत की यात्रा की थी और अपने समकक्ष अजीत डोभाल के साथ व्यापक वार्ता की थी जिसमें महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर महत्वाकांक्षी भारत-अमेरिका पहल (आईसीईटी) के कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित किया गया था।

## खबर संक्षेप

### पुणे में 7 लोग जीका वायरस से संक्रमित



**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में 55 वर्षीय एक महिला के जीका वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। इसी के साथ, शहर में इस घातक वायरस के मरीजों की संख्या बढ़कर सात हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि सोमवार तक पुणे में छह लोगों के जीका वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी, जिनमें दो गर्भवती महिलाएं शामिल हैं। नया मामला कोथुर्ड के दाहनुकर कॉलोनी से है और पीड़ित महिला ने शरीर पर चकत्ता बनने और जोड़ों में दर्द होने की शिकायत की है।

### इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु पुलिस ने एक इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर को गिरफ्तार किया। जो पिछले महीने शहर के एक होटल में बंदूकधारी 'बॉडीगार्ड' के साथ घूम रहा था। गिरफ्तार इन्फ्लुएंसर की पहचान बेंगलुरु के जेपी नगर निवासी 26 वर्षीय अरुण कथारे के रूप में हुई है। कथारे ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें चोक्कनहल्ली सड़क पर बॉडीगार्ड की तरह कपड़े पहने कुछ लोग नकली एके-47 बंदूकें पकड़े हुए उसे ले जा रहे हैं।

## भारतीय सेना की टुकड़ी थाईलैंड के लिए रवाना

# सैन्य अभ्यास की रणनीति व तकनीक में करेंगे साझेदारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-थाईलैंड संयुक्त सैन्य अभ्यास मैत्री के 13वें संस्करण में भाग लेने के लिए भारतीय सेना की टुकड़ी थाईलैंड रवाना हुई। यह अभ्यास 1 से 15 जुलाई 2024 तक थाईलैंड के टाक प्रांत के फोर्ट वाचिराप्रकन में आयोजित किया जा रहा है। इसी अभ्यास का पिछला संस्करण सितंबर 2019 में मेघालय के उमरोई में आयोजित किया गया था। यह अभ्यास दोनों देशों के सैनिकों के बीच अंतर-संचालन और आपसी सौहार्द विकसित करने में सहायक होगा। रक्षा मंत्रालय ने इस बारे में जानकारी दी।



### सैन्य सहयोग को प्रोत्साहन देंगे

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मैत्री अभ्यास का उद्देश्य भारत और थाईलैंड के बीच सैन्य सहयोग को प्रोत्साहन देना है। यह अभ्यास संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय 7 के तहत जंगल और शहरी वातावरण में संयुक्त उग्रवाद और आतंकवाद से निपटने के लिए अभियानों को अंजाम देने में संयुक्त क्षमताओं को बढ़ाएगा। यह अभ्यास उच्च स्तर की शारीरिक फिटनेस, संयुक्त योजना और संयुक्त सामरिक अभ्यास पर केंद्रित होगा। सेना की इस टुकड़ी में 76 कर्मी शामिल हैं। रॉयल थाईलैंड आर्मी की टुकड़ी में भी 76 कर्मी शामिल हैं।

## स्टालिन का जयशंकर को पत्र

# राज्य के मछुआरों के पारंपरिक अधिकारों का हो स्थाई समाधान

**चेन्नई।** तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने देश के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर को पत्र लिखकर राज्य के मछुआरों के पारंपरिक अधिकारों को बनाए रखने के लिए एक स्थायी समाधान खोजने के लिए आवश्यक ठोस कदम उठाने का अनुरोध किया है।

तमिलनाडु के सीएम ने अपने पत्र में कहा है कि मैं आपके ध्यान में यह लाना चाहता हूं कि हाल के हफ्तों में श्रीलंकाई अधिकारियों की तरफ से तमिलनाडु के मछुआरों को हिरासत में लेने की मामलों में जबरदस्त बढ़ोत्तरी हुई है। सीएम एमके स्टालिन ने अपने पत्र में आरोप लगाया कि पूर्व की केंद्र सरकार ने भारतीय मछुआरों के अधिकारों और हितों को खतरे में डालते हुए और उनसे वंचित करते हुए द्वीप को पूरी तरह से श्रीलंका को सौंप दिया था।

## मुंबई पुलिस का बड़ा खुलासा

# 25 लाख में सलमान की सुपारी पाकिस्तान से आनी थी एके-47

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेता सलमान खान के घर हुई फायरिंग की जांच कर रही नवी मुंबई पुलिस ने नया खुलासा किया है।



पुलिस का कहना है कि लॉरेंस गैंग ने सलमान को मारने के लिए 25 लाख रुपए की सुपारी दी थी। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए लॉरेंस गैंग के 5 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। ये आरोपी सलमान पर हमला करने के लिए पाकिस्तान से एके-47 राइफल, एके-92 राइफल और एम-16 राइफल खरीदने की तैयारी कर रहे थे। इन्होंने जिगाना पिस्तौल भी मंगवाने की कोशिश की।

### अजय कश्यप इनका समन्वयक

इन चारों ने सलमान के घर और फार्महाउस की रेकी की थी। इनमें से अजय कश्यप ने पाकिस्तान में रहने वाले डोगर नाम के शख्स से वीडियो कॉल के जरिए संपर्क किया था। वो सलमान पर अटैक करने के लिए वहां से एके-47 मंगवाने वाले थे। ये सभी आरोपी गैंगस्टर आनंदपाल की बेटी के भी संपर्क में थे। इनके बीच समन्वयक की भूमिका निभाने वाला अजय कश्यप है।

### नाबालिग से हत्या करवाने वाले थे

इसके अलावा पुलिस को यह भी जानकारी मिली थी कि मुंबई, रायगढ़, नवी मुंबई, थाने, पुणे और गुजरात से आने वाले लॉरेंस और संपत नेहरा गैंग के तकरीबन 60 से 70 गुर्गे सलमान खान पर नजर रखे हुए हैं। ये नाबालिगों के जरिए सलमान पर अटैक करने का प्लान बना रहे थे। अटैक के बाद इनका प्लान बोट के जरिए कन्याकुमारी से श्रीलंका भाग जाने का था।

## वायु सेना प्रमुख ने हैदराबाद में हथियार प्रणाली स्कूल का किया उद्घाटन

# भविष्य की जरूरतों के अनुरूप चुनौतियों से निपटने करेंगे तैयारी

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

वायु सेना प्रमुख (सीएएस) एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने हैदराबाद के एयर फोर्स स्टेशन बेगमपेट में हथियार प्रणाली स्कूल (डब्ल्यूएसएस) का उद्घाटन किया। इसके साथ ही भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के इतिहास में एक नया अध्याय का शुभारंभ हुआ है। वायु सेना प्रमुख (सीएएस) ने 08 अक्टूबर, 2022 वायु सेना दिवस परेड समारोह के दौरान हथियार प्रणाली स्कूल के गठन की घोषणा की थी। वर्ष 2022 में भारतीय वायुसेना में अधिकारियों की एक नई इकाई हथियार प्रणाली स्कूल (डब्ल्यूएसएस) को स्वीकृति देने के बाद इसकी शुरूआत हुई। भारतीय वायु सेना को भविष्योन्मुख बल के रूप में पुनः व्यवस्थित करने और समयानुसार परिवर्तित करने के उद्देश्य से, इस नए प्रशिक्षण प्रतिष्ठान का गठन किया गया है। सामान्य रूप से सशस्त्र बलों और विशेष रूप से भारतीय वायु सेना के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।



### फ्लांइग और रिमोट स्ट्रीम का लेंगे प्रशिक्षण

डब्ल्यूएसएस प्रकृति के अनुकूल प्रभाव आधारित प्रशिक्षण प्रदान करेगा और भारतीय वायु सेना की आवश्यकताओं के अनुरूप नवगठित शाखा के अधिकारियों को तैयार करेगा। हथियार प्रणाली शाखा के फ्लाइट कैडेट इस संस्थान में अपने दूसरे सेमेस्टर का प्रशिक्षण लेंगे। नई शाखा में फ्लाइंग स्ट्रीम, रिमोट स्ट्रीम, और अंतरिक्ष-आधारित खुफिया को संभालने के लिए इंटेलिजेंस स्ट्रीम चार धाराएं शामिल होंगी।

### युद्धक क्षमता में वृद्धि होगी

*वीआर चौधरी ने कहा कि हथियार प्रणाली स्कूल के निर्माण के साथ, जमीन आधारित और विशेषज्ञ हथियार प्रणालियों के संचालक एक मंच पर आ जाएंगे, जिससे भारतीय वायुसेना की युद्धक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने प्रशिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे इस एक नवगठित शाखा में अग्रणी है। वे ऐसे स्तंभ हैं जिन पर प्रशिक्षण व्यवस्था की पूरी जिम्मेदारी है। इससे वायु सेना सुदृढ़ होगी। वायु सेना प्रमुख ने सभी कर्मियों से देश में हथियार प्रणालियों के प्रशिक्षण के लिए स्कूल को एक नोडल केंद्र के रूप में स्थापित करने का आग्रह किया।*

## नेपाल में बदला सियासी घटनाक्रम

# प्रचंड बोले- नहीं दूंगा इस्तीफा विश्वास मत का करूंगा सामना

**काठमांडू।** नेपाल में सियासी घटनाक्रम तेजी से बदल रहा है। नेपाल के सबसे बड़े दलों नेपाली कांग्रेस और सीपीएन-यूएमएल के बीच समझौता हो गया है। इस बीच नई गठबंधन सरकार बनाने के लिए सहमति बनने के दौरान प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने पद से इस्तीफा नहीं देने का फैसला किया है। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी केंद्र) के सचिव गणेश शाह ने बताया कि पार्टी पदाधिकारियों की मंगलवार को प्रधानमंत्री कार्यालय में हुई बैठक में प्रचंड ने कहा कि वह पद से इस्तीफा देने के बजाय संसद में विश्वास मत का सामना करना पसंद करेंगे। नेपाल में 78 वर्षीय देउबा और 72 वर्षीय ओली ने संसद के बचे हुए कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री पद को बारी-बारी से साझा करने पर सहमति व्यक्त की है।




विधानसभा पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ।



सदन में प्रवेश से पहले कांग्रेस सदस्यों के पेंपप्लेट निकालता सुरक्षाकर्मी।


सीएम का स्वागत करते संसदीय कार्य मंत्री और नेता प्रतिपक्ष।


सदन में मंत्री तोमर भी पहुंचे।

### कांग्रेस के प्रदर्शन के चलते पहले ही दिन एक घंटे तक बाधित रही विधानसभा की कार्यवाही

# नर्सिंग घोटाले को लेकर जोरदार हंगामा, अध्यक्ष ने दिया चर्चा कराने का आश्वासन, तब हुए शांत




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में हुए नर्सिंग घोटाले को लेकर सोमवार को विधानसभा में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के सदस्यों ने हंगामा किया। इसके चलते सदन की कार्यवाही लगभग एक घंटे के लिए स्थगित रही। स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने सरकार और विपक्ष की बातें सुनने के बाद कहा कि वे इस मुद्दे पर मंगलवार को उचित नियम के तहत चर्चा करवाएंगे। स्पीकर के आश्वासन के बाद सदस्य शांत हो गए और सदन की कार्यवाही आगे बढ़ी।

सदन में कांग्रेस सदस्यों के हंगामें व कार्य सूची के विषय पर कार्यवाही पूरी होने के बाद स्पीकर तोमर ने सदन की कार्यवाही मंगलवार को सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गयी। मामले में हस्तक्षेप करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरकार सदन में चर्चा से भाग नहीं रही है। इस मामले में स्थगन की बजाय ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर भी चर्चा हो सकती है। इसके पहले सत्तारूढ़ दल भाजपा और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के सदस्यों के बीच काफी देर तक नोंकझोंक होती रही।



**सिंघार की मांग पर विजयवर्गीय ने दर्ज कराई आपत्ति**

इससे पहले सदन में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने नर्सिंग घोटाले को उठाते हुए चर्चा कराने की मांग की। संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने औचित्य का प्रश्न उठाते हुए इस पर आपत्ति दर्ज कराई और कहा कि यह मामला न्यायिक प्रक्रिया में है और इस पर चर्चा नहीं हो सकती है। इस कथित घोटाले के विरोध में कांग्रेस के ज्यादातर सदस्य सदन में चिकित्सकों की तरह सफेद कोट पहन कर पहुंचे थे।

### नियम और प्रक्रिया से चलता है सदन

*विजयवर्गीय ने कहा कि सदन नियम, प्रक्रियाओं और परंपराओं से चलता है। पुरानी भी बहुत सारी परंपराएं हैं। स्थगन के पीछे भी जो आपात स्थिति होती है और वह जो भावना होती है। उन्होंने कहा कि मैंने दोनों पक्षों की बात को सुनी है। स्पीकर के आश्वासन के बाद मामला शांत हो गया।*

### विधानसभा की कार्य-मंत्रणा समिति की बैठक संपन्न

विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में सोमवार को विधानसभा भवन में कार्य-मंत्रणा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में बजट सत्र के कामकाज के संबंध में विचार विमर्श किया गया। बैठक में तय हुआ कि सदन सुचारू रूप से चलाया जाए। ताकि जनता के मुद्दों पर अधिक से अधिक काम हो सके। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवडा, संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक गोपाल भार्गव, सुश्री मीना सिंह मांडवे, राजेंद्र भारती, यादवेंद्र सिंह, लखन घनघोरिया, उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत सत्यदेव कटारे सहित विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह मौजूद थे। इसके पूर्व विधानसभा सत्र के पहले दिन अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर का मुख्यमंत्री डॉ. यादव, उप मुख्यमंत्री देवडा, नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर वरिष्ठ विधायक भार्गव भी मौजूद थे।

### विधानसभा में निधन के उल्लेख में रखा दो मिनट का मौन, मुनि विद्यासागर जी को दी सदस्यों ने विनम्र श्रद्धांजलि

**भोपाल।** विधानसभा सत्र के पहले दिन सोमवार को विधानसभा सदस्यों के निधन का उल्लेख करते वक्त भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सबसे पहले स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने सभी दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सदन ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जैन मुनी आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के निधन से देश ने एक सुप्रसिद्ध संत, आध्यात्मिक गुरू, चिंतक और विचारक खो दिया है। उन्होंने अन्य दिवंगत सदस्यों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान भूतपूर्व विधानसभा सदस्य हर्ष सिंह, चन्द्रप्रभाष शेखर, विजय दुबे, मकसूदनलाल चन्द्राकर, शांतिलाल बिलवाल, बेनी परते, जसवंत सिंह राठौर, मदनलाल त्यागी, विट्ठलराव महाले, उत्तरप्रदेश के पूर्व राज्यपाल डॉ. अजीत कुरैशी, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष डॉ. मनोहर जोशी, आतंकी हमलों और ड्यूटी पर शहीद जवानों तथा डिण्डौरी जिले के बड़झर घाट के पास वाहन दुर्घटना में मृत व्यक्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आतंकवादियों से हुई मुठभेड़ में शहीद हुए छिंदवाड़ा जिले के कांस्टेबल कबीर दास उईके व विक्की पहाड़े की शहादत को भी नमन किया। उन्होंने ड्यूटी के दौरान शहीद हुए भारतीय सेना में सूबेदार अनिल सिंह वर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डिण्डौरी जिले के शहपुरा के बरझर घाट के पास हादसे में यात्रियों की मृत्यु पर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय, राजेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला तथा अन्य सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सीएम ने की नेता प्रतिपक्ष के बयान की भर्त्सना

## हिंदुओं को हिंसक बताना राहुल गांधी की कुत्सित मानसिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



लोकसभा में राहुल गांधी के विवादित बयान को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राहुल गांधी के बयान कि घोर भर्त्सना करता हूं। डॉ. यादव ने कहा कि लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर के अंदर नेता प्रतिपक्ष ने जिस प्रकार से हिंदू समाज को लज्जित करने का बयान दिया है, हिंदुओं को हिंसक बताना उनके कुत्सित मानसिकता के परिचायक के रूप में सामने आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व के अंदर भारत दुनिया का एक मात्र देश है, जहां हिंदुओं की सबसे बड़ी आबादी है। उस देश के अंदर कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष अगर हिंदुओं को इस ढंग से लज्जित करेंगे तो देश कैसे बर्दाश्त कर सकता है? इस बात को लेकर पूरे देश में उबाल है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को नाक रगड़कर माफी मांगना चाहिए। मुझे गर्व है कि मैं हिंदू हूं.. हर कोई जो हिंदू है वो हिंदू होने पर गर्व करता है।

### नई न्याय व्यवस्था के लिए पीएम का आभार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज एक जुलाई का दिन महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के समय से चले आ रहे तीन कानूनों को बदलकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नई व्यवस्था का क्रियान्वयन शुरू हो रहा है। इस व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कैबिनेट की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज से प्रदेश में परिवहन के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। प्रदेश के नाकों में गुजरात पैटर्न पर चैक-पोस्ट संबंधी नई व्यवस्था लागू की जा रही है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा के समिति कक्ष में आयोजित कैबिनेट बैठक से पहले संबोधन में यह बात कही।

डॉ. यादव ने कहा कि देश में भारतीय न्याय पद्धति और अवधारणा तथा पंच परमेश्वर की परम्परा के आधार पर न्याय व्यवस्था स्थापित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी बधाई के पात्र हैं। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चार सौ घंटे के परिश्रम व बैठकों तथा व्यापक विचार-विमर्श के बाद नए कानूनों के प्रारूपों को अंतिम रूप प्रदान किया है।

अब भारतीय दंड संहिता को हमारी न्याय परम्परा से जोड़ते हुए न्याय संहिता कहा जाएगा।

### कुलपति होंगे कुलगुरु इस शब्द में सम्मान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में नागरिकों के कल्याण और उन्हें अपनी संस्कृति से जुड़ने से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं। निरंतर लिए जा रहे ऐसे फैसलों से विभिन्न क्षेत्रों में व्यवस्था से जुड़े आवश्यक सुधार भी हो रहे हैं, इस क्रम में विश्वविद्यालयों के कुलपति को कुलगुरू का संबोधन देने का निर्णय लिया गया। इस संबोधन में आत्मीयता, स्नेह और सम्मान का भाव भी निहित है। कैबिनेट की ओर से इन निर्णय का अनुमोदन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में कहा कि जुलाई माह में ही गुरू पूर्णिमा पर्व भी आ रहा है। मप्र में कुलपति को कुलगुरू बनाने के निर्णय के संबंध में अन्य राज्यों की ओर से भी जिज्ञासा व्यक्त करते हुए इस निर्णय का प्रारूप चाहा गया है। उन्होंने कहा, प्रदेश में गोवध की मंशा से गौवंश के परिवहन का अवैध कृत्य करने वाले वाहन कई बार कोर्ट से छूट जाते हैं। नियमों के उल्लंघन पर पकड़े गए वाहनों के प्रकरण में वाहनों को राजसात करने की कार्रवाई की जाएगी। वाहन जब्त होंगे, उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा।

## सीएम से मिला अधिवक्ता परिषद का प्रतिनिधि मंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से राज्य अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष राधेलाल गुप्ता के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में भेंट की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को गुप्ता ने बार कॉउंसिल एवं प्रदेश के अधिवक्ताओं की समस्याओं से अवगत कराया। इस अवसर पर परिषद के उपाध्यक्ष आरके सिंह, सह अध्यक्ष विजय कुमार चौधरी और राजेश व्यास उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को प्रतिनिधिमंडल ने मांग पत्र भी सौंपा।

## सुनने वाले और सुनाने वाले में सामंजस्य हो तो न्याय मिलना आसान होगा: सारंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

यदि सुनने वाले और सुनाने वाले व्यक्तियों के बीच समन्वय हो जाए तो लोगों को न्याय मिलना आसान हो जाएगा। अधिकार एवं कर्तव्य एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। पूरी ईमानदारी से कर्तव्यों का निवर्हन करने के प्रयास होना चाहिए। यह बात सहकारिता एवं खेलकूद व युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने मप्र राज्य सहकारी अधिकरण के रजत जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कही। सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने




सहकार से समृद्धि के नारे को सफल बनाने की जवाबदारी केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह जी को सौंपकर ऐतिहासिक निर्णय लिया है। आज सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं।

## राहुल ने कभी संसद पर हमला करने वालों का धर्म नहीं बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के संसद में दिए हिंदू धर्म पर अमर्यादित बयान देने पर कड़ी प्रतिक्रिया की है। उन्होंने कहा कि राहुल ने कभी संसद पर हमला करने वालों का धर्म नहीं बताया। बम बांधकर फटने वालों का धर्म नहीं बताया। आज करोड़ों हिंदुओं को हिंसक कहने लगे हैं। यह पहली बार



नहीं है जब राहुल गांधी ने सनातन और हिन्दुओं के खिलाफ नफरती बोल बोले हों। अग्रवाल ने इस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ऐसा बयान बर्दाश्त नहीं करेगा।

### बूथ जीता, चुनाव जीता के संकल्प लेकर चुनाव में जुट जाएं कार्यकर्ता

## हर बूथ पर जनता से संपर्क करें और गरीब कल्याण की योजनाएं के बारे में भी बताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने सोमवार को छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा विधानसभा के छिंदी, बटकाखापा और हरई मंडल के शक्ति केन्द्रों के संयोजकों, प्रभारियों व प्रवासी कार्यकर्ताओं और चुनाव अभिकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा अमरवाड़ा उपचुनाव में जीत का इतिहास रचेगी।

उन्होंने अभिकर्ताओं को गमछा पहनाकर स्वागत करते हुए कहा कि यह भाजपा के योद्धा हैं, यही मतदान के दिन सबसे महत्वपूर्ण समय में मतदान केंद्रों पर एक योद्धा की तरह लगे रहते हैं। प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गरीब कल्याण की योजनाओं से छिंदवाड़ा की जनता लाभान्वित हुई है। प्रधानमंत्री के प्रति छिंदवाड़ा की जनता का अटूट विश्वास है। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत सहित सैकड़ों जनहितकारी योजनाओं ने इस क्षेत्र की जनता का दिल जीता है। यही मतदाता अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव में भाजपा को अपना आशीर्वाद प्रदान करके ऐतिहासिक विजय दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता पन्ना और बूथ समितियों को और मजबूती प्रदान कर सक्रियता बढ़ाकर घर-घर जनता से संपर्क कर पगरीब कल्याण योजनाएं बताएं।

**प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद बोले-अमरवाड़ा में जीत दर्ज करेगी भाजपा**



# निजी बैंक की असिस्टेंट मैनेजर ने पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

बलरामपुर में निजी बैंक की असिस्टेंट मैनेजर ने अपने पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपी पति वर्तमान में 102 महतारी एक्सप्रेस का सरगुजा जिले में को-आर्डिनेटर है। असिस्टेंट मैनेजर ने 8 साल पहले प्रेम विवाह किया था। महिला असिस्टेंट मैनेजर ने बताया कि करीब 4 साल से पति उसे प्रताड़ित कर रहा था। उसके साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया।

### पीड़ित महिला ने किया था प्रेम विवाह

जानकारी के मुताबिक, रामानुजगंज निवासी सुषमा शर्मा (25) ने करीब आठ वर्ष पूर्व पुसौर रायगढ़ निवासी प्रदीप शर्मा के साथ प्रेम विवाह किया था। कोर्ट मैरिज के दौरान प्रदीप शर्मा वाड्रफनगर में महतारी एक्सप्रेस का चालक था। दोनों शादी के बाद वाड्रफनगर में किराए के मकान में रह रहे थे। सुषमा शर्मा ने रिपोर्ट में बताया कि वाड्रफनगर में चार सालों तक पति के साथ रिश्ते अच्छे थे। उसका ससुराल पुसौर भी आना जाना होता था।



### पैसों के लिए करता था प्रताड़ित

सुषमा शर्मा ने शिकायत में बताया है कि वर्ष 2020 में उसका एक बच्चा हुआ। वह करीब एक साल का हुआ तो प्रदीप शर्मा ने पत्नी को पैसा देना बंद कर दिया। प्रदीप शर्मा ने पुसौर में जमीन खरीदने का हवाला देकर पैसे नहीं देता था। वह अपना मोबाइल बंद कर देता था।

### नए कानून पर सभी पुलिस अधिकारी एक राय

## नया कानून वर्तमान परिवेश के हिसाब से प्रासंगिक, सभी को मिलेगा नए कानून का सीधा लाभ: पुलिस आयुक्त मिश्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नवीन कानूनों में पुलिस अधिकारियों की लगभग एक सी राय है। अफसरों का कहना है कि नया कानून बहुत कुछ बदलाव लाने वाला है। भोपाल के पुलिस आयुक्त हरीनारायणचारी मिश्र से बात की गई तो उन्होंने नवीन कानूनों को वर्तमान परिवेश के हिसाब से प्रासंगिक बताया। उनका कहना है कि नया कानून पुलिस को ऑर्गनाइज्ड क्राइम से लड़ने में मजबूत करेगा।



### महिलाओं एवं बच्चों के लिए सुरक्षित



भोपाल के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पंकज श्रीवास्तव का कहना है कि नवीन कानूनों में महिला और बच्चों के अपराध को लेकर सख्ती की गई है। इससे महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पुख्ता हो सकेगी।

### अंग्रेजों के कानूनों से मिली मुक्ति




नए कानून लागू होने से भारत की न्याय प्रणाली आईपीसी के तहत अंग्रेजों द्वारा बनाए गए औपनिवेशिक कानूनों से मुक्त हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह अमित शाह को हम धन्यवाद देंगे कि उन्होंने मंथन कर, यह बदलाव किया है। **रामेश्वर शर्मा, विधायक**

### सेक्शन 111 और 112 में आजीवन कारावास तक की सजा



भोपाल के पुलिस उपायुक्त अपराध अखिल पटेल का कहना है कि नवीन कानून संगठित गिरोह का खुलासा करने में मददगार है। माफियाओं पर सख्ती से एक्शन लिया जा सकेगा।

### अब नहीं लगाने पड़ेंगे थाने के चक्कर



अब कोई व्यक्ति पुलिस स्टेशन जाने की बताए, इलेक्ट्रॉनिक संचार के माध्यम से घटनाओं की रिपोर्ट कर सकता है। कोई भी व्यक्ति क्षेत्राधिकार की परवाह किए बिना किसी भी पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कर सकता है। **भगवानदास सबनानी**, मंत्री

## दुधमुंही बच्ची का कुएं में मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर में करीब एक माह की दुधमुंही बच्ची की कुएं में लाश मिली है। बताया जा रहा है कि बच्ची घर में मां के साथ सो रही थी, लेकिन दो दिन पहले आधी रात को रहस्यमय तरीके से गायब हो गई थी। इस पर परिजन हैरानी भरी बातें कहते रहे। वे भूप-प्रेत पर बच्ची को उठा ले जाने की आशंका जता रहे थे। मामला मस्तूरी थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक बच्ची की मां देर रात करीब 2 बजे उसे दूध पिलाने के लिए उठी, तो बच्ची को बिस्तर पर न पाकर घबरा गई। इसके बाद उसने अपने पति और परिवार के दूसरे सदस्यों को इसकी जानकारी दी। बच्ची के बारे में पूछताछ करने लगी, लेकिन किसी ने कुछ नहीं बताया।

## बिल्डर के घर में घुसकर परिवार वालों पर आधा दर्जन बदमाशों ने किया लाठी-डंडों और रॉड से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर के टैगोर नगर में सोमवार रात एक बिल्डर के घर घुसकर आधा दर्जन युवकों ने परिवार वालों पर लाठी, डंडे और रॉड से हमला कर दिया। जब आस-पास के लोग बीच-बचाव करने आए तो आरोपी भाग निकले। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग सिटी कोतवाली पहुंचे और थाने का घेराव किया। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

बताया जा रहा है कि बदमाशों ने घर में घुसकर महिलाओं से भी गाली गलौज कर मारपीट की। बदमाशों की ये हरकत घर के बाहर लगे कैमरे में कैद हो गई। जिसमें वे बेस बॉल बैट से पिटाई करते दिख रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने पीड़ित परिवार की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है और 3 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के टैगोर नगर में रहने वाले ऋषभ बिल्डर के ओनर ऋषभ कटारिया ने पुलिस को शिकायत में बताया कि सोमवार को उनके भतीजे का जन्मदिन था। इसलिए घर में कई रिश्तेदार आए हुए थे। घर के सामने आए हुए मेहमानों की कारें खड़ी थीं। शाम को एक बुलेट सवार ने घर के बाहर खड़ी दो कारों को ठोकर मार दी।



## ऐसा न करने पर वीसी के जरिये हाजिर होकर स्पष्टकरण देना होगा

पूर्व आदेश का पालन नदारद होने पर दायर की गई है अवमानना याचिका

# नगर निगम आयुक्त 15 जुलाई तक नियमितिकरण संबंधी सभी लाभ दें

## पति के निधन के बाद अन्य कर्मियों के साथ विधवा पत्नी लड़ रही है कानूनी लड़ाई



जबलपुर।

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति अवनींद्र कुमार सिंह की एकलपीठ ने पूर्व आदेश का पालन नदारद होने पर दायर अवमानना याचिका को गंभीरता से लिया। इसी के साथ नगर निगम, जबलपुर के आयुक्त को सख्त निर्देश दियाा कि वे 15 जुलाई तक हर हाल में याचिकाकर्ता नगर निगम कर्मियों को नियमितिकरण संबंधी सभी लाभ प्रदान कर दें। ऐसा न किए जाने की सूरत में आगामी सुनवाई तिथि 15 जुलाई को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये हाजिर होकर स्पष्टीकरण देने तैयार रहें।

याचिकाकर्ता नगर निगम, जबलपुर के दिवंगत कर्मचारी पूरन चौधरी की विधवा किरण चौधरी सहित अन्य की ओर से दलील दी गई कि याचिकाकर्ताओं की अपेक्षा कनिष्ठ नगर निगम कर्मियों को नियमितिकरण का लाभ दे दिया गया था। इस रवैये को याचिका के जरिये चुनौती दी गई थी। जिसके बाद नगर निगम आयुक्त ने हाई कोर्ट में मांग पूरी करने की अंडरटेकिंग दी। इसके बाद 90 दिन की समय-सीमा के भीतर नियमितिकरण की प्रक्रिया पूर्ण कर दी। हालांकि नियमितिकरण संबंधी लाभों से वंचित रखा। लिहाजा, अवमानना याचिका दायर की गई। अवमानना याचिका की पूर्व सुनवाई के दौरान नगर निगम आयुक्त की ओर से बाकायदे शपथ पत्र के साथ अंडरटेकिंग दी गई थी कि अवमानना याचिकाकर्ताओं को नियमितिकरण संबंधी लाभ दे रहे हैं। किंतु हकीकत में ऐसा नहीं था। लिहाजा, दस्तावेजी प्रमाणों के साथ अवमानना याचिकाकर्ताओं की ओर से आपत्ति दर्ज कराई गई। जिसे गंभीरता से लेकर हाई कोर्ट ने सख्त दिशा-निर्देश जारी कर दिए।

### कैंट बोर्ड की महिला कर्मी के प्रमाण पत्र फर्जी होने के आरोप की जांच कर कार्रवाई करे

**संभागायुक्त ने सीईओ को दिए निर्देश**

जबलपुर। संभागायुक्त अभय वर्मा ने कैंट बोर्ड, जबलपुर के सीईओ को निर्देश दिया है कि कैंट बोर्ड में पदस्थ सहायक शिक्षिका साधना मिश्रा पर लगे फर्जी प्रमाण पत्र संलग्न करने के आरोप की जांच कराकर समुचित कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस मामले में जिसके विरुद्ध शिकायत है, उसके साथ-साथ अन्य अधिकारियों को भी कार्रवाई के दायरे में लाया जाए। मामला मोदीबाड़ा, सदर निवासी अधिवक्ता मौसम पासी की ओर से की गई शिकायत से संबंधित है। शिकायतकर्ता का कहना है कि साधना मिश्रा ने जो प्रमाण पत्र नौकरी के लिए संलग्न किए हैं, उनमें जन्मतिथि 11 अक्टूबर, 1985 दर्ज है। ऐसे में सवाल उठता है कि 10 वीं बोर्ड परीक्षा 1997 में महज 12 वर्ष की आयु में कैसे उत्तीर्ण कर ली। इसी तरह दृष्टिबाधित दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी संदेह के घेरे में है। ये आरोप अपर सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद से प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर लगाया गया है। संभागायुक्त ने शिकायत को गंभीरता से लेकर कैंट के सीईओ को पत्र लिखा है। इसकी प्रतिलिपि शिकायतकर्ता को भी दी गई है।

# इंकमटैक्स की असिस्मेंट रिपोर्ट में पुलिस अधिकारियों के बारे में कोई टिप्पणी नहीं

## लोकायुक्त पुलिस के पूर्व डीजी आइपीएस वी मधुकुमार के विरुद्ध जांच पर रोक बरकरार

**कैट के पूर्व आदेश के पालन में राज्य शासन ने नहीं पेश किया जवाब, मांगी मोहलत**

जबलपुर।

केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) की बेंच ने विशेष स्थापना पुलिस (लोकायुक्त) के पूर्व डायरेक्टर जनरल आइपीएस वी मधु कुमार के विरुद्ध जांच पर पूर्व में लगाई गई अंतरिम रोक बरकरार रखी है। सोमवार को मामला फिर से सुनवाई के लिए लगा था। इस दौरान इंकमटैक्स की असिस्मेंट रिर्पोट रिपोर्ट पेश की गई। हालांकि इसमें पुलिस अधिकारियों को लेकर कोई टिप्पणी दर्ज नहीं थी। वहीं दूसरी ओर राज्य शासन ने पूर्व निर्देश के पालन में जवाब पेश नहीं किया। इसके लिए मोहलत मांग ली। लिहाजा, सुनवाई आगे बढ़ा दी गई।

यह मामला बहुचर्चित आयकर छापा डायरी कांड की जांच को चुनौती से संबंधित है। याचिकाकर्ता वी मधु कुमार की ओर से अधिवक्ता पंकज दुबे पैरवी कर रहे हैं। उन्होंने अवगत कराया कि आयकर विभाग ने प्रतीक जोशी से ठिकानों पर छपमारी की थी। इस दौरान डायरी के कुछ पन्ने प्राप्त किए। आयकर विभाग से प्राप्त ये पृष्ठ चुनाव आयोग ने राज्य शासन और भारत सरकार को भेजे और कहा कि दोषी अधिकारियों केविरुद्ध कार्यवाही की जाए। राज्य शासन ने चार्जशीट देते हुए कहा कि डायरी के पृष्ठों के अनुसार वी मधु कुमार ने प्रतीक जोशी को 12.5 दिए हैं। इस पर वी मधु कुमार ने आपत्ति पेश की, जिस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसके विपरीत जांच अधिकारी की नियुक्ति हो गई। लिहाजा, वी मधुकुमार ने केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण के समक्ष याचिका प्रस्तुत की और दलील दी वीएमबी का अर्थ वी मधुकुमार है, ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है। दरअसल, किसी अन्य की डायरी के पन्नों के आधार पर विभागीय जांच नहीं हो सकती। इसके बावजूद न केवल मनमानी जांच जारी है बल्कि विभागीय जांच में कोई प्रगति नहीं की जा रही है। याचिकाकर्ता सेवानिवृत्त व उम्रदराज है, अतः उसे परेशान नहीं किया जाना चाहिए। इस सिलसिले में हाईकोर्ट के दिशा-निर्देश मार्गदर्शी हैं, जिन्हें केंद्र व राज्य शासन द्वारा अनदेखा किया जा रहा है।

# असाटी वैश्य समाज की प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

**जबलपुर।** असाटी महासभा एवं असाटी वैश्य समाज विकास समिति जबलपुर द्वारा आयोजित असाटी समाज का नवम राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम 30 जून को अग्रसेन मण्डपम विजय नगर में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री राकेश सिंह, नंदकिशोर असाटी एवं अध्यक्षता अशोक नायक, रिटा. एडिशनल कमिश्नर वाणिज्य ने की। समाज विकास समिति के अध्यक्ष इंजी. हरीश असाटी एवं कार्यक्रम प्रभारी विनय असाटी धनगवां ने बताया कि इस सम्मान समारोह में समाज के विशिष्ट अतिथि अमित असाटी जनरल मैनेजर बुलेट ट्रेन दिल्ली, मधुर गुप्ता डायरेक्टर सिटी बैंक मुम्बई, के साथ गोविन्द दास, डॉ. विशाल असाटी, एम.के. नायक, श्रीमति शशि असाटी, श्रीमति विद्यादीनदयाल असाटी, श्रीमति आशा भगवती असाटी, डॉ. एस.पी. गुप्ता, एड. आनंद गुप्ता, कोमल चंद असाटी, किशन लाल असाटी, आलोक असाटी अध्यक्ष दमोह, इंजी. शरद गुप्ता, प्रहलाद असाटी, डॉ. महेन्द्र असाटी, विनय असाटी, सतीश असाटी, एवं सामाजिक पदाधिकरियों एवं अतिथियों की उपस्थिति में हुआ। दीप प्रज्जवल के बाद सत्येन्द्र असाटी द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत हुआ। स्वागत उपरांत कु. समृद्धि असाटी द्वारा निर्देशित शिक्षा प्रेरक नृत्य नाटिका की समाज की बच्चियों द्वारा सुंदर प्रस्तुति दी। तत्पश्चात समिति के अध्यक्ष इंजी. हरीश असाटी ने गरिमामय स्वागत भाषण दिया। प्रतिभा सम्मान समारोह में कक्षा 10वीं, 12वीं, एवं उत्कृष्ट सफलता प्राप्त मेधावी छात्र-छात्राओं का अतिथियों द्वारा मोमेन्टो, फाइल फोल्डर पेन एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।




कार्यक्रम के विशेष आमंत्रित अतिथि अभिलाष पाण्डेय विधायक उत्तरमध्य क्षेत्र जबलपुर की उपस्थिति हुई। कार्यक्रम के अध्यक्ष अशोक नायक, संरक्षक गोविन्ददास असाटी, श्रीमति शशि असाटी राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष आदि ने उद्बोधन किया। नागपुर से पधारे श्री चुनोटे द्वारा समाज के छात्राओ को केरियर मोटीवेशन किया एवं महासभा द्वारा छात्र केरियर गेलरी एवं उच्च शिक्षा प्राप्त छात्र-छात्राओ की सक्सेस स्टोरी का प्रदर्शन किया। भजन गायक एवं मंचीय प्रभारी सत्येन्द्र असाटी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मनमोहक रामदरबार की झाँकी के साथ भजन की प्रस्तुति दी। समारोह में जबलपुर, दमोह, भोपाल, सागर, इंदौर, छतरपुर, मुम्बई, रॉची, ऋषिकेश, शाहगढ़, इन्द्राना, बुढ़ागर, कटनी, भजिया भरोला, पनागर, हृदय नगर, पान उमरिया. तिवरी, निरंदपुर, सरा गनियारी, आदि सहित देशभर के स्वाजातीयजन उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम को संयोजित कराने में समिति के अध्यक्ष इंजीनियर हरीश असाटी, विनय असाटी (प्रभारी), राजेन्द्र असाटी, अजय असाटी, सत्येन्द्र नबन्न विशोर असाटी, प्रहलाद असाटी, इंजी. शरद गुप्ता, डॉ. प्रकाश असाटी, दिनेश गुललहा, लोकमन, इंजी. सुनील असाटी, विजय असाटी, प्रवेश गुप्ता, नरेश, सतीश, विनय असाटी दमोह, राकेश, विवेक जी.सी.एफ, राम, श्याम, रानू एवं समस्त विकास समिति के साथ महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमति आशा भगवती असाटी, श्रीमति मीना नरेश, श्रीमति राखी एवं समस्त महिला समिति ने कार्यक्रम को अहं योगदान दिया। इस कार्यक्रम के संयोजन में समिति के समस्त सलाहकार मंडल, एवं डॉ. एस.पी. गुप्ता, एड. आनंद गुप्ता, एवं समस्त संरक्षक मंडल सहित कोषाध्यक्ष राजेन्द्र असाटी, एवं प्रेरक प्रहलाद असाटी ने विशेष मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन सत्येन्द्र असाटी, कु.राशि असाटी, डॉ. विशाल असाटी महामंत्री), श्रीमति नीतू असाटी एवं कु. समृद्धि असाटी ने किया। अंत में कार्यक्रम प्रभारी विनय असाटी ने आभार व्यक्त किया।

# बारिश के बाद शहर में संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ा

## मलेरिया, डेंगू, के रोकथाम के लिए नहीं हो रहे उपाय

जबलपुर।

पिछले दिनों से जारी बारिश के कारण जगह-जगह बस्तियों और गड्ढों में पानी भरा हुआ है। जिससे यहां संक्रामक बीमारियों के बढ़ने का खतरा बढ़ गया है। यदि समय रहते उपाय नहीं किये गये तो जबलपुर में संक्रामक रोग तेजी से फैल सकता है।

निजी अस्पतालों जहां साफ सफाई और स्वास्थ्य सेवाएं सरकारी अस्पतालों के मुकाबले कई गुना बेहतर होती हैं, जिले के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी ने निजी अस्पतालों पर मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया के मरीजों की प्रतिदिन जानकारी देने के निर्देश निजी अस्पताल संचालकों को दिये हैं, वहीं अस्पताल के कूलरों की साफ सफाई



रखी जाए, ताकि उनमें डेंगू के लार्वा न पनपने पाएं। यहां यह कहना अतिश्योक्ति नही होगा कि मच्छरों की सर्वाधिक भरमार सरकारी अस्पतालों में ही है। इनकी न तो साफ सफाई व्यवस्था अच्छी है और न ही यहां मरीजों के अनुकूल वातावरण है। हाल ही की बारिश में सरकारी अस्पतालों की छतें टपक रही हैं, वार्डों में पानी भरा पड़ा है। अस्पताल परिसर कीचड़ और पानी से भरा हुआ है। यहां पनपने वाले मच्छरों की जानकारी सीएचओ किसको देंगे। लगातार मच्छर बढ़ रहे है। डेंगू के साथ-साथ मलेरिया मरीजों की संख्या बढ़ रही है। बारिश होने की वजह से सड़कों पर झाड़ू नहीं लग पाती, कचरो के ढेर जहां तहां लग रहे है जिससे और मच्छर बढ़ रहे हैं। पिछले दिनों हुई बारिश के बाद कई स्थानों पर खुले प्लाटो में गड्ढों में पानी भरा हुआ है। ऐसे स्थल चिन्हित नहीं किए जा रहे है और न ही यहां पर मलेरिया निरोधक दवाओं का छिड़काव भी नहीं हो पा रहा हैं। मच्छरों की सेना जमकर पनप रही हैं। शहर के निजी अस्पतालों की ओपीडी मलेरिया पीडितों से भरी पड़ी है। सरकारी अस्पतालों में भी मलेरिया पीड़ित मरीज पहुंच रहे हैं। वहीं मच्छर जनित अन्य रोग भी फैल रहे हैं। जिसमें तरह-तरह के मलेरिया के साथ-साथ डेंगू मच्छर भी हमला कर रहे है। अभी से कोई ऐतिहयाती कदम नहीं उठाया गया है, जिससे आने वालें समय में स्थिति अनियंत्रित हो सकती हैं। न फागिंग मशीन चल रही है और न ही डीडीटी का दवा का छिड़काव हो रहा है। शहर की तंग बस्तियों जहां बारिश से पानी का भराव होता है और मच्छर पनपते हैं, वहां मैदानी तौर पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जनापेक्षा की जा रही है।

# बंगाल से पानी की खेप लेकर बादल आये

जबलपुर।

**संभाग में भारी वर्षा की चेतावनी**



बंगाल की खाड़ी से उठे मानसूनी बादल राजस्थान के रास्ते मध्यप्रदेश में आ चुके हैं। मानसून की आमद से झमाझम बारिश ने शहर को तरबतर कर दिया है। अगले 24 घंटों के दौरान जबलपुर में भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है। हवा के कम दबाव का क्षेत्र बनने से बारिश का सिलसिला शुरु हुआ। रुक-रुक कर बारिश हुई। तापमान की बढ़त जरुर रुकी लेकिन गर्मी और उमस ने पीछा नहीं छोड़ा।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार बंगाल की खाड़ी से बना मानसून का नया सिस्टम छत्तीसगढ और मध्यप्रदेश में सक्रिय है। जिसके प्रभाव से यहां जोरदार बारिश होगी। पिछले 24 घंटों से मानसून सक्रिय है और अगले 24 घंटों तक मानसून अपनी सक्रियता बनाये रखेगा। जिले में शानदार वर्षा होगी। मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 29.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री कम और न्यूनतम तापमान 24.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 85 प्रतिशत और सायंकाल 76 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.29 मिनिट पर और सूर्यास्त सायं 7.00 मिनिट पर हुआ। पिछले 24 घंटों के दौरान 01.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 202.6 मिमी दर्ज की जा चुकी है। जबकि गत वर्ष आज के दिन तक कुल वर्षा 257.0 मिमी दर्ज की जा चुकी थी। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 31.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.07 डिग्री दर्ज किया गया। दक्षिण हवाएं 5 से 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। अगले 24 घंटों के दौरान जिलें में कही-कहीं वर्षा या गरज चमक के साथ बौछारे की संभावना है संभाग के अनेक स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछारे पड़ने और कहीं कही वज्रपात के साथ झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है।

# एमपी एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट व आयुष्मान योजना का लाभ दें

## स्टेट बार प्रतिनिधिमंडल से मुख्यमंत्री से मुलाकात कर रखी मांग

- अधिवक्ता चेम्बर्स को लेकर भी सहयोग पर दिया गया बल
- स्वास्थ्य बीमा व पेंशन योजना भी लागू करने का प्रस्ताव रखा

**जबलपुर** । प्रदेश के सवा लाख वकीलों की सर्वोच्च संस्था एमपी स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन राधेलाल गुप्ता व वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल राजधानी भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव से मिला। इस दौरान एमपी एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट शीघ्र लागू करने के अलावा अधिवक्ताओं को आयुष्मान योजना, स्वास्थ्य बीमा व पेंशन योजना का लाभ देने की मांग रखी गई। साथ ही नवीन स्टेट बार भवन में अधिवक्ता चेम्बर्स के लिए आर्थिक सहयोग पर भी बल दिया गया। मुख्यमंत्री ने सभी मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री से मिलने गए प्रतिनिधिमंडल में स्टेट बार के पूर्व चेयरमैन व सदस्य डा. विजय कुमार चौधरी, को-चेयरमैन राजेश व्यास भी शामिल थे। वाइस चेयरमैन सैनी ने बताया कि मुख्यमंत्री को स्टेट बार के नवीन भवन के 20 जुलाई, 2024 को निर्धारित शिलान्यास समारोह में शामिल होने आमंत्रित किया गया। आमंत्रण को लेकर मुख्यमंत्री ने सहमति प्रदान कर दी। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कहा कि मैं स्वयं अधिवक्ता हूं, अतः वकीलों के दर्द को गहराई से समझता हूं। उनकी समस्याओं को दूर करने हर संभव प्रयास करूंगा। अधिवक्ता कल्याण संबंधी स्टेट बार का कोई भी प्रकल्प बाधित न होने पाए, इस दिशा में ठोस कदम उठाऊंगा।

### ग्रीष्म कालीन मूंग और उड़द के खरीदी को लेकर कलेक्टर ने ली उपार्जन समिति की बैठक

**जबलपुर।** समर्थन मूल्य पर किसानों से ग्रीष्म कालीन मूंग और उड़द की खरीदी प्रक्रिया के सुचारू संचालन को लेकर आज संपन्न हुई जिला उपार्जन समिति की बैठक में कलेक्टर दीपक सक्सेना ने खरीदों केंद्रों पर किसानों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। श्री सक्सेना ने कहा कि मूंग और उड़द का उपार्जन एफएक्यू मापदंड के अनुरूप और पंजीकृत किसानों से स्लॉट बुक कराने पर ही किया जाये। उन्होंने कहा कि किसानों को भी सलाह दी जाये कि वे अपनी मूंग और उड़द स्लॉट बुक कराने के बाद ही खरीदी केंद्रों पर लेकर आयें, ताकि उन्हें किसी तरह की कठिनाई का सामना न करना पड़े। कलेक्टर ने साफ शब्दों में कहा कि उपार्जन में किसी भी तरह की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। यदि कहीं भी ऐसा दिखाई दिया या इस प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुई तो दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही होगी। कलेक्टर श्री सक्सेना ने बैठक में उपार्जन से जुड़े अधिकारियों को स्पष्ट हिदायत दी कि मूंग और उड़द के उपार्जन के लिये बनाये गये खरीदी केंद्रों में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को प्रवेश न दिया जाये। उन्होंने कहा कि किसानों से उपार्जित मूंग एवं उड़द को गोदामों में डबल लॉक की प्रक्रिया अपनाई जाये। प्रत्येक दिन उपार्जन का कार्य पूरा होने पर भंडारगृह निगम के अधिकारी गोदाम के अंदर रखे गये स्टॉक को सील करेंगे और बाहर गोदाम मालिक गोदाम को लॉक करेगा। बैठक में बताया गया कि किसानों से समर्थन मूल्य पर ग्रीष्म कॉलीन मूंग और उड़द के उपार्जन के लिये जिले में 21 गोदाम स्तरीय केंद्र बनाये गये हैं। इन केंद्रों पर 31 जुलाई तक किसानों से मूंग और उड़द का उपार्जन किया जायेगा। सभी खरीदी केंद्रों के सभी समिति प्रबंधक, गोदाम प्रबंधक, उपार्जन केंद्र के नोडल अधिकारी तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर भी मौजूद थे।

## विभिन्न संगठनों ने महापौर को ज्ञापन सौंपकर की जांच की मांग

# बारिश में तबाही मचा सकतें हैं यूनिपोल व होर्डिंग

जबलपुर।

गत दिवस तेज हवा में करौंदा में गिरे यूनिपोल की घटना से सबक लेकर नियमों का घोर उल्लंघन कर शहर में जगह-जगह लगाए गए यूनिपोल होर्डिंग की जांच की जाए तथा उन्हें तत्काल हटाया जाए। न्यायालय द्वारा टेण्डर की निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बावजूद भी लगाए गए अवैध 40 यूनिपोल क्यों नहीं हटाए गए, इसकी जांच कर, दोषियों पर कार्रवाई की जाए। वर्षा ऋतु प्रारंभ हो गई है, हवा में झूलते हुए लगे यूनिपोल तथा होर्डिंग आंधी तूफान में गिरकर तबाही मचा सकते है। इससे नागरिक सुरक्षा के साथ खिलवाड़ होगा। यह ज्ञापन नागरिक उपभोक्ता मंच, भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन, पेंशनर्स समाज तथा महिला समिति आदि विभिन्न संगठनों ने मंगलवार को महापौर को सौंपा।

### आदेश के बाद भी एक भी होर्डिंग नहीं हटा



ज्ञापन में कहा गया है कि निगमायुक्त के 21 जून के आदेश को 10 दिन बीतने के बावजूद भी एक भी यूनिपोल होर्डिंग को हटाया नहीं गया है। आयुक्त ने आदेश जारी कर जांच का प्रतिवेदन जरुर मांगा लेकिन उसमें उन यूनिपोल होर्डिंग को छोड़ दिया गया, जिन्हें नियम विरुद्ध लगने के बावजूद भी लगाने की अनुमति दी गई है। इस आदेश को मंच ने भ्रामक तथा अपूर्ण बताया है। गोहलपुर के यूनिपोल हटाए गए यह जानकारी दी गई थी, किन्तु यह सूचना भी गलत निकली।

### जांच समिति गठन का आश्वासन

महापौर ने चर्चा के उपरांत बताया कि शीघ्र ही यूनिपोल होर्डिंग की जांच हेतु समिति गठित की जाएगी तथा सभी की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसकी भी जांच की जाएगी कि टेण्डर की समय सीमा खत्म होने के बावजूद भी यूनिपोल क्यों नहीं हटाए गए।

इस अवसर पर डॉ.पीजी नाजपांडे, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, टीके रायघटक, डीके सिंह, उमेश दुबे, जीपी विश्वकर्मा, सुशीला कनौजिया, उमा दाहिया, अनीता कुशवाहा, सुभाष चंद्रा, पीएस राजपूत, एच विश्वकर्मा, संतोष श्रीवास्तव, आरके कटियार, एके नामदेव, आनंद शुक्ला, एचएल जांगरे, एड.बृजेश साहू, अर्जुन चेतराम, एनडी सोनकर, लखन लाल आदि उपस्थित थे।

दो निर्दलीय को खर्च का ब्यौरा पेश करने 4 जुलाई तक मोहलत

# चुनाव व्यय लेखे पर किसी ने आपत्ति नहीं उठाई



**जबलपुर।** अठारहवीं लोकसभा के लिये हुये आम निर्वाचन में जबलपुर संसदीय क्षेत्र से चुनावी मैदान में उतरे 19 में से 17 अभ्यर्थियों ने अपने निर्वाचन व्यय का अंतिम लेखा जिला निर्वाचन कार्यालय के एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल के समक्ष दाखिल कर दिया है। निर्वाचन कार्यालय द्वारा खर्च का अंतिम ब्यौरा अभी तक नहीं देने वाले दो निर्दलीय अभ्यर्थियों पूर्णेश कुमार जैन एवं स्वतंत्र समाज सेवी विनय चक्रवती को 4 जुलाई तक इसे हर हाल में जमा करने पत्र प्रेषित किया जा रहा है। यह जानकारी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुव्त व्यय प्रेक्षक राजेश ओझा की मौजूदगी में आयोजित लेखा समाधान बैठक में दी गई। कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई इस बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र सिंह, जिला निर्वाचन कार्यालय के एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल के नियंत्रक अधिकारी रोहित सिंह कौशल, नोडल अधिकारी एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल अजय सामदेकर एवं सभी सहायक व्यय प्रेक्षक मौजूद थे। लेखा समाधान बैठक का आयोजन भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत निर्वाचन व्यय लेखे में दर्शाई गई विवादित मदों के समाधान को लेकर आयोजित की गई थी। जबलपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सभी अभ्यर्थी या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों को इसमें बुलाया गया था। बैठक में किसी भी लेखों के संबंध में कोई भी आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गई। बैठक में जहाँ अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत किये गये अंतिम निर्वाचन व्यय लेखों को मान्य किया गया, वहीं अभ्यर्थियों ने भी एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल द्वारा शेडो रजिस्टर में विभिन्न मदों में दर्ज किये गये निर्वाचन व्ययों को मान्य किया। बैठक में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव के अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय का लेखा चुनाव परिणाम घोषित किये जाने के 30 दिन के भीतर अर्थात 4 जुलाई तक जमा करना होगा। इस तारीख तक यदि कोई अभ्यर्थी निर्वाचन व्यय के लेखा दाखिल करने में असफल रहता है तो उसे तीन वर्ष की कालावधि के लिये चुनाव लड़ने के लिये अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा, साथ ही भारतीय दण्ड संहिता 1860 के प्रावधानों के तहत 500 रुपये के अर्थदण्ड से दंडित भी किया जा सकेगा। जिला निवार्चन कार्यालय के एक्सथपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल के मुताबिक लोकसभा के आम निर्वाचन में जबलपुर संसदीय क्षेत्र के 19 अभ्य र्थियों में से जिन 17 अभ्यर्थियों द्वारा चुनाव खर्च का अंतिम ब्युरा प्रस्तु त किया गया है उनमें भारतीय जनता पार्टी के आशीष दुबे द्वारा 44 लाख 68 हजार 303 रूपये, इंडियन नेशनल कॉंग्रेस के दिनेश यादव द्वारा 33 लाख 20 हजार 138 रूपये, भहुजन समाज पार्टी के श्री राकेश चौधरी द्वारा 5 लाख 14 हजार 270 रूपये, रार्ष्ट्र निर्माण पार्टी केअशोक राणा द्वारा 1 लाख 13 हजार 251 रूपये, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के अधिवव्ता उदय कुमार साहू द्वारा 2 लाख 33 हजार 390 रूपये, भारतीय शव्ति चेतना पार्टी के जगदीश प्रसाद लोधी द्वारा 2 लाख 28 हजार 689 रूपये, आदिम समाज पार्टी के दसई राम कोल द्वारा 40 हजार 800 रूपये, बहुजन अवाम पार्टी के श्री रामकुमार पासी द्वारा 32 हजार 283 रूपये, राष्ट्री य समाज दल (आर) के लालसिंह द्वारा 44 हजार 107 रूपये एवं सोशलिस्ट् यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कॉम्युपनिस्टज) के कॉमरेड सचिन जैन द्वारा 76 हजार 685 रूपये तथा निर्दलीय अभ्यार्थी गुलाब सिंह द्वारा 56 हजार 286 रूपये, डॉ. ढाई अक्षर द्वारा 12 हजार 500 रूपये, दिनेश यादव द्वारा 81 हजार 673 रूपये, इंजी. प्रवीण गजभिये 'दादा' द्वारा 66 हजार 818 रूपये, महावीर जैन द्वारा 3 लाख 56 हजार 277 रूपये, फौजी विजय हल्ददकार (पूर्व सैनिक) द्वारा 1 लाख 31 हजार 112 रूपये एवं संतोष कुमार कुशवाहा द्वारा 33 हजार 282 रूपये की राशि चुनाव अभियान पर खर्च करना बताई गई है।

## जबलपुर को साक्षर करने दिया गया विकासखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण



**जबलपुर।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के आदेश एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जबलपुर के निर्देशानुसार प्रदेश में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत असाक्षरों को साक्षर करने हेतु मंगलवार को कार्यालय जनपद शिक्षा केंद्र जबलपुर नगर-1 विकासखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में नगर के सभी संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक व जनशिक्षक सम्मिलित हुए। प्रशिक्षण सुबह 10.30 से सायं 5.30 बजे तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मोबाईल NILP MP के संबंध में आनलाईन दिखाकर जानकारी दी गई जिसमें एप का संचालन, असाक्षरों का पंजीयन,अक्षर साथियों का सत्यापन,असाक्षरों की प्रवेशिका पुस्तक अक्षर पोथी, ,जबलपुर में वार्डवार असाक्षरों की संख्या का आनलाइन प्रदर्शन, नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का उद्देश्य, क्रियान्वयन आदि पर प्रशिक्षण दिया गया। RSKपोर्टल में असाक्षरों को विद्यालयवार प्रदर्शन आदि दिखाकर प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण के प्रारंभ में उल्लास कार्यक्रम के संबंध में प्री टेस्ट व बाद में पोस्ट टेस्ट लिया गया। विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक डी.सी. अहिरवार ने प्रशिक्षण देते हुए कहा कि सभी लोग भारत को साक्षर करने में अपनी भूमिका दिल से निभाएं, जिससे भारत एक विकसित राष्ट्र बन सके। प्रशिक्षण के.पी.दुबे विकासखण्ड सह समन्वयक साक्षरता जबलपुर नगर-1 एवं श्वेता श्रीवास्तव विकासखण्ड अकादमिक समन्वयक जबलपुर नगर-1 द्वारा दिया गया।

## जैन महिला परिषद ने रक्तदान शिविर में 20 यूनिट रक्त एकत्र किया



**सिहोरा।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद पार्श्वनाथ शाखा सिहोरा के द्वारा संरक्षिका श्रीमती किरण जैन, डॉ राजकुमार जैन की क्लिनिक में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विक्टोरिया जिला चिकित्सालय की टीम में शामिल सतीश बर्मन, जे पी सेन, राजेंद्र गुप्ता,योगेंद्र दतले एवं शाहरुख खान द्वारा अस्पताल की सर्व सुविधायुक्त एसी बस में रक्त परीक्षण कर 20 यूनिट रक्त एकत्र कर ब्लड बैंक में सुरक्षित किया गया। रक्तदान महादान के संकल्प को लेकर जैन महिला परिषद द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में एकत्र हुआ रक्त अनेक मरीजों के जीवन की रक्षा करने में मददगार होगा उक्ताशय के विचार परिषद की अध्यक्ष जयश्री जैन ने व्यक्त किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में जैन समाज के अध्यक्ष सुधीर जैन, अरुण जैन, अरुण सिंघई, नवीन जैन एवं परिषद की सचिव रानी जैन, कोषाध्यक्ष सारिका जैन, निशा जैन, किरण जैन, विजया जैन, सुधा, अनिता जैन, संगीता जैन, नीतू सिंघई, संध्या, जैन, ऊषा, प्रज्ञा, नीतू, रूपाली का सराहनीय योगदान रहा।

## विद्यार्थियों को मिली अग्नि वीर योजना की जानकारी



**जबलपुर।** शासकीय महाकौशल कॉलेज एव जिला रोजगार कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में अग्निवीर वायु सेना भर्ती हेतु जूम मीटिंग के (वीडियो कांफ्रेंसिंग) माध्यम से आवश्यक जानकारी वायुसेना भर्ती कार्यालय भोपाल के अधिकारियों द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। भारतीय वायु सेना (अग्निवीर) के लिए आवेदन हेतु विज्ञापन जारी किया गया है जिसमे ऑनलाईन आवेदन 8 जुलाई 2024 से 28 जुलाई 2024 तक किया जाना है। ऐसे युवा जिनका जन्म 3 जुलाई 2004 से 3 जनवरी 2008 के मध्य हुआ है, आवेदन करने के लिए पात्र है। शैक्षणिक योग्यता संबंधी जानकारी विज्ञापन या भारतीय वायु सेना भर्ती की उपरोक्त वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। संबंधित लिंक एम. पी. रोजगार पोर्टल पर भी उपलब्ध है। इस अवसर पर प्रो.अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी एम एस मरकाम उपसंचालक सतीश कवडे रोजगार अधिकारी जिला रोजगार कार्यालय एव विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# बीएसएनएल कर्मचारियों ने किया हल्ला-बोल प्रदर्शन



**जबलपुर।** बीएसएनएल एम्प्लाईज यूनियन जबलपुर के नेतृत्व में बीएसएनएल के कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ताओं की समस्या एवं कर्मचारी विरोधी नितियों के खिलाफ भोजनावकाश में जंगी प्रदर्शन किया गया। बीएसएनएल जबलपुर में संचार सेवाओं में सुधार एंव कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर बीएसएनएल जबलपुर के कर्मचारियों ने प्रबंधन के विरोध में जमकर नारेबाजी की गई। बीएसएनएल प्रबंधन की तानाशाही, वादाखिलाफी एवं अन्याय के खिलाफ सैकडों कर्मचारी प्रदर्शन में शामिल हुऐ।

कर्मचारियों की मांग है कि बीएसएनएल की मार्केटिंग एवं उपभोक्ताओं की सुविधाओं पर ध्यान दिया जाये, बीएसएनएल के मोबाईल नेटवर्क को मजबूत किया जाये, उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निराकरण किया जाये,विभागीय कॉलोनियों के आवासों की मरम्मत एवं रख-रखाब सुनिश्चित किया जाए, नियम विरूद्ध एवं पक्षपात पूर्ण स्थानांतरण बंद किए जाए, आदि की मांग राघवेन्द्र अजरिया, रेखा पासी, राजकुमारी बाई, रितु वर्मा, विमला बाई, लक्ष्मी डेहरिया, वंशिका सोनी, मुन्नी बाई, मुन्नी बाई रातपूत, भागवती रैकवार, सावित्री रघुवंशी, मधुदेवी यादव, रेखा खिरवरकर, मीना रैकवार, रजनी रैकवार, साधन बाई, आशा दाहिया, गीता बाई, दिनेश यादव, अभिषेक गोंटिया आदि ने की है।

### लायंस के नये सत्र के शुभांरभ पर डॉक्टर एवं सी.ए. का किया सम्मान

**जबलपुर।** लायंस इंटरनेशनल के वरिष्ठ क्लब लायंस क्लब जबलपुर के नये सत्र का शुभारंभ श्री गणेश मंदिर में पूजा करके प्रारंभ किया तत्पश्चात 25 पौधों का वृक्षारोपण किया गया, डॉक्टर एवं सी.ए.दिवस पर 8 डॉक्टर एवं 2 सी.ए. डॉ अरुण जैन,डॉ नवीन कोठारी, डॉ रीना कोठारी, डॉ सुशील त्रिपाठी, डॉ नवीन शर्मा, डॉ शुभाली शर्मा, डॉ सिद्धार्थ बरडिया, डॉ मृगेशा बरडिया, सीए प्रिया शाह, सीए पूर्वा अग्रवाल को पौधा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया साथ ही सदस्यों को जल संरक्षण एवं पर्यावरण संबंधी जानकारी दी गई। 3 माह वृक्षारोपण के कार्यक्रम किए जाएँगे ,कार्यक्रम में लायन उमेश जैन, लायन प्रबोध तिवारी, लायन दीपक पोपट, लायन हरिभाई पटेल, क्लब अध्यक्ष लायन अंकिता जैन, सचिव लायन भूमिका पटेल, कोषाध्यक्ष लायन मीता पोपट, लायन मनीषा सोनी, लायन स्वेता तिवारी, हर्निश शाह ,मंजुला शाह, हेतल शाह की उपस्थिति रही।

राहुल गांधी की इस तरह से बयानबाजी से हिन्दुओं की आस्था पर ठेस

# हिन्दुओं को हिंसक बोलने पर राहुल गांधी का जला पुतला



**जबलपुर।** देश की संसद में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के द्वारा हिंदुओं को हिंसक बोलकर अभद्र टिप्पणी की एवं संपूर्ण हिंदू समाज को अपमानित किया। ऐसा कहना भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का है, जिन्होंने प्रदर्शन कर राहुल गांधी के पुतले को सडक़ पर घुमाया और पुतले का दहन किया। इस दौरान तमाम पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि राहुल गांधी इस तरह से अर्नगर्ल बयानबाजी से हिन्दुओं की आस्था पर ठेस पहुंचाते हैं, जिनके विरुद्ध कार्यवाही होना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा सुभाष चंद्र बोस मंडल अध्यक्ष वरुण सिंह, एमआईसी सदस्य विवेक राम सोनकर, पार्षद विमल राय, सुभाष शुक्ला, मनीष अग्रहरि, चित्रकांत शर्मा, पिंटू पटेल, अरविंद भार्गव, सतीश साहू, अजय अधिकार, पहलाद राजपूत, सुदीप सिंह, ललित नागले, मुकेश रजक, मुकेश कोरी, शुभम गुप्ता, लक्ष्मीकांत तिवारी, पुरुषोत्तम दहिया, कुंवर आदि मौजूद रहे।

## अमरनाथ यात्रा पर जत्था रवाना

**जबलपुर।** श्री शिव सेवक समिति का 125 जत्था जिनमें 15 महिलाएं भी शामिल हैं। मंगलवार को अमरनाथ यात्रा पर रवाना हुआ। यह जत्था वर्ष 2004 से लगातार बाबा बर्फानी को माँ नर्मदा का जल एवं त्रिशूल भेंट करने जाता है। जत्थे में शामिल भव्तों का स्वागत महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, एवं सिद्ध गणेश मंदिर के संस्थापक महंत रामबहादुर महाराज द्वारा सभी भव्तों को तिलक एवं अंग वस्त्र भेंट कर यात्रा के लिए रवाना किया। रवानगी के समय बम-बम भोले एवं शंख और घंटों से स्टेशन गूंज उठा। जत्थे में राजकुमार सिंगरहा, मनीष जैन, विवेक कुशवाहा, नरेश उपाध्याय, मुकेश सोनी, सुनील पटेल, बृजेश शर्मा, आशीष चौबे, सुमित चौहान, पप्पू पटेल, देवेंद्र व्यास, दिलीप, अनिल, सूरजभान आदि सम्मिलित हैं।

## ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत

**जबलपुर।** बरेला थाना अतंर्गत आनंद ढाबा के पास एक ट्रक ने एक स्कूटी को टक्कर मार दी, जिसमें सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामलें को जांच में लिया है। बरेला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गुड़गवां पनागर निवासी 24 वर्षीय रवि बर्मन गत रात स्कूटी से अपने मामा के घर पिपरिया जा रहा था, जैसे ही वह आनंद ढाबा के पास पहुंचा, तभी ट्रक क्रमांक आरजे 05 जीबी 4880 के चालक ने रवि की स्कूटी में टक्कर मार दी, जिससे रवि को गंभीर चोटें आ गई। रवि को एंबुलेंस से उपचार के लिए मेडीकल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार दौरान देर रात 2 बजे रवि की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम मामलें की जांच कर रही है।

## घर का दरवाजा तोड़कर मोबाइल और जेवर चोरी

**जबलपुर।** चरगवां थाना अतंर्गत छपरा में एक घर का दरवाजा तोड़कर अज्ञात चोर मोबाइल व सोने का मंगलसूत्र चोरी कर ले गया। चरगवां पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार छपरा रोड निवासी 20 वर्षीय सरमन ठाकुर गत रात में सपरिवार सो गया था। दूसरे दिन सुबह 6 बजे सोकर उठा तो देखा कि उसके घर के सामने का दरवाजा टूटा था। घर में रखा उसका मोबाइल रीयलमी कंपनी का और उसकी पत्नी का मंगलसूत्र अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) भारतीय न्याय संहिता का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## स्टेशन से लौट रहे वेंडर को रास्ते में रोककर चाकू मारा

**जबलपुर।** सिविल लाईन थाना अतंर्गत बर्न कंपनी गेट के पास दो बदमाशों ने एक वेंडर को जबरदस्ती रोका और उससे शराब पीने के लिए रुपए की मांग करने लगे, रुपए नहीं मिलने पर दोनों ने वेंडर के साथ गालीगलौज कर चाकू से हमला कर दिया।



सिविल लाईन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार हाट बाजार घमापुर निवासी 27 वर्षीय वेंडर आशीष कुमार विश्वकर्मा गत रात अपने साथी शंकर कोल के साथ रेलवे स्टेशन से घर लौट रहा था। रात लगभग 12.30 बजे बर्न कंपनी गेट के पास अमित और हेमंत मिले और दोनों ने जबरदस्ती रोककर उससे शराब पीने के लिए रुपए मांगने लगे, मना करने पर दोनों गालीगलौज करते हुए मारपीट करने लगे। हेमंत ने चाकू से आशीष पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। उसके दोस्त शंकर ने बीच बचाव किया तो रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 126(2), 119(1), 296, 115(2), 118(1), 3(5) भारतीय न्याय संहिता का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## थर्ड फ्लोर के कमरे में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या

**जबलपुर।** ओमती थाना अतंर्गत गुलमोहर अपार्टमेंट एस 1 के थर्ड फ्लोर के कमरे में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामलें की जांच कर रही है। ओमती पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार खितौली पोस्ट बेड़ा जिला पिथोरागढ़ जिला उत्तराखंड निवासी 21 वर्षीय नवीन सिंह इण्डियन सैफ में काम करता था। गत दिवस 9.15 बजे गुलमोहर अपार्टमेंट एस 1 के थर्ड फ्लोर के कमरे में दुपट्टे से फांसी लगाकर नवीन ने आत्महत्या कर ली।




**श्री विनोद विश्वकर्मा-** जहांगीराबाद राइट टाउन निवासी श्री विनोद विश्वकर्मा (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दयावंती आहूजा-** नर्मदा हिल्स अवधपुरी कॉलोनी ग्वारीघाट निवासी श्री रघुवीर आहूजा की धर्मपत्नी श्रीमती दयावंती आहूजा (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**कु. रंजना कोरी-** मदनमहल गुलजार के पीछे निवासी श्री अनिल कोरी की पुत्री कु. रंजना कोरी (19) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ज्वाला प्रसाद बर्मन-** करियापाथर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री ज्वाला प्रसाद बर्मन (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री ओम प्रकाश श्रीवास्तव-** रेलवे कॉलोनी रेलवे स्टेशन के पास निवासी श्री ओम प्रकाश श्रीवास्तव (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अरविंद पटेल-** गोरखपुर शारदा टाकीज के सामने निवासी श्री मुन्ना लाल पटेल के पुत्र श्री अरविंद पटेल (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती प्रभा साहू-** कृष्णा कॉलोनी त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री कृष्ण कुमार साहू की धर्मपत्नी श्रीमती प्रभा साहू (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती किरन वर्मा-** आचार्य विनोबा भावे वार्ड कांचघर निवासी श्री राजू वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती किरन वर्मा (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रूद्राक्ष सराफ-** यादव कॉलोनी कमला नेहरू नगर निवासी श्री सुरेश कुमार सराफ के पुत्र श्री रूद्राक्ष सराफ (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नानक खत्री-** गली नं. 18, शांति नगर दमोहनाका निवासी श्री नानक खत्री (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती सुधा खेमरिया-** न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री अशोक खेमरिया की धर्मपत्नी श्रीमती सुधा खेमरिया (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

# महिंद्रा स्कॉर्पियो-एन में जल्द मिलेंगी नई आरामदायक सुविधाएं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाहन निर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा अपनी सबसे ज्यादा बिकने वाली एसयूवी स्कॉर्पियो-एन में नई सुविधाओं की पेशकश की है। ये फीचर्स हाई-एंड जेड 8 सिलेक्ट, जेड 8 और जेड 8 एल वेरिएंट में उपलब्ध होंगे। अतिरिक्त सुविधाओं के अलावा, महिंद्रा ने सभी जेड 8 वेरिएंट पर मिडनाइट ब्लैक रंग पेश किया है। इससे पहले, यह केवल जेड8 सिलेक्ट वेरिएंट पर उपलब्ध था। डीलर सूत्रों के अनुसार, जेड8 वेरिएंट की रेंज के लिए नई कीमतें जल्द घोषित होंगी, जो मौजूदा से थोड़ी ज्यादा होगी।



### मौजूदा मॉडल से ज्यादा होगी कीमत

*स्कॉर्पियो-एन में एक 2-लीटर, टर्बो-पेट्रोल इंजन मिलता है, जो 200बीएचपी की पावर और 370 एनएम का टॉर्क पैदा करता है। दूसरा 2.2-लीटर डीजल इंजन अधिकतम 172 बीएचपी की पावर और 400एनएम का टॉर्क जनरेट करने में सक्षम है।*

### एक्सयूवी 3 एक्सओ के जैसा है आईआरवीएम

*महिंद्रा स्कॉर्पियो-एन में अब ऑटो-डिमिंग आईआरवीएम और सीट्स के लिए कूलिंग फंक्शन के साथ एक वायरलेस चार्जर की सुविधा दी है। हाल ही में सामने आई तस्वीरों में टॉप-स्पेक जेड 8 एल ट्रिम पर फ्रेमलेस ऑटो-डिमिंग आईआरवीएम नजर आए हैं, जो महिंद्रा एक्सयूवी 3एक्सओ के समान दिखते हैं। वेंटिलेशन फंक्शन आगे और पीछे दोनों सीट्स के लिए दिया गया है।*

## निसान एक्स-ट्रेल के डिजाइन की मिली झलक, कंपनी ने जारी किया टीजर



*नई दिल्ली। कार निर्माता निसान 17 जुलाई को भारत में एक्स-ट्रेल एसयूवी को लॉन्च कर सकती है। इससे पहले कंपनी ने एक टीजर जारी कर गाड़ी के डिजाइन की झलक दिखाई है। वीडियो में फ्रंट फेसिया दिखाया गया है, जिसमें शीर्ष पर स्थित स्लीक एलईडी डीआरएलएस के साथ स्प्लिट हेडलैंप सेटअप का खुलासा किया है। इसके अलावा ग्रिल को क्रोम सराउंड के साथ ब्लैक-आउट ट्रीटमेंट मिलता है, वहीं अलॉय व्हील डिजाइन से इसके टेनका या टेनका+ वेरिएंट होने के संकेत मिलते हैं।*

## दुनिया की पहली सीएनजी बाइक सहित इस माह डेब्यू कर रहीं 8 स्टाइलिश मोटरसाइकल

*नई दिल्ली। जुलाई के महीने में कई स्टाईलिश बाइक से लेकर सिंपल बाइक लॉन्च होने वाली है। इस लिस्ट में हीरो, लैमब्रेटा, इंडियन, सुजुकी और होंडा की शानदार बाइक शामिल हैं। इन ब्रांड्स की बाइक 5 से 20 जुलाई को एंट्री लेने वाली है। दरअसल, जुलाई में भारत की सबसे बड़ी बाइक मैन्युफैक्चरिंग कंपनियां हीरो से लेकर सुजुकी तक अपने नए मॉडल्स लॉन्च करने वाली है। भारतीय बाजार में इस महीने लगभग आठ बाइक आ सकती हैं।*

### दुनिया की पहली सीएनजी बाइक आएगी 5 को

*टू- व्हीलर बनाने वाली कंपनी बजाज ऑटो अपनी पहली सीएनजी बाइक 5 जुलाई को लॉन्च करने वाली है। बजाज ऑटो ने बीते महीने ही बजाज फाइटर और ब्रूजर दो नाम को ट्रेडमार्क कराए थे। इन्हीं दो में से एक नाम कंपनी की अपकमिंग सीएनजी बाइक का नाम हो सकता है।*



### रॉयल इनफील्ड गोरिल्ला 450



*रॉयल एनफील्ड की भी एक और नई बाइक भारतीय बाजार में लॉन्च होने वाली है। बाइक का नाम है रॉयल इनफील्ड गोरिल्ला 450 और ऐसा माना जा रहा है कि जुलाई में ही कंपनी इस बाइक को लॉन्च करेगी।*

### बेनिली की बाइक की लांचिंग 10 को

बेनिली की लेनिनिओ 800 हैवी बाइक है, जिसकी कीमत 8 से 9 लाख के बीच रहने वाली है। यह 10 जुलाई को भारतीय बाजार में लॉन्च होती है। इसमें 754 सीसी का इंजन लगा मिल सकता है।



### होंडा की इलेक्ट्रिक बाइक का डेडयू 15 को



होंडा की पीसीएक्स इलेक्ट्रिक बाइक 15 जुलाई को भारतीय बाजार में आ रही है। इसकी कीमत 1.45 हजार के आसपास हो सकती है। वहीं, इस बाइक बैटरी की कैपिसिटी 20.8 एएच है। यह बाइक सिंगल चार्ज में 100 से 150 किलोमीटर की दूरी तय कर सकती है। इस चार्ज में 5 से 7 घंटे का समय लग सकता है।

### हॉण्डा की रिबेल पेश होगी 15 को

होंडा रिबेल 300 15 जुलाई को भारतीय बाजार में आ सकती है। इसकी कीमत 2.3 लाख रुपए तक हो सकती है। इसमें 286 सीसी का इंजन मिलेगा, जो 30 किमी प्रति लीटर एवरेज देगी।



### इंडियन स्काउट भी होगी जल्द ही लॉन्च



इंडियन स्काउट बॉबर 16 जुलाई को लॉन्च होगी। इस बाइक की कीमत 12 लाख रुपए हो सकती है। इसमें 1000 सीसी का इंजन लगा है, जो 25 किमी प्रति लीटर का माइलेज देगी।

### हीरो का ये मॉडल आएगा 17 जुलाई को

हीरो 450 एडीवी के 17 जुलाई को लॉन्च होगी। इसकी कीमत दो लाख रुपए से ज्यादा हो सकती है। इसकी टॉप स्पीड 150 किमी प्रति घंटा होगी। वही इसमें 450 सीसी का इंजन लगा हुआ है। यह 25 किलोमीटर प्रति लीटर का माइलेज दे सकती है।




### होंडा की बाइक आएगी 20 जुलाई को

होंडा का नया मॉडल सीबीओफ भारतीय बाजार में 20 जुलाई को आएगी। इसकी कीमत एक लाख रुपए तक हो सकती है। इसमें 124 सीसी का इंजन मिल सकता है। इसमें 40 किलोमीटर प्रति लीटर का एवरेज मिल सकता है। लैमब्रेटा वी125 एक स्कूटर 20 जुलाई को लॉन्च होगी। ये स्कूटर एक लाख रुपए मिल सकती है। इसमें 124 सीसी का इंजन लगा हुआ है।



## खबर संक्षेप



### गोदरेज प्रॉपर्टीज ने बेंगलुरू में बेचे 2,000 से ज्यादा फ्लैट

**नई दिल्ली।** गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने आवासीय संपत्तियों की मजबूत मांग के बीच बेंगलुरू में अपनी नई आवासीय परियोजना में 3,150 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 2,000 से ज्यादा मकान बेचे हैं। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसने बेंगलुरु के व्हाइटफील्ड-बुडिगेरे क्रॉस स्थित 'गोदरेज वुडस्केप्स' परियोजना में 3,150 करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री बुकिंग हासिल की है।


### टीडी पावर सिस्टम्स को मिला 92.8 लाख डॉलर का ठेका

**नई दिल्ली।** टीडी पावर सिस्टम्स को एक प्रमुख अमेरिकी मूल उपकरण विनिर्माता कंपनी से गैस टरबाइन जनरेटर के लिए 92.8 लाख अमरीकी डॉलर का ठेका मिला है। कंपनी ने बीएसई को दी सूचना में बताया कि इन जनरेटर का इस्तेमाल मुख्य रूप से अमेरिका में 'फ्रैकिंग वेल' में, अमेरिका में कृत्रिम मेधा सर्वर कंपनियों के लिए बिजली आपूर्ति तथा 'बैकअप' के लिए और अन्य अनुप्रयोगों में किया जाएगा।



### नैबफिड ने बॉन्ड के जरिये 5,000 करोड़ रुपये जुटाए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अवसंरचना वित्तपोषण एवं विकास बैंक (नैबफिड) ने कहा कि उसने सूचीबद्ध बॉन्ड जारी करके 5,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। नैबफिड ने शेयर बाजार को बताया कि इस निर्गम को निवेशकों से जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली और कुल 12,287 करोड़ रुपये की बोलियां मिलीं। बॉन्ड को 2,000 करोड़ रुपये के आधार निर्गम के मुकाबले छह गुना अभिदान मिला।



### गैर-शुल्क बाधाओं को निपटाने पोर्टल बना रही सरकार

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय निर्यातकों के सामने आने वाली गैर-शुल्क बाधाओं (एनटीबी) को दर्ज करने और उनके समाधान के लिए संबंधित देशों के साथ बातचीत करने के लिए एक मंच तैयार कर रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा फिलहाल खास तौर पर छोटी वस्तुओं के लिए इन व्यापार बाधाओं से संबंधित सूचना मौजूद नहीं है।

## रिपोर्ट आने के बाद बैंक के शेयर में आई गिरावट

# हिंडनबर्ग ने अडानी के बाद अब कोटक बैंक को लपेटा, निवेशकों में मचा हड़कंप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी शॉर्ट-सेलर फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोप लगाने का सिलसिला जारी है। बीते साल अडानी ग्रुप पर अलग-अलग तरह के दावे के बाद अब हिंडनबर्ग ने कोटक महिंद्रा बैंक को लपेट लिया है। हिंडनबर्ग ने दावा किया कि अरबपति बैंकर उदय कोटक ने बैंक के साथ-साथ ब्रोकरेज कंपनी की स्थापना की और एक अज्ञात निवेशक द्वारा इस्तेमाल किए गए विदेशी फंड की देखरेख की। हिंडनबर्ग ने इस फंड का इस्तेमाल अडानी समूह के शेयरों में गिरावट से लाभ उठाने के लिए किया गया। हालांकि, इस मामले में कोटक महिंद्रा बैंक की ओर से सफाई भी दी गई है।

कोटक बैंक के मुताबिक हिंडनबर्ग कभी कोटक महिंद्रा इंटरनेशनल लिमिटेड का क्लाइंट नहीं रहा है और न ही वह कभी फंड में निवेशक रहा है। वहीं इस मामले में हिंडनबर्ग ने कहा कि उसे 27 जून को सेबी से एक ईमेल मिला तथा बाद में एक कारण बताओ नोटिस भेजा गया जिसमें भारतीय नियमों के संदिग्ध उल्लंघन का उल्लेख था।




### सेबी की नोटिस के बाद खुलासा

हिंडनबर्ग ने जनवरी, 2023 में अडानी समूह पर शेयरों के भाव में हेराफेरी और वित्तीय गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी। इसके बाद अडानी समूह के शेयरों में भारी गिरावट आई थी। इस रिपोर्ट के लिए हिंडनबर्ग को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कारण बताओ नोटिस भी मिला है। हिंडनबर्ग पर अडानी ग्रुप के शेयरों में गिरावट के दौरान कमाई करने के आरोप लगे हैं।

### कारण बताओ नोटिस धमकाने का प्रयास

अब सेबी के कारण बताओ नोटिस को हिंडनबर्ग ने धमकाने का प्रयास बताया है। इसी के साथ कोटक महिंद्रा बैंक को लेकर भी दावा किया है। अमेरिकी कंपनी का दावा है कि हमारे पार्टनर के लिए इसी बैंक ने ऑफशोर फंड स्ट्रक्चर बनाया और उसकी देखरेख की है, जिसका इस्तेमाल करके हमने अडानी के शेयरों को शॉर्ट किया।

कंपनी ने कहा आज तक अदाणी (समूह) हमारी रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों का जवाब देने में विफल रहा है। इसके बजाय उन्होंने हमारे द्वारा उठाए गए हर प्रमुख मुद्दे को नजरअंदाज करते हुए जवाब दिया और बाद में मीडिया में लगाए गए आरोपों का पूरी तरह खंडन किया है।'' उसने कहा कि जनवरी 2023 की रिपोर्ट ने '' (समूह के चेयरमैन) गौतम अदाणी के भाई विनोद अदाणी और करीबी सहयोगियों द्वारा नियंत्रित अपतटीय शेल संस्थाओं के एक विशाल नेटवर्क का सबूत प्रदान किया था।

### बैंक के शेयर क्रैश

*हिंडनबर्ग के आरोपों के बीच कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर क्रैश हो गए। सप्ताह के दूसरे दिन मंगलवार को यह शेयर पिछली क्लोजिंग 1808.75 रुपये के मुकाबले 1736.65 रुपये पर आ गया। यह करीब 3 फीसदी की गिरावट को दिखाता है। शेयर ने मई 2024 में 1,544.15 रुपये के स्तर को टच किया था। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो भी है।*

### अदाणी का मामला गया था सुप्रीम कोर्ट तक

*हिंडनबर्ग ने अदाणी समूह पर शेयरों के भाव में हेराफेरी और वित्तीय गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी। उस समय समूह ने सभी आरोपों से इनकार किया था। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने फैसला सुनाया था कि समूह को अतिरिक्त जांच का सामना करने की जरूरत नहीं है। हालांकि, यह रिपोर्ट आने के बाद अदाणी समूह के शेयरों में 150 अरब डॉलर से अधिक की बिकवाली हुई थी। हालांकि दुनिया के दूसरे सबसे अमीर उद्यमी के रूप में सूचीबद्ध गौतम अडाणी शीर्ष 20 से भी बाहर हो गए। बाद में समूह ने इस नुकसान की काफी हद तक भरपाई की।*

## शेयर बाजार में गिरावट 34 अंक लुढ़का सेंसेक्स निफ्टी भी फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

शेयर बाजार के सेंसेक्स और निफ्टी में 2 जुलाई हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन गिरावट दर्ज हुई है। बाजार बंद होने तक 34 अंक की गिरावट के साथ सेंसेक्स आज 79,441.45 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 18 अंक फिसलकर 24,123.85 अंक पर बंद हुआ। मिडकैप शेयरों में भी आज उतार-चढ़ाव भरा माहौल रहा और निफ्टी मिडकैप 50 बाजार बंद होने तक 128 अंक की गिरावट के साथ 15,711.45 अंक पर बंद हुआ। टॉप गेनर्स में आज गोदरेज प्रोपर्टीज, मदरसन और लार्सन ने क्रमशः 4.41 फीसदी, 3.16 फीसदी और 2.83 फीसदी की बढ़त के साथ अच्छा प्रदर्शन किया। दीपक नाइट्रेट और कोफोर्ज लिमिटेड के शेयरों में भी क्रमशः 2.70 फीसदी और 2.45 फीसदी की बढ़त दर्ज हुई।



### सोना-चांदी की कीमत हुई कम


भारतीय सर्राफा बाजार में सोना-चांदी की कीमतों में आज भी गिरावट देखने को मिली है। आज 24 कैरेट सोना सस्ता होकर 71,858 रुपये प्रति 10 ग्राम बिक रहा है और चांदी की बात करें तो यह 88,085 रुपये प्रति किलो बिक रही है। खबर लिखे जाने तक अंतरराष्ट्रीय बाजार में यूरोपीय शेयर बाजार में सीएसी और डीएएक्स गिरावट के साथ कारोबार कर रहा था। अमेरिकी शेयर बाजार के एस एंड पी 500 और नैस्डेक बढ़त के साथ हरे निशान पर थे।

*आईपीओ की 5 जुलाई को ओपनिंग, 9 जुलाई को क्लोजिंग*

## एनर्जी कंपनी का आईपीओ आ रहा 5 को, 125 करोड़ जुटाने का टारगेट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एनर्जी सेक्टर से जुड़ी कंपनी- गणेश ग्रीन भारत का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 5 जुलाई को ओपन हो रहा है तो क्लोजिंग 9 जुलाई को है। इस आईपीओ के जरिये कंपनी 125.23 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। बता दें कि गणेश ग्रीन भारत सोलर पीवी मॉड्यूल मैन्युफैक्चरर है। गणेश ग्रीन भारत ने मंगलवार को बयान में कहा कि आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 181-190 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। वहीं, ग्रे मार्केट प्रीमियम 190 रुपये है। इसका मतलब ये हुआ कि शेयर की लिस्टिंग 380 रुपये पर हो सकती है। यह 100% प्रीमियम को दिखाता है। बता दें कि कंपनी के शेयर एनएसई एसएमई मंच इमर्ज पर सूचीबद्ध होंगे। आईपीओ पूरी तरह से 65.91 लाख नए शेयरों का इश्यू है। आईपीओ के अलॉटमेंट की अनुमानित तारीख 10 जुलाई है। आईपीओ की लिस्टिंग की अनुमानित तारीख 12 जुलाई है। गणेश ग्रीन भारत आईपीओ के बुक रनिंग लीड मैनेजर हेम सिक्योरिटीज लिमिटेड हैं, जबकि इश्यू के रजिस्ट्रार केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड हैं। आईपीओ के आय का उपयोग सामान्य कॉमर्शियल, वर्किंग कैपिटल जरूरतों, कारखाने में नए उपकरण और मशीनरी की स्थापना के लिए कैपिटल एक्सपेंस और कुछ मौजूदा उधारों के पूर्ण या आंशिक री-पेमेंट के लिए किया जाएगा।




### एजेएक्स इंजी. ने एआई-संचालित कंक्रीट जीपीटी मंच किया पेश

**नई दिल्ली।** कंक्रीटिंग उपकरण विनिर्माता कंपनी एजेएक्स इंजीनियरिंग ने कंक्रीट और विनिर्माण उद्योग के लिए एआई-संचालित मंच कंक्रीट जीपीटी पेश किया है। यह कृत्रिम मेधा (एआई) से संचालित मंच अंग्रेजी, हिंदी, तेलुगु, मराठी और कन्नड़ भाषा में काम करता है। कंपनी बयान के अनुसार, इसका मकसद विनिर्माण और कंक्रीट विशेषज्ञों को नवीनतम बाजार अंतर्दृष्टि, नवाचारों तथा नियामक संबंधी अद्यतन व विशेषज्ञ-मान्यता प्राप्त तकनीकी जानकारी प्रदान कर उनकी सेवा करना है। एजेएक्स इंजीनियरिंग के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी शुभब्रत साहा ने कहा, '' हमें विश्वास है कि कंक्रीट जीपीटी निरंतर सुधार, सीखने और कौशल उन्नयन की संस्कृति को बढ़ावा देने में मदद करेगा।



### भारत ने म्यामां को पहली बार एक करोड़ रुपये की दाल निर्यात की

**ढाका।** भारत ने मंगलवार को रुपया-क्यात व्यापार समझौते के तहत म्यामां को पहली बार एक करोड़ रुपये से अधिक की दालों का निर्यात किया। यह एक ऐसा कदम है, जो द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देगा और स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ाएगा। यंगून में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''रुपया-क्यात व्यापार समझौते की व्यवस्था अब चालू है।'' इसमें कहा गया, ''पंजाब नेशनल बैंक के यंगून कार्यालय ने आज एक करोड़ रुपये से अधिक की दाल निर्यात के पहले लेन-देन को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। हम दोनों पक्षों के व्यवसायों को इस व्यवस्था से लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।''



## बीएमडब्ल्यू के ये 4 मॉडल देंगे दस्तक

# बीएमडब्ल्यू के 4 मॉडल्स सहित 8 और गाड़ियां भारत में लॉन्चिंग को तैयार



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नई गाड़ियों की लॉन्चिंग के हिसाब से जून काफी शांत रहा है, लेकिन आने वाले महिने में ऑटोमोबाइल बाजार में काफी गहमा-गहमी दिखने की उम्मीद है। जुलाई में 8 मॉडल भारत में दस्तक दे सकते हैं। इनमें प्रीमियम सेडान, लग्जरी हैचबैक से लेकर एसयूवी और इलेक्ट्रिक कारें शामिल होंगी। कार निर्माता निसान की एक्स-ट्रेल चौथी जनरेशन के मॉडल के साथ 17 जुलाई को भारत में वापसी करेगी। इसकी कीमत 40 लाख रुपये के आस-पास रखी जा सकती है। लग्जरी कार निर्माता बीएमडब्ल्यू ग्रुप इस महीने 4 गाड़ियां लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। इनमें 2024 बीएमडब्ल्यू 5-सीरीज का लॉन्ग व्हीलबेस वर्जन शामिल है। इस प्रीमियम सेडान की कीमत 70 लाख रुपये के आस-पास रखी जा सकती है। इसी दिन ग्रुप के मिनी ब्रांड के तहत नई कूपर सी और कूपर एस दस्तक देंगी, जिनकी कीमत 43 लाख रुपये के आस-पास होगी। साथ ही कंट्रीमैन इलेक्ट्रिक को उतारा जाएगा, जिसकी कीमत लभगभ 70 लाख रुपये होगी।

### 8 जुलाई को आएगी मर्सिडीज-बेंज इक्वा

*मर्सिडीज-बेंज अपनी इक्वा को 8 जुलाई को भारत में पेश करेगी। 560 किलोमीटर तक की रेंज देने वाली इस लग्जरी कार की कीमत करीब 60 लाख रुपये हो सकती है। हुंडई भी अगले महीने अल्काजार फेसलिफ्ट से पर्दा उठा सकती है। इसमें अंदर-बाहर बदलाव के साथ फीचर अपडेट मिलेंगे और शुरुआती कीमत 17 लाख रुपये रहने की संभावना है। टाटा मोटर्स की कर्व ईवी भी लॉन्च होने की उम्मीद है, जिसकी कीमत 20 लाख रुपये (कीमतें, एक्स-शोरूम) के आस-पास होगी।*



# वेस्पा 946 ड्रैगन भारत में लॉन्च, बिकेंगे सीमित संख्या में, कीमत 14.27 लाख

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इटली की कंपनी पियाजियो ने वेस्पा 946 ड्रैगन एडिशन को भारत में लॉन्च किया है। यह एक विशिष्ट कलेक्टर वर्जन है और वैश्विक स्तर पर केवल 1,888 ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगा। वेस्पा 946 स्कूटर पर आधारित इस एडिशन को नए पेंट और डेकल्स के साथ अलग किया है। इसके पूरी बॉडीवर्क पर हल्का सुनहरा रंग दिया है। साथ ही एमराल्ड ग्रीन रंग में एक ड्रैगन ग्राफिक्स दिया है, जो सामने एप्रन से साइड पैनल तक फैला हुआ है। इसकी कीमत 14.27 लाख रुपये रखी गई है और इसे कंपलीट बिल्ट यूनिट रूट से लाया जाएगा। कंपनी ने लिमिटेड-एडिशन वेस्पा 946 ड्रैगन जैकेट भी पेश की है।



### स्कूटर्स में दमदार है वेस्पा 946

वेस्पा 946 ड्रैगन को स्टील प्लेट मोनोकोक फ्रेम पर तैयार किया गया है। इसमें 125सीसी, सिंगल-सिलेंडर, एयर-कूल्ड, 4-स्ट्रोक इंजन दिया गया है, जो 11.8बीएचपी की पावर और 10.33एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। स्कूटर के इस एडिशन की बुकिंग भारत में मोटोप्लेक्स डीलरशिप पर शुरू कर दी गई है।

## चिंतन

# भाजपा और संघ पर हिंसा फैलाने के आरोप निराधार

हिंदू और हिंदुत्व को लेकर विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सदन में सत्ताधारी भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर जो भी आरोप लगाए, वह असंसदीय है, विद्वेषपूर्ण है और अमर्यादित है। राहुल बेशक कह रहे हों कि 'हिंदू हिंसक नहीं हो सकता, लेकिन भाजपा व आरएसएस के लोग देश में हिंसा फैलाते हैं, नफरत फैलाते हैं', तो ये निराधार आरोप हैं। संघ 1925 से देश में है, कभी भी संघ के चलते कहीं हिंसा नहीं फैली, उल्टे हिंसा फैलने पर, पीड़ितों के कल्याण के लिए काम किया। संघ देश में हिंदुओं को जोड़ने का काम कर रहा है, सनातन संस्कृति का संवर्धन कर रहा है, भारत की सांस्कृतिक विरासत की रक्षा कर रहा है, अखंड भारत का सपना देख रहा है, भारतीयता को सिंचित कर रहा है। कांग्रेस करीब पांच दशक तक सत्ता में रही, कभी भी कांग्रेस सरकार ने संघ के लिए हिंसा फैलाने जैसा आरोप नहीं लगाया और न ही इसको लेकर कभी कोई कार्रवाई की। यही बात जनसंघ और भाजपा को लेकर भी है। भाजपा देश में राष्ट्रीय एकता व अखंडता, संवैधानिक धर्मनिरपेक्षता, समावेशी मानवता का हिंदुत्व विचारधारा, सबको साथ लेकर चलने वाली दृष्टि के साथ काम कर रही है। करीब 16 वर्ष से अधिक समय तक भाजपा नीत सरकार देश में रही है, कभी भी भाजपा शासन पर हिंसा करने, कराने के आरोप नहीं लगे, इसके बावजूद राहुल गांधी भाजपा व संघ पर हिंसा फैलाने का आरोप मढ़े, तो यह तथ्यों को नकारना है। राहुल गांधी संघ, भाजपा व मोदी पर नफरत फैलाने का आरोप लगाते हैं, पर असल में उनके संबोधन, भाषण व वक्तव्य मोदी, भाजपा व संघ के प्रति नफरत का भाव से भरे रहते हैं। वे हार की हताशा व राजनीतिक आवेश में पता नहीं कितनी बार संघ व मोदी के प्रति नफरत के भाव को व्यक्त कर चुके हैं। राहुल गांधी अगर राजनीति भी कर रहे हों, तो यह अच्छी राजनीति भी नहीं है। विपक्ष के नेता के तौर पर राहुल को राष्ट्रपति के अभिभाषण की आलोचना करने का पूरा अधिकार है, लेकिन अभिभाषण में कही गई बातों के दायरे में ही है, विषयान्तर होकर मोदी, भाजपा व संघ पर बरसना भड़ास निकालने जैसा है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने अपने धन्यवाद संबोधन में कांग्रेस के कामकाज, कांग्रेस का अतीत, राहुल गांधी के राजनीतिक आरोप का बखूबी जवाब दिया है, लेकिन भाजपा नीत राजग सरकार को अनुत्पाद मसलों में उलझने के बजाय अपने कामकाज पर फोकस करना चाहिए। राहुल गांधी को बताना चाहिए कि राजस्थान में टेलर कन्हैया लाल का सरेदिन सिर किसने कलम किया, कश्मीर में दहशतगर्द कौन हैं, जिसका सामना कांग्रेस सरकार को भी करनी पड़ी, आतंकी संगठन हमास के पक्ष में देश में जुलूस कौन निकाल रहा है, मुंबई में ताज पर हमले करने वाले कौन लोग थे, देश में अनगिनत आतंकी हमले में लिप्त कौन लोग थे, ग्यारहवीं शताब्दी में भारत में लुटेरे कौन आए थे, उन विदेशी लुटेरों ने हिंसा किसके साथ की? भारत में मंदिर, बौद्ध स्तूप किसने तोड़े, मुस्लिम शासकों ने अत्याचार किसके खिलाफ किया? ऐसे हजारों अनगिनत प्रश्न हैं, जिनमें हिंदू ही पीड़ित हैं। राहुल गांधी के नैरेटिव तुष्टिकरण बढ़ाने वाले हैं। भाजपा-संघ से राहुल के वैचारिक, राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन हिंसा व नफरत फैलाने के आरोप विपक्ष के नेता पद की गरिमा के विरुद्ध है। हाल के दशकों में नेताओं की भाषा का स्तर गिरा है, दलों के बीच वैचारिक मतभेद के बजाय मनभेद बढ़े हैं, सत्ताधारी व विपक्षी दलों के नेताओं के बीच आपसी सम्मान कम हुआ है, यह स्थिति बदलनी चाहिए।

## नए कानून

प्रमोद भार्गव



# दंड नहीं, न्याय का विधान

वर्ष 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से आहत होकर अंग्रेजों ने स्वतंत्रता सेनानियों और उनके मददगारों को दंड देने की दृष्टि से अनेक औपनिवेशिक कानून लागू किए थे। इनमें प्रमुख रूप से अंग्रेजी राज का पर्याय बने तीन मूलभूत कानूनों में आमूलचूल परिवर्तन किए गए हैं। 1860 में बने इंडियन पेनल कोड को अब भारतीय न्याय संहिता, 1898 में बने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और 1872 में बने इंडियन एविडेंस कोड को अब भारतीय साक्ष्य संहिता के नाम से जाना जाएगा। इन कानूनों के शीर्षक में ही 'दंड' की प्रधानता है। दंड के मनोविज्ञान से ही निर्दोश भयभीत हो जाया करते हैं। इस भय से मुक्ति का प्रावधान करने की दृष्टि से 'न्याय' शब्द का प्रयोग कानून किया गया है। इन कानूनों के लागू होने के साथ दुनिया में सबसे अधिक आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली भारत की होगी। भारत में न्याय की अवधारणा बहुत पुरानी है और ये कानून उसी अवधारणा पर आधारित हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच प्रण किए थे, इनमें एक प्रण गुलामी की निशानियों को खत्म करना भी था। कानून संबंधी पारित विधेयक उसी परिप्रेक्ष्य में हैं। इन नए कानूनों के अंतर्गत दंड अपराध रोकने की भावना पैदा करने के लिए दिया जाएगा। ये नए कानून महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर केंद्रित हैं। अब नए कानून में नाबालिग से दुष्कर्म और मॉब लिंचिंग के लिए फांसी की सजा दी जाएगी। राजद्रोह कानून ब्रिटिश सत्ता को कायम रखने के लिए था, इसे अब खत्म किया जा रहा है। 1860 में बने इंडियन पेनल कोड को अब भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) कहा जाएगा। 164 साल पुरानी आईपीसी में 511 धाराएं थीं, जो बीएनएस-2023 में 358 रह जाएंगी। इसमें 21 नए अपराध जुड़े हैं और 41 धाराओं में सजा बढ़ाई गई है। पहली बार छह अपराधों में सामुदायिक सेवा की सजा जोड़ी गई है। 1898 में बने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) कहा जाएगा। इसमें 47 नई धाराओं के साथ अब कुल 531 धाराएं होंगी। पहले धारा 154 में होने वाली प्राथमिकी नए कानून के तहत धारा-173 में दर्ज की जाएगी। अब पुराने कानून दंड प्रक्रिया संहिता में से 'दंड को हटाकर नागरिक सुरक्षा पर जोर दिया गया है, 1872 में बने इंडियन एविडेंस कोड को अब भारतीय साक्ष्य संहिता के नाम से जाना जाएगा। पुराने कानून में 167 धाराएं थीं, जो अब 170 रह गई हैं। इस कानून को तकनीक और फॉरेंसिक आधार पर तैयार किया गया है। ताकि सजा का प्रतिशत 90 तक पहुंच जाए। बढ़ते साइबर अपराधों के संदर्भ में इस कानून की अहम भूमिका जताई जा रही है। नए प्रारूप में धारा 150 के तहत आरोपी को सात साल की सजा से लेकर उम्रकैद तक की सजा दी जा सकती है। मॉब लीचिंग यानी उन्मादी भीड़ द्वारा हत्या और हिंसा के लिए अलग से सजा का प्रावधान किया गया है। इसे पंथ निरपेक्ष रखा गया है। नाबालिग से दुष्कर्म या पहचान छिपाकर किए गए दुष्कर्म के आरोप में 20 साल का कारावास या मृत्युदंड का प्रावधान किया गया है। सबसे बड़ा परिवर्तन 1860 में अस्तित्व में आए औपनिवेशिक कानून 'राजद्रोह' में किया गया है। राजद्रोह कानून से 'राजद्रोह' शब्द विलोपित करके 'देशद्रोह' किया है। क्योंकि अब देश स्वतंत्र हो चुका है। अतएव लोकतांत्रिक देश में सरकार की आलोचना कोई भी कर सकता है। यह नागरिक का अधिकार है। इसके औचित्य पर सवाल उठते रहे थे। धारा 124-ए के अंतर्गत लिखित या मौखिक शब्दों, चिह्नों प्रत्यक्ष या अप्रत्क्ष तौर से नफरत फैलाने या असंतोष जाहिर करने पर देशद्रोह का मामला दर्ज किया जा सकता है। इस धारा के तहत दोषी पर आरोप साबित होने पर तीन साल जेल तक की सजा हो सकती है। नए कानून में पहली बार आतंकवाद की इबारत को पारिभाषित किया गया है। यदि कोई व्यक्ति देश की एकता, अखंडता, संप्रभुता और सुरक्षा को संकट में डालने के इरादे से कोई कृत्य करता है तो उसे नए कानून के हिसाब से सजा मिलेगी। देश के अस्तित्व को चुनौती देने वाले बाहरी या भीतरी असामाजिक तत्व कानूनी शिकंजे से बचने न पाएं, इसके प्रावधान किए गए हैं। यही कानूनी प्रावधान वृहत्तर सामाजिक हित राज्य को भारत की संप्रभुता, अखंडता तथा राज्य की सुरक्षा से जोड़ते हैं। भारत के विरुद्ध सांप्रदायिक कट्टरता फैलाने और सरकार के लिए नफरत के हालात बनाने में भारत विरोधी विदेशी ताकतें सोशल मीडिया का मनचाहा एवं गलत दुरुपयोग करती हैं, इसलिए नए कानून में देश तोड़ने की कोशिश करने वाली ताकतों पर अंकुश के लिए कठोर कानूनी प्रावधान नए कानून में हैं। अतएव स्वतंत्रता के 76 साल बाद भारतीयों को ऐसी प्रणाली मिल गई है, जो दंड की बजाय अधिकतम न्याय पर आधारित है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



**विश्लेषण**

राज कुमार सिंह

# राहुल की नई भूमिका चुनौतीपूर्ण

राहुल गांधी ने नेता प्रतिपक्ष बनकर एक बेहद चुनौतीपूर्ण भूमिका स्वीकार की है। राहुल गांधी वैसी सकारात्मक और रचनात्मक राजनीति की पहल करेंगे या नहीं, यह तो समय ही बताएगा, लेकिन अब उन्हें संसद में अपनी ज्यादा उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी। हर महत्वपूर्ण मुद्दे पर अपनी तार्किक राय भी रखनी होगी। राष्ट्रीय महत्व के संवेदनशील विषयों पर सरकार के साथ भी खड़ा होना होगा। निश्चय ही अभी तक की छवि और अनुभव के मद्देनजर राहुल गांधी के लिए यह नई संसदीय भूमिका बेहद चुनौती पूर्ण साबित होने वाली है। उन्हें कांग्रेस को मजबूत बनाने और अन्य विपक्षी दलों से बेहतर तालमेल की चुनौती से भी रूबरू होना होगा।

नेता प्रतिपक्ष बनकर राहुल गांधी ने अपने राजनीतिक सफर के एक नये चरण की ओर कदम बढ़ा दिए हैं, जो शायद उनके और कांग्रेस के लिए निर्णायक साबित होगा। नेहरू परिवार का राजनीतिक वारिस बनकर लोकसभा सांसद और फिर कांग्रेस अध्यक्ष बनना उनके राजनीतिक सफर का पहला चरण था। भारत जोड़ो यात्राओं के जरिये देशभर में संपर्क और संवाद से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा फूंक कर पार्टी समेत विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के 2024 के लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन में योगदान दूसरा चरण रहा। तमाम कोशिशों के बावजूद फिर से कांग्रेस अध्यक्ष बनने के लिए राजी न होने वाले राहुल गांधी ने नेता प्रतिपक्ष बनकर एक बेहद चुनौतीपूर्ण भूमिका अपने लिए स्वीकार कर ली है। इन चुनावों में कांग्रेस 52 से बढ़ कर 99 लोकसभा सीटों तक पहुंच गई तो 'इंडिया' गठबंधन 234 तक। पिछले दो लोकसभा चुनावों के मुकाबले इस बार विपक्ष का चुनावी प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा, इसलिए पिछली दो लोकसभाओं में अकेले दम बहुमत हासिल कर लेने वाली भाजपा इस बार बहुमत के आंकड़े से भी 32 सीटें कम रह गई और नरेंद्र मोदी सरकार के अनेक मंत्री भी चुनाव हार गए। बेशक भाजपा की अगुवाई वाले राजग को बहुमत मिल गया और मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन गए। नई सरकार राजग की है, लेकिन केंद्रीय मंत्रिमंडल गठन से लेकर लोकसभा स्पीकर चुनाव तक हर कदम से मोदी ने संदेश यही दिया है कि वह अब भी पहले जितने ही मजबूत हैं। डिप्टी स्पीकर पद के लिए भी वह विपक्ष के दबाव में आते नहीं दिखते।

शायद यह नरेंद्र मोदी की राजनीतिक शैली भी है कि वह कमजोर दिखते हुए कोई काम नहीं करते, लेकिन उससे यह हकीकत नहीं बदल जाती कि इस बार मजबूत विपक्ष को नजरअंदाज कर पाना आसान नहीं होगा। नव निर्वाचित लोकसभा के पहले सत्र के दौरान यह एहसास कराने का कोई मौका विपक्ष चूक भी नहीं रहा। दोनों के बीच जैसे रिश्ते रहे हैं, राहुल गांधी का नेता प्रतिपक्ष बनना भी मोदी के लिए सुखद नहीं कहा जा सकता। एक टीवी इंटरव्यू में 'कौन राहुल' कह कर कटाक्ष करने वाले मोदी को उन्हीं राहुल से हाथ मिलाना पड़ा, जब नव निर्वाचित स्पीकर ओम बिड़ला को उनके आसन तक ले जा रहे थे। अब तो ऐसे मौके बार-बार आएंगे, जब प्रधानमंत्री को नेता प्रतिपक्ष से मिलना पड़ेगा और उनकी बात भी सुननी पड़ेगी। संसदीय लोकतंत्र का यही तकाजा है और उसकी ताकत भी। 2004 में पहली बार लोकसभा सांसद बने राहुल बीस साल बाद 2024 में पहली बार कोई संवैधानिक पद स्वीकारने को तैयार हुए। 2004 से 2014 के बीच उन्हें मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार में मंत्री बनाने की कोशिश की गई, पर वह नहीं माने। नेता प्रतिपक्ष बनना राहुल गांधी की विपक्ष में बढ़ती स्वीकार्यता का प्रमाण भी है। खुद कांग्रेस में जी-23 जैसे गुट जिनके नेतृत्व पर सवाल उठाते थे, उन्हें 'इंडिया' गठबंधन के सभी घटक दलों ने नेता प्रतिपक्ष के लिए चुना, पर नेता प्रतिपक्ष बन जाने से राहुल गांधी के एक नये, मगर बेहद चुनौतीपूर्ण



राजनीतिक सफर की शुरुआत होगी, जिसे उनकी 'अग्नि परीक्षा' भी कह सकते हैं। उन्होंने जिस तरीके से 18वीं लोकसभा के पहले व छोटे सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान पीएम मोदी, भाजपा व संघ पर हिसा व नफरत फैलाने का आरोप लगाया है, वह उनके पद के अनुरूप नहीं है।

लोग मानते हैं कि भारत जोड़ो यात्राओं से राहुल गांधी की समझ और छवि, दोनों सुधरी हैं, लेकिन नेता प्रतिपक्ष के रूप में उन्हें बेहद जिम्मेदार और जवाबदेह राजनेता की कसौटी पर खरा उतरना होगा। अपनी यात्राओं से लेकर 18वीं लोकसभा में शपथ ग्रहण के समय भी जींस और टी शर्ट में नजर आने वाले राहुल नेता प्रतिपक्ष बनते ही कुर्ता-पायजामा में दिखे, लेकिन सिर्फ परिधान बदलने से बात नहीं बनेगी। बेशक नेता प्रतिपक्ष के रूप में उनसे सरकार की गलतियों की आलोचना अपेक्षित है, लेकिन भाषा-शैली में शालीनता की दरकार होगी, जिसकी राहुल को बहुत जरूरत है और जो हाल के सालों में हमारी राजनीति से तेजी से नदारद होती गई है। राजनीतिक मतभेदों के बावजूद परस्पर सम्मान और मर्यादा पालन दोनों ही पक्षों से अपेक्षित रहेगा। संसद व बाहर भाषा की गरिमा बनी रहे।

राहुल की बात करें तो अब उनकी टिप्पणी को विपक्षी दल के सांसद नहीं, बल्कि नेता प्रतिपक्ष की राय माना जाएगा, जिसका संसदीय प्रोटोकॉल में महत्वपूर्ण स्थान है। ब्रिटेन समेत कुछ देशों में नेता प्रतिपक्ष को 'शेडो पीएम' की तरह देखा जाता है और उससे अपेक्षा की जाती है कि वह अपनी 'शेडो केबिनेट' भी बनाए, जो तमाम विभागों के कामकाज पर नजर रखते हुए अपनी वैकल्पिक सोच जनता के समक्ष पेश करे।

राहुल गांधी वैसी सकारात्मक और रचनात्मक राजनीति की पहल करेंगे या नहीं, यह तो समय ही बताएगा, लेकिन अब उन्हें संसद में अपनी ज्यादा उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी। हर महत्वपूर्ण मुद्दे पर अपनी तार्किक राय भी रखनी होगी। राष्ट्रीय महत्व के संवेदनशील विषयों पर सरकार के साथ भी खड़ा होना होगा। निश्चय ही अभी तक की छवि और अनुभव के मद्देनजर राहुल गांधी के लिए यह नई संसदीय भूमिका बेहद चुनौती पूर्ण साबित होने वाली है। राहुल गांधी इन चुनौतियों से कैसे निपटते हैं, इस पर ही उनकी राजनीतिक सफलता निर्भर करेगी।

इसके साथ ही उन्हें कांग्रेस को मजबूत बनाने और अन्य विपक्षी दलों से बेहतर तालमेल की चुनौती से भी रूबरू होना होगा। स्पीकर चुनाव के लिए कांग्रेस के दलित सांसद के. सुरेश को 'इंडिया' का उम्मीदवार घोषित करते समय तृणमूल कांग्रेस से सलाह न करने जैसी घटनाएं आपसी तालमेल पर सवाल उठाती हैं। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन के बाद उत्तर प्रदेश में भाजपा को बड़ा झटका देते हुए विपक्ष उसे बहुमत से वंचित रखने में सफल रहा। राजस्थान में भी विपक्ष, भाजपा से 25 में से 11 लोकसभा सीटें छीनने में सफल रहा। पंजाब और हरियाणा में भी विपक्ष का प्रदर्शन संतोषजनक रहा, लेकिन शेष हिंदी बेल्ट में भाजपा के मुकाबले वह कहीं नहीं ठहरता। सबसे ज्यादा लोकसभा सांसद चुनने वाली हिंदी बेल्ट में कांग्रेस और सहयोगी दलों के मजबूत हुए बिना केंद्रीय सत्ता से भाजपा की विदाई की बात सोचना भी दिन में सपने देखने जैसा है।

सबसे मुश्किल यह है कि उत्तर भारत में मजबूती की कवायद में कांग्रेस और मित्र दलों में आपस में दलगत हितों के टकराव की भी आशंका है। लोकसभा चुनावों के बाद कांग्रेस और आम आदमी पार्टी में बढ़ती दूरियां भी इसी बात का संकेत हैं। इतने सारे मोर्चों पर सक्रिय रहते हुए राहुल गांधी को 'इंडिया' गठबंधन के विस्तार की संभावनाएं भी टटोलनी होंगी, क्योंकि इस अग्निपरीक्षा में उनका पास होने पर ही आगामी चुनावों में विपक्ष का चुनावी प्रदर्शन निर्भर करेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## क्रोध शांत करने के लिए प्रभु का स्मरण करें



संकलित

**दर्शन**

जब अहंकार नहीं, लोभ नहीं, नफरत नहीं तो क्रोध भी नहीं होगा शांति होगी। समाज में ऐसी परिस्थितियां, ऐसे कारण हैं कि क्रोध आए बिना नहीं रहता। इसके लिए परिस्थितियां बदलनी होंगी, परंतु ऐसा नहीं हो सकता। इस दुनिया के हालात नहीं बदले जा सकते। कोई सोचता है मैं दुनिया के हालात बदल दूंगा तो मूर्खतापूर्ण विचार है। दूसरा उपाय है हम अपने आपको बदल दें। जिन कारणों से क्रोध उत्पन्न होता है उन्हें रोकें। ऐसी स्थिति क्यों पैदा हो कि हमें क्रोध करना पड़े। क्रोध क्यों आता है? एक किसी की गलती पर या अपनी हानि होने पर या आशानुसार काम न बनने पर या किसी मनुष्य को देखते ही क्रोध आ जाता है, जिसको हम पसंद नहीं करते। कुछ उपाय हैं। ये ठान लें आप धीरे ही बात करेंगे, प्रेम से, थोड़े शब्दों में ही बात करेंगे और सोच समझ कर बोलेंगे। मीठी भाषा का प्रयोग करेंगे। क्रोध की स्थिति पैदा हो तो मन में निरंकार का सुमरिन करेंगे और निरंकार से अरदास करेंगे। हे निरंकार, इस चांडाल क्रोध को मन में न आने दें, आप हमें बचाओ। यहां सुखद वातावरण बने, प्रभु कृपा करो। आप देखेंगे वातावरण शांत हो जाएगा। आपकी बात भी सबको समझ आ जाएगी। सद्गुरु कहते हैं न मैं किसी की वेशभूषा बदलना चाहता हूं न खान-पान। मैं मनुष्य की वृत्ति बदलकर उसे सत्य के साथ जोड़कर एकत्व की भावना लाना चाहता हूं। अहंकार को दूर कर निरंकार प्रभु की भक्ति और प्रेमपूर्ण वातावरण बनाना चाहता हूं।

## आध्यात्मिक लोग जीते हैं मूल्य आधारित जीवन



संकलित

**प्रेरणा**

आध्यात्मिक लोग मूल्यों पर आधारित जीवन जीते हैं जो कि सुशासन के लिए अति आवश्यक है। आध्यात्मिकता लोगों को ईमानदार व प्रतिबद्ध बनाती है जो अपराध रहित समाज के लिए आवश्यक है, परंतु आधिकारिक संरक्षण के बिना आध्यात्मिकता का विकसित होना बहुत मुश्किल है। यदि हम अपने प्राचीन इतिहास को देखें, तो हम पाएंगे कि आध्यात्मिकता भारतीय राजनीति में गहरी जड़ों तक स्थित है। आध्यात्मिकता और राजनीति दोनों का ही मानवता व मानव के साथ गहरा संबंध है। राजनीति का उद्देश्य सुशासन लाना और भौतिक व भावानात्मक सुविधाओं को जनता तक पहुंचाना है। वहीं आध्यात्मिकता का लक्ष्य नैतिकता व मानवीय मूल्यों को बढ़ाना है। किसी भी देश की समृद्धि व विकास के लिए राजनीति व आध्यात्मिकता का एक साथ चलना अति आवश्यक है। अच्छे प्रजातंत्र के लिए आध्यात्मिकता का होना अनिवार्य है। केवल आध्यात्मिकता ही प्रतिबद्धता, दायित्व व आत्मविश्वास का आह्वान कर उन्हें मानव में स्थापित कर सकती है। बिना आध्यात्मिकता के राजनीति में अनैतिकता का वातावरण बनता है और इस कारण भ्रष्टाचार, अपराध व अराजकता को बढ़ावा मिलता है। भारतीय आध्यात्मिकता ने पूरे संसार को धर्मनिरपेक्षता से अवगत करवाया है। जीवन में मूल्यों के महत्व को समझने के लिए, सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमें यह पहचानना होगा कि मूल्यों का क्या अर्थ है?

## सटाका





## आज की पाती

### रील्स न बने परेशानी का कारण

दुनिया में डिजिटल दौर चल रहा है। अब लोग सोशल मीडिया का प्रयोग भी खूब कर रहे हैं। सोशल मीडिया मनोरंजन के साथ-साथ जानकारियों का भी बहुत बढ़िया जरिया है, लेकिन कुछ लोग इसे अपनी मशहूरी पाने के लिए भी प्रयोग करते हैं और इस पर अपनी तरह-तरह और विचित्र तरह की सेल्फी और पोस्ट डालते हैं। आजकल रील्स का ट्रेंड चल रहा है और इसमें लगभग हर उम्र के लोग शामिल हैं। लोग अपने दोस्तों और दूसरे लोगों को दिखाने के लिए रील्स बनाकर सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर शेयर कर रहे हैं। कुछ तो जान को जोखिम में डाल कर और कुछ अपनी इज्जत को भी दांव पर लगाकर रील्स बना रहे हैं। महिलाएं और लड़कियां भी इस मामले में पीछे नहीं है। रील्स जान पर भारी न पड़े, इसके लिए सरकार, प्रशासन और समाज को एकजुट होकर प्रयास करने चाहिए। *-विनय कुमार, रायपुर*

## ट्रेंड


### विनिर्माण क्षेत्र फल-फूल रहा



अधिक नौकरियां, अधिक अवसर और एक मजबूत अर्थव्यवस्था! विनिर्माण पीएमआई के 58.3 तक बढ़ने के साथ, हमारा विनिर्माण क्षेत्र फल-फूल रहा है और रोजगार के नए अवसर पैदा कर रहा है। मोदी सरकार राष्ट्र की निरंतर वृद्धि और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री

### हम आज गौरवान्वित हैं



हम आज बेहद गौरवान्वित हैं। हमारा एक बेटा शिवनाथ 'रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट' बन गया! 2008 में हमने 9 साल के शिवनाथ खेतिहर मजदूरी से मुक्त कराया था। तबसे उस ने बाल आश्रम में रहकर पढ़ाई की।

-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल विजेता

### ऐसे विपक्ष के नेता राहुल



राहुल गांधी एक ऐसे विपक्ष के नेता हैं जिसमें लालू जैसे सजायाफ्ता, डीएमके जैसे सनातन धर्म को खत्म करने का प्रयास करने वाले लोग और सऊदी अरब में भी प्रतिबंधित इस्लामिक ब्रदरहुड सहयोगी शामिल हैं। फिर भी दिखावा करता है कि वह शिव को समझता है।

-डॉ डेविड फ्रॉली, अमेरिकी हिंदू लेखक

### अपने आपमें सच रहना



जब लोग कहते हैं कि आप बदल गए हैं, तो ऐसा इसलिए होता है क्योंकि आपने वैसा व्यवहार करना बंद कर दिया जैसा वे चाहते थे। अपने आपमें सच रहना। आप इंसान हो या शेयर बाजार, जाना तो ऊपर ही है।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# चीन ने ताइवान को लेकर विनाश तक धमकाया अमेरिका को

चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने आयोजित नियमित संवाददाता सम्मेलन में चीनी और अमेरिकी वरिष्ठ अधिकारियों के बीच फोन कॉल के बारे में सवालों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि चीन ने अमेरिका से राष्ट्रपति बाइडेन द्वारा किए गए वचनों को निभाने, चीन की संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों का व्यवहारिक रूप से सम्मान करने और चीन-अमेरिका संबंधों के स्थिर विकास में सकारात्मक भूमिका निभाने की मांग की। रिपोर्ट के अनुसार चीनी उप विदेश मंत्री मा चाओश्यू ने 27 तारीख को अमेरिकी उप विदेश मंत्री कर्ट कैम्पबेल के साथ फोन पर बातचीत की और उन्होंने चीन-अमेरिका संबंधों और आम चिंता वाले मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।



चीनी प्रवक्ता ने चीन के रुख का परिचय दिया और जोर देते हुए कहा कि ताइवान मुद्दा चीन के मूल हितों का और चीन-अमेरिका संबंधों में पहली दुर्गम लाल रेखा है। ताइवान स्वतंत्रता के समर्थन में शामिल होने से अंततः विनाश होगा. अमेरिका को तीन चीन-अमेरिका संयुक्त विज्ञप्तियों का पालन करना चाहिए, ताइवान को हथियार देना बंद करना चाहिए और "ताइवान स्वतंत्रता" का समर्थन न करने की अपनी प्रतिबद्धता को लागू करना चाहिए। तिब्बत से संबंधित मुद्दे चीन की प्रभुसत्ता व प्रादेशिक अखंडता से संबंधित हैं।

## ऑफ बीट

# दूधेश्वर महादेव मंदिर में स्थापित है नीलम का शिवलिंग

बिहार के औरंगाबाद जिले में देवकुंड का प्रसिद्ध दूधेश्वर महादेव मंदिर न सिर्फ औरंगाबाद, बल्कि बिहार के प्रमुख तीर्थ स्थानों में गिना जाता है। यहां नीलम पत्थर से निर्मित भगवान शिव का शिवलिंग स्थापित है। जो पांच हजार वर्ष से भी अधिक पुराना है। पुराणों के अनुसार कभी यहां घना जंगल हुआ करता था और यहां च्यवन ऋषि का आश्रम व सरोवर था। पुराणों में कहा गया है कि त्रेता युग में भगवान यहां आए थे और उन्होंने इस सरोवर में स्नान कर च्यवन ऋषि का आशीर्वाद लिया था। मान्यता है कि यह शिवलिंग यहां त्रेता युग से स्थापित है। कहते हैं च्यवन ऋषि के कहने पर भगवान राम ने शिवलिंग की स्थापना करके पूजा अर्चना की थी। यह शिवलिंग नीलम पत्थर से निर्मित है, जो दुर्लभ है। यह देश का इकलौता शिव मंदिर है, जहां नीलम शिवलिंग स्थापित है। देवकुंड मंदिर को लेकर कहा जाता है कि यह मंदिर एक ही रात में बनकर तैयार हुआ है, जिसे स्वयं देवताओं के वास्तुकार और देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा ने तैयार किया था। इसकी एक और विशेषता यह है कि यह विशाल मंदिर एक ही पत्थर को तराश कर बनाया गया है। केवल यही नहीं, बल्कि औरंगाबाद जिले में ही स्थित देव नामक जगह पर स्थित सूर्य मंदिर का निर्माण भी एक ही रात में हुआ था।



**हमारा पता**

हरिभूमि कार्यालय

66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)

पिन कोड-482002

ई-मेल : edit@haribhoomi.com

वेब-साइट : www.haribhoomi.com

फुलरई मुगलगढ़ी के एक खेत में साकार हरि बाबा का सत्संग

# लोगों के जल्द निकलने के चक्कर में बन गए विकट हालात गर्मी, उमस और भारी भीड़ के कारण कई लोग हो गए बेहोश

## हादसे के बाद घायलों को सिकंदराराऊ सीएचसी और एटा की ओर एंबुलेंस से उपचार के लिए भेजा गया, स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है

### हाथरस से 47 किलोमीटर दूर फुलरई गांव में हादसे ने ले ली कई लोगों की जान

### भक्तों का सैलाब उमड़ने के कारण यहां अव्यवस्था हु, पुलिस पर भी सवाल उठे

एजेंसी ⏭ हाथरस



हाथरस के फुलरई मुगलगढ़ी के एक खेत में साकार हरि बाबा का सत्संग हो रहा था। भोले बाबा के सत्संग के दौरान भगदड़ मच गई। लोगों के जल्दी निकलने के चक्कर में यहां पर बड़ा हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि गर्मी, उमस और भीड़ में दम घुटने से अनुयायी वहीं पर बेहोश होकर गिर गए। बताया जा रहा है कि हादसे में अब तक कितने लोगों की मौत हो गई है, सही संख्या सामने नहीं आई है। मरने और घायल होने वालों में महिलाओं की संख्या ज्यादा है। साथ ही बच्चों के भी हताहत होने की जानकारी मिल रही है।

हादसे के बाद घायलों को सिकंदराराऊ सीएचसी और एटा की ओर एम्बुलेंस से उपचार के लिए भेजा गया। सिकंदराराऊ में हुए हादसे के बाद स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है। इमरजेंसी से लेकर पोस्टमार्टम हाउस में स्टाफ को तैनात रहने के निर्देश दिए गए हैं। जिले के अलग-अलग स्थानों से एम्बुलेंस को घटना स्थल के लिए भेजा गया है।

### बसों-टैंपो में भरकर घायलों और शवों को लाया गया

हाथरस से 47 किलोमीटर दूर फुलरई गांव में नारायण साकार हरि के सत्संग में भगदड़ कई लोगों की जान चली गई। नारायण साकार हरि को भोले बाबा के नाम से जाना जाता है। मृतकों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। बताया जा रहा है कि कई लोग घायल हैं। घायलों की संख्या में इजाफा हो सकता है। घायलों और शवों को टैंपो और बसों में भरकर अस्पताल लाया गया। अस्पताल के बाहर कई शव पड़े हुए थे।

### पुलिस और प्रशासन की नहीं थी पुख्ता व्यवस्था

बताया जा रहा है कि प्रवचन कार्यक्रम में मची भगदड़ में भक्तों की मौत का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। प्रशासन की लापरवाही के कारण इतना बड़ा हादसा हुआ। परमिशन से अधिक संख्या में भक्तों का सैलाव उमड़ने के कारण यहां अव्यवस्था हुई। प्रशासन ने कोई भी पुख्ता व्यवस्था नहीं की थी।

### भगदड़ की आंखों देखी, घटना स्थल पर मच गई थी चीख-पुकार

## लोग एक के ऊपर एक नाले में गिरते गए और दो घंटे तक दबे रहे

हाथरस के रतिभानपुर में मंगलवार का दिन अमंगलकारी रहा। यहां प्रवचन करने वाले भोले बाबा के सत्संग के दौरान भगदड़ मच गई। हादसे के बाद से ही घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई थी। इस घटना की प्रत्यक्षदर्शी महिला शकुंतला ने बताया कि भोले बाबा का सत्संग चल रहा था। सत्संग खत्म होने के बाद लोग एक साथ बाहर की ओर निकले तो भगदड़ मच गई। पास में एक नाला था, भगदड़ के बाद लोग नाले में एक के ऊपर एक गिरते चले गए। जब लोग घंटे-दो घंटे दबे रहेंगे, तो मरेंगे नहीं तो क्या होगा?

प्रत्यक्षदर्शी शकुंतला ने आंखों देखा हाल किया बयां



### मुझे लोगों ने खींचकर निकाला

*प्रत्यक्षदर्शी शकुंतला ने बताया कि भगदड़ के दौरान पहले आगे वाले लोग नाले में गिरे और फिर उनके ऊपर पीछे वाले लोग गिरते चले गए। शकुंतला ने बताया कि उनकी पड़ोसन गंगा देवी भी हादसे का शिकार हो गईं। महिला ने बताया कि भगदड़ में वो भी दब गई थीं, लेकिन लोगों ने उन्हें खींचकर बाहर निकाला, जिसके कारण को जिंदा बच पाईं।*

### पूरी कहानी भगदड़ की शिकार युवती की जुबानी

## राजस्थान-मप्र-हरियाणा से भी आए थे भक्त

इस बीच जो लोग इस सत्संग में शामिल होने गए थे और भगदड़ का शिकार हुए हैं उन्होंने बताया कि मौके पर कैसे मंजर था। एक युवती ने बताया कि सत्संग में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी। सत्संग समाप्त हुआ उसके बाद लोग वहां से जाने लगे। इसी दौरान निकलने की जल्दी में भगदड़ मच गई। लोग एक दूसरे को देख ही नहीं रहे थे। महिलाएं और बच्चे गिरते चले गए। भीड़ उनके ऊपर से दौड़ रही थी। कोई बचाने वाला नहीं था। चारों ओर चीख पुकार मची हुई थी।



### 3 किलोमीटर तक फैली थी वाहनों की संख्या

*जानकारी सामने आई है कि महीने की शुरुआत के पहले मंगलवार को सत्संग होता है। इस सत्संग में राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा सहित कई राज्यों के लोग आए थे। भीड़ का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वाहनों की संख्या तीन किलोमीटर तक फैली हुई थी।*

### श्रद्धालुओं को एक जगह रोकने से सांस लेना हो रहा था मुश्किल

*अचानक भगदड़ के दौरान ये घटना घटी है। बताया जा रहा है कि भगदड़ का कारण अभी तक सामने नहीं आया है। हालांकि, सुरक्षाकर्मियों द्वारा श्रद्धालुओं को एक जगह रोकने के कारण सांस लेने की समस्या सामने आई थी। इस कारण कई लोग मौके पर बेहोश हो गए थे। फिलहाल, प्रशासन द्वारा इस घटना की जांच की जा रही है। हाथरस समेत पूरे इलाके में भोले बाबा काफी समय से सत्संग करवाते हैं। वह पहले पुलिसकर्मी थे और भोले बाबा का सत्संग शुरू किया। स्थानीय लोगों के मुताबिक करीब 10 सालों से सत्संग चलता है।*

---

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी को राहुल का पत्र, नीट पर बहस हो



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर बुधवार को एनईईटी मुद्दे पर संसद में बहस का अनुरोध किया है। राज्यों के साथ भेदभावऔर केंद्रीय एजेंसियों को औजार बनाकर विपक्षी नेताओं को परेशान करने का आरोप लगाते हुए कई आरोप लगाए हैं।

### शादी से इनकार, महिला ने पुरुष का प्राइवेट पार्ट काटा



**पटना।** बिहार में एक महिला ने अपने बॉयफ्रेंड का प्राइवेट पार्ट काट डाला क्योंकि उस शख्स ने दो साल की रिलेशनशिप के बाद महिला से शादी करने से इनकार कर दिया था। महिला ने उसे टॉयलेट में फ्लश भी कर दिया। घायल शख्स का पटना के स्थानीय अस्पताल में चल रहा है।

### मंत्री की पत्नी ने पुलिस को फटकारा, मांगी माफी



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के परिवहन मंत्री मंदीपल्ली रामप्रसाद रेड्डी की पत्नी हरिता रेड्डी सुर्खियों में हैं। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है जिसमें उन्हें एक पुलिस सब-इंस्पेक्टर को डांटते हुए सुना जा सकता है। वजह बताई जा रही है कि पुलिसकर्मी को उन्हें एस्कॉर्ट करने के लिए आगे आना था लेकिन वह देरी से वहां पहुंचा।

### ट्रेन से कंटेनर गिरने से 3 किमी ट्रैक डैमेज



**करनाल।** अमृतसर-दिल्ली रेलवे ट्रैक पर करनाल के निकट चलती हुई मालगाड़ी से करीब 8कंटेनर रेलवे ट्रैक पर गिर गए। इससे रेलवे ट्रैक व बिजली की लाइन को काफी नुकसान पहुंचा है। तरावड़ी के निकट यह हादसा होने के बाद दो ट्रेनों को डायवर्ट कर दिया गया जबकि कई यात्री व मालगाड़ियों को रद्द करना पड़ा।

---

### राज्यसभा में खरगे-धनखड़ के बीच तीखी नोकझोंक

धनखड़ ने कहा- रमेश जैसा अनुभवी आपकी मदद कर रहा

# मुझे न रमेश और न आप बना सकते मुझे बनाने वाले (सोनिया) यहां बैठे हैं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

संसद के विशेष सत्र के दौरान राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बीच तीखी नोकझोंक हुई। सभापति जगदीप धनड़ख ने कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खरगे को फटकार भी लगाई। जगदीप धनखड़ ने कहा कि मेरे में बहुत सहनशक्ति है, खून के घूंट पी सकता हूं। मैंने क्या-क्या किया है, कितना बर्दाश्त किया है और आप खड़े होकर कह देते हैं। आप यह नहीं समझते कि मैं क्या कह रहा हूं।

*धनखड़ ने कहा- चेयर का ऐसा अपमान इतिहास में नहीं किया गया*





**खरगे ने कहा आपके दिमाग में आज भी वर्ण सिस्टम कायम**

धनखड़ द्वारा रमेश की टिप्पणी पर खरगे ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि आपके (धनखड़) के दिमाग में आज भी वर्ण सिस्टम है। आप इसी कारण रमेश को प्रतिभाशाली बता रहे हैं और मुझे मंदबुद्धि कह रहे हैं।

### धनखड़ ने रमेश की ओर इशारे करते कहा-वे 56 साल के अनुभवी

चर्चा के दौरान जब खरगे बोलने के लिए संसद में खड़े हुए और तभी पीछे से जयराम रमेश ने कुछ कहा। इस पर धनखड़ ने कहा कि जब प्रथम पंक्ति के अंदर आप जैसा व्यक्ति है, जिसके पास 56 साल का अनुभव है। उस व्यक्ति को जयराम बीच में टोकते हैं, मदद करने की कोशिश करते हैं। इस पर खरगे ने कहा कि मुझे न रमेश, न आप बना सकते हैं। पास की सीट पर बैठीं सोनिया गांधी की ओर इशारा करते हुए खरगे ने कहा कि मेरे को बनाने वाले यहां बैठे हैं। मुझे जनता ने बनाया है। इसके बाद धनखड़ ने कहा कि खरगे, मैं उस स्तर पर नहीं आना चाहता। मेरी बात को ध्यान से सुनिए। उन्होंने कहा कि राज्यसभा के इतिहास में चेयर का इस कदर अपमान नहीं हुआ।

### धनखड़ ने जयराम रमेश की तारीफ की

चर्चा के दौरान जब जयराम ने धनखड़ की बात को काटते हुए कुछ कहा तो उन्होंने कांग्रेस नेता पर भी निशाना साध दिया। धनखड़ ने कहा,आप इतने बुद्धिमान, इतने प्रतिभाशाली, इतने प्रतिभावान हैं कि आपको तुरंत आकर खरगे की जगह सीट ले लेनी चाहिए। कुल मिलाकर आप उन्हीं का काम कर रहे हैं। आपको खरगे की जगह विपक्ष के नेता का पद ले लेना चाहिए।

### अखिलेश के बयान पर पांडेय का वैसा ही जवाब

## अवाम ने तोड़ दिया हुकूमत का गुरूर... जरा सा कुदरत ने क्या नवाजा...





सपा सांसद अखिलेश यादव लोकसभा में एक खास अंदाज में दिखाई दिए। उन्होंने मोदी सरकार पर शायराना अंदाज में हमला किया और चुनावों में सीटें कम होने और बहुमत की सरकार ना बनने पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि आवाम ने तोड़ दिया हुकूमत का गुरूर, दरबार तो लगा है पर, बड़ा गमगीन-बेनूर है, क्यों ऊपर से जुड़ा कोई तार नहीं, नीचे से कोई आधार नहीं, ऊपर से जो है अटकी हुई, यह कोई सरकार नहीं। यही नहीं अखिलेश यादव ने जोर देकर ये भी कहा कि ये चलने वाली नहीं, हारी हुई सरकार ह। अखिलेश के भाषण के बाद छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव से भाजपा सांसद संतोष पांडेय ने अखिलेश यादव का जवाब उसी तरह शायराना अंदाज में पलटवार किया। संतोष पांडेय ने अखिलेश यादव का पर तंज कसते हुए कहा- जरा सा कुदरत ने क्या नवाजा, आके बैठे हो फलसफे में, तुम्हारा लहजा बता रहा है. तुम्हारी दौलत नई-नई है...।

### केजरीवाल की याचिका पर जवाब मांगा

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के लिए सीबीआई ने बनाया झूठा आधार

हाईकोर्ट कर रहा सुनवाई



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। सीबीआई ने केजरीवाल को गिरफ्तार किया है। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने उनकी गिरफ्तारी पर सवाल खड़ा किया।

उन्होंने कहा कि एफआईआर 2022 में ही दर्ज की गई थी। अप्रैल 2023 में समन किया गया और 9 घंटे पूछताछ की गई। उसके बाद अब तक कुछ नहीं किया गया और डायरेक्ट गिरफ्तार कर लिया गया। सीबीआई ने गिरफ्तारी के लिए झूठा आधार बनाया और कोई तर्क नहीं दिया गया। केजरीवाल की ओर से दायर याचिका में कहा गया कि पहले से उपलब्ध सामग्री के आधार पर गिरफ्तारी की गई है, जो कि अवैध है और इसकी कानूनन अनुमति नहीं है। सिंघवी ने कहा कि हम गिरफ्तारी रद्द करके उन्हें हिरासत से छोड़ने की मांग कर रहे हैं। कोर्ट ने पूछा कि क्या आपने जमानत याचिका दायर की है? सिंघवी ने कहा कि अभी ऐसा नहीं किया है, लेकिन ऐसा करेंगे। कोर्ट ने सीबीआई को जवाब दाखिल करने के लिए 5 दिन का समय दिया गया है। अब इस मामले की सुनवाई 17 जुलाई को होगी।

### मालीवाल का केजरीवाल पर प्रहार

## डीसीडब्ल्यू बंद करना चाह रही दिल्ली सरकार



आप की राज्यसभा सासंद और दिल्ली महिला आयोग की पूर्व चीफ स्वाति मालीवाल ने दिल्ली सरकार पर प्रहार किया है। स्वाति ने दिल्ली सरकार पर आरोप डीसीडब्ल्यू को बंद करने की साजिश रचने का आरोप लगाया। स्वाति ने कहा कि दिल्ली सरकार महिला आयोग को बंद करने पर अड़ी हुई है और उसने 181 महिला हेल्पलाइन को भी बंद कर दिया है। 8 साल में दिल्ली महिला आयोग ने महिलाओं से जुड़े 1,70,000 केसों की सुनवाई की लेकिन उनके हटने के बाद से दिल्ली सरकार इस संस्था को बंद करना चाहती है।6महीने में एक भी रुपया जारी नहीं किया है। बजट भी 30 % तक कम कर दिया है।

---

### संसद सत्र के बीच एनडीए संसदीय दल की बैठक में बोले मोदी

# आप संसदीय आचरण अपनाएं, कांग्रेस जैसा व्यवहार न करें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

संसद के मौजूदा सत्र के बीच मंगलवार को संसद भवन परिसर में एनडीए के संसदीय दल की बैठक हुई। यह बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई।

इस दौरान पीएम मोदी ने बैठक को संबोधित भी किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने पहली बार चुनकर आए सांसदों को अच्छे संसदीय आचरण अपनाने का मंत्र दिया। उन्होंने नए सदस्यों को सलाह और सीख दी। पीएम मोदी ने कहा कि यहा पर आप कांग्रेस के समान आचरण कतई न करें।

*एनडीए के घटक दलों के सांसदों साथ पीएम ने संवाद भी किया*

नए सदस्यों को सलाह सीख दी



**कुमारस्वामी ने मिसाल कायम करने की सलाह दी**

प्रधानमंत्री ने एनडीए के हर एक सांसद को अपने आचरण से एक नई मिसाल कायम करने की सलाह दी गई है।केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी सांसदों को सदन में उपस्थित रहने और बहुत सी चीजें सीखने की सलाह दी। उन्होंने सभी सदस्यों को लोगों के लिए काम करने और सदन में कैसे व्यवहार करना है इसके बारे में भी सलाह दी।

### अच्छे संसदीय आचरण का भी दिया मंत्र

*बैठक के दौरान एनडीए घटक दलों के सांसदों का पीएम मोदी से संवाद हुआ। इस संबंध में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि प्रधानमंत्री ने पहली बार चुनकर आए सांसदों को अच्छे संसदीय आचरण को अपनाने का मंत्र दिया है।*

### विकास के नए स्रोतों पर भी कार्य करने का किया आग्रह

*केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि पीएम ने कहा कि हम देश सेवा के लिए आए हैं और देश सेवा ही हमारे लिए सर्वोपरि है। इसके अलावा पीएम मोदी ने सांसदों को अपने रुचि के अनुसार विकास के नए स्रोतों पर भी कार्य करने का आग्रह किया है। रिजिजू ने कहा कि जिस तरह से राहुल गांधी ने व्यवहार किया, स्पीकर की ओर पीठ कर ली, अपमान किया, उस तरह से हमारी पार्टी, एनडीए के लोगों को नहीं करना चाहिए।*

### सीएम सरमा का बड़ा आरोप

# असम में विशेष संप्रदाय के लोग यहां कर रहे सुनियोजित हमला

एजेंसी ⏭ गुवाहाटी



मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने कहा है कि असम में एक विशेष संप्रदाय के लोग सुनियोजित तरीके से हमले कर रहे हैं।सरमा ने मंगलवार को सोशल मीडिया के जरिए एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद से राज्य में सुनियोजित तरीके से हमले किए जा रहे हैं।

सरमा ने जनता को आगाह किया कि यदि इस संप्रदाय के लोगों की संख्या इसी प्रकार बढ़ती रही तो यहां अन्य संप्रदाय के लोग रह नहीं सकेंगे। बिस्वा ने मंगलवार को सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक वीडियो सन्देश में कहा कि राजनीतिक दृष्टिकोण से वे लोगों को इसके प्रति आगाह कर रहे हैं। आपराधिक दृष्टिकोण से सरकार अपने स्तर पर कार्रवाई कर रही है लेकिन लोगों को स्थिति की गंभीरता को समझनी चाहिए।

# विवाह मुहूर्त शुरू: लगातार 15 दिन तक विवाह के शुभ मुहुर्त

**मंगलवार से 15 दिन तक एक बार फिर विवाह मुहुत शुरू हो गये है। गुरु व शुक्र ग्रहों के अस्त होने से विवाह समारोहों पर अप्रेल के अंत से लगा विराम 29 जून को समाप्त हो गया। गुरु ग्रह का उदय हो चुका है। अब 29 जून को शुक्रोदय भी होगा। शुक्रोदय होने के 3 दिन बाद ही शहनाइयों की गूंज सुनाई देने लगी।**

हरिभूमि, जबलपुर



इसके बाद सभी शुभ और मांगलिक कार्य शादी-विवाह, नामकरण, जनेऊ, मुंडन, गृहप्रवेश, भूमि पूजन, भवन-वाहन, आभूषण की खरीदारी शुरू हो जाएगी। शुक्र ग्रह के उदय होने से विवाह आदि के लिए इंतजार कर रहे लोगों को 2 से 16 जुलाई तक लगातार शुभ मुहूर्त मिलेंगे। इसके चलते जिनके विवाह तथ हो चुके हैं। उन्होंने तैयारियां आरंभ कर दी हैं। इसके बाद फिर 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी के बाद चार माह तक विवाह नहीं होंगे। ज्योतिषाचार्य जनार्दन शुक्ला ने बताया कि शक्र ग्रह का उदय 29 जून की रात 9.34 बजे पश्चिम दिशा में होगा।

इसके बाद जुलाई में 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8,9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16 जुलाई 15 दिन तक लगातार विवाह के शुभ मुहूर्त हैं। मैरिज गार्डन बारातघर के संचालकों के अनुसार जुलाई में विवाहों के आयोजन के लिए नगर के मैरिज गार्डन तैयार हैं। वर्षा के चलते इन मैरिज गार्डन व बारातघरों को बुकिंग मिली हैं। वर्षा को देखते हुए गार्डनों की विद्युत साज-सज्जा व आर्टिफिशियल फूलों से सजावट की जा रही है। इसके साथ ही लोगों ने बरसात के लिहाज से मैरिज गार्डनों की सजावट कराने के ऑर्डर दिए हैं।

ज्योतिषाचार्य पंडित के अनुसार विवाह के लग्न मुहूर्त देखते समय गुरु और शुक्र ग्रह का अच्छी स्थिति में होना जरूरी होता है। इनमें से एक भी यह अस्त होने या खराब स्थिति में होने पर उस तिथि में विवाह का मुहूर्त नहीं बनता है। देवगुरु बृहस्पति और शुक्र देव को विवाह के लिए कारक माना जाता है। यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में गुरु और शुक्र ग्रह मजबूत स्थिति में होते हैं तो जल्द शादी के योग बनते हैं।

इन दोनों ग्रहों के कमजोर होने पर विवाह में बाधा आने लगती है। यह भी माना जाता है कि गुरु और शुक्र तारा के अस्त होने पर विवाह नहीं किया जाता है। इस बार गुरु यह 3 मई को अस्त हुए थे। इसके चलते ये शुभ नहीं हो रहे थे। गुरु ग्रह 2 जून को उदय हो चुके हैं। वहीं शुक्र ग्रह 29 अप्रेल को अस्त हुए थे। 29 जून को शुक्रोदय होगा। इसके बाद शुक्र की बाल्यावस्था समाप्त होने पर 2 जुलाई से विवाह आरंभ हो जाएंगे।



# हजारों श्रद्धालुओं ने किया 108वां साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ

**श्रीराम मंदिर मदन महल में योगिनी एकादशी पर हनुमान चालीसा पाठ का विशिष्ट अनुष्ठान**

**जबलपुर।** प्रभु जी की भक्ति में जीवन के कुछ क्षणों को समार्पित करने से भक्त जनों को आशीर्वाद स्वरूप सुख समृद्धि वैभवशाली जीवन प्राप्त होता है, हनुमान जी महाराज जैसे परमार्थ के कार्य करना चाहिए, निष्काम भाव से भक्ति करने से सदैव कृपा प्राप्त होती है उक्त उद्गार साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी ने श्रीराम मंदिर मदन महल में 108 वें साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ के अवसर पर कहे।

श्री राम मंदिर मदन महल में, साप्ताहिक 108वाँ सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ, योगिनी एकादशी के अवसर पर आयोजन किया गया, श्री सुंदरकांड का पाठ ,श्री राकेश पाठक, विष्णु पटेल सुनील शर्मा के मंडल ने सस्वर संगीतमय किया गया, श्री राम मंगल आरती के पश्चात श्री नर्मदा अष्टक,श्री हनुमान चालीसा एवं श्री हनुमान जी की आरती,सैकड़ो भक्तों की उपस्थिति में,संपन्न हुई,अंत में प्रसादी (भंडारा) का आयोजन किया गया, हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया,श्रीराम मंदिर मदन महल महिला मंडल की गीता पांडे,नीरा मखीजा, विजय अरोड़ा, प्रेम गुलाटी, नीरू शर्मा, संगीता शर्मा,प्रेम अरोड़ा, सोनिया नारंग सहित, राम मंदिर के पंडित श्री राम कुशल पांडे, गुलशन मखीजा, रमेश शर्मा, मनोज शर्मा, सहित हजारों श्रद्धालुओं ने प्रभु जी की पूजा अर्चना कर महाप्रसाद पाया।

# नर्सिंग घोटाले में तय हो सरकार की जिम्मेदारी

**मेडिकल यूनिवर्सिटी का विखंडन बर्दाश्त नहीं**

**जबलपुर।** विगत 4 वर्षों से नर्सिंग कॉलेज में पढ़ने वाले हजारों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है इनका कैरियर बर्बादी की ओर बढ़ रहा है परंतु इस अरबों रुपए के घोटाले में सरकार में शामिल जिम्मेदारी लेने से बच रहे हैं वहीं दिल्ली में आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री, मंत्रियों को शराब घोटाले में बिना किसी ठोस प्रमाण के जेल में बंद किया हुआ है जबकि मध्य प्रदेश के बहु चर्चित नर्सिंग घोटाले में साक्ष्य होने के बाद भी तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा मंत्री को क्लीन चिट दे रखी है यह आरोप लगाते हुए आम आदमी पार्टी की आरटीआई विंग द्वारा राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा तथा जिम्मेदार मंत्री पर कार्यवाही करने की मांग की। सदस्यों ने बताया की साजिश के तहत मेडिकल यूनिवर्सिटी का विखंडन कर कुछ विभाग भोपाल स्थानांतरित किए जाने की प्रक्रिया चल रही है यह महाकौशल क्षेत्र के साथ धोखा है आम आदमी पार्टी इसका खुलकर विरोध करती हैं।

मनीष शर्मा प्रदेश अध्यक्ष आरटीआई विंग ने राज्यपाल से यह मांग की है कि हजारों विद्यार्थियों का भविष्य चौपट करने वाले फर्जी नर्सिंग कॉलेजों तथा सरकार से प्रति छात्र 2 लाख रुपए का मुआवजा दिलाया जाए यदि समय पर शैक्षणिक सत्र चल रहा होता तो हजारों विद्यार्थियों की आय शुरू हो गई होती वहीं मानसिक प्रतंडना नहीं झेलना पड़ती।

प्रफुल्ल सक्सेना, राकेश चक्रवर्ती, गोपाल परासर,बृजेश चतुर्वेदी, मनोज सैनी,मयंक राज, अंकित गोस्वामी, विनोद पांडे, सेवेंद्र बर्मन, देवेंद्र , पवित्र, समर्थ आदि ने मांग पूरी न होने की दशा में आंदोलन शुरू करने की चेतावनी सरकार को दी है।

# द बडिंग डिजाइनर शो का आयोजन

## डिजाइनर्स व मॉडलस ने रैंप पर बिखेरा जलवा

जबलपुर।

फैशन डिजाइनर्स के डिजाइन किए हुए डिफरेंट और यूनिक कलेक्शन को मॉडल्स ने खूबसूरती से रिप्रजेंट किया। मौका था सिया इवेंट द्वारा द बडिंग डिजाइनर शो सीजन 3 का। होटल डिलाइट में हुए शो में इंडोवेस्टर्न से लेकर वेस्टर्न, इंडियन डिजाइन्स ने दिल जीता। सिया इवेंट की डायरेक्टर व इंटरनेशनल बेली डांस आर्टिस्ट पल्लवी दत्ता ने कहा कि इस शो का मकसद डिजाइनर्स की क्रिएटिविटी को सामने लाना है। साथ ही यह दर्शाना है कि परिधानों की सुंदरता में हमारी संस्कृति की सुंदरता भी समाहित है, ये हर वर्ग को जोड़ने का काम करते हैं। शो के दौरान करीब 10 डिजाइनर्स के कलेक्शन को 50 मॉडर्ल्स ने रिप्रजेंट किया। इस मौके पर फैशन जगत के जाने माने डिजाइनर्स और सेलिब्रिटी मौजूद रहे। शो में बेली डांस की शानदार परफॉर्मेंस भी इंटरनेशनल आर्टिस्ट पल्लवी ने दी।



### टैलेंट को मिली पहचान

शो में बतौर डिजाइनर शामिल हुए पार्टिसिपेंट्स का उत्साह भी देखने लायक रहा। जब उनके डिजाइन किए हुए क्लॉथस पहनकर मॉडल रैम्प पर उतरे तो उनके चेहरे की खुशी देखते ही बनी। इस दौरान ड़िजाइनर नीता पांडे, ड़िजाइनर पिंकी पैगवार, ड़िजाइनर दीपिका वर्मा, ड़िजाइनर शशि सुरेश सराफ, ड़िजाइनर मधु बचवानी, ड़िजाइनर प्रणिता मांडे, ड़िजाइनर अमन सराफ ने एक से बढ़कर एक कलेक्शन पेश किए। शो में गेस्ट के तौर पर मौजूद हर्षिता झिंगयानी, एडवोकेट अजय कुशवाहा, दीपा शर्मा, अनिकेश माइटी, रिशांत, रजनी वर्मा, प्रियंका पटेल ने डिजाइनर्स, मॉडल्स के प्रयासों की दिल से तारीफ की। सिया इवेंट की टीम से फाउंडर आर्यन राज, डायरेक्टर पल्लवी दत्ता, प्रोडक्शन मैनेजर आशुतोष राजपूत, कोरियोग्राफर एंड एंकर प्रकाम सिंह राजपूत का सहयोग रहा।



**एम पी ट्रांसको का पौधरोपण अभियान**

## सब स्टेशनों और रहवासी कालोनियों में किया जा रहा वृहद पौधरोपण

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देशानुसार और ऊर्जा विभाग की बिजली कंपनियों में पर्यावरण को सुरक्षित और स्वच्छ रखने के उद्देश्य से वृक्षारोपण अभियान के तहत मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के विभिन्न सब स्टेशनो और रहवासी कालोनियों में वृहद पौधरोपण का पहला चरण हुआ। एमपी ट्रांसको (मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) के मुख्यालय जबलपुर सहित प्रदेश के विभिन्न सब स्टेशनो में 2000 पौधों के रोपण लक्ष्य के मुकाबले 3261 पौधों का रोपण किया गया। इन पौधों में आक्सीजन उत्सर्जित करने वाले वृक्षों के अलावा फलदार और छायादार पौधों की विभिन्न प्रजाति शामिल हैं। पौधरोपण करने वाले कार्मिकों और परिजनों ने शपथ लेकर स्वेच्छा से इन पौधों की देखरेख का जिम्मा भी लिया। मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी में मुख्यालय जबलपुर सहित प्रदेश के 42 ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस कार्यालयों, 416 अति उच्च दाब सब स्टेशनों सहित एमपी ट्रांसको के सभी कार्यालयों के प्रांगणों तथा रहवासी कालोनियों में पौधरोपण का अभियान चलाया जा रहा है जिसमें आउटसोर्स कर्मी सहित प्रत्येक कार्मिकों व परिजन द्वारा पौधरोपण किया जा रहा।

## पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई



**जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने मंगलवार को अपने कार्यालय में जन सुनवाई की। इस दौरान 106 शिकायतों पर सुनवाई की गई। जन सुनवाई में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के आवेदक अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे थे। अधिकांश शिकायतें पति पत्नी, व पारिवारिक विवाद और जमीन संबंधी विवाद व मारपीट, सायबर क्राईम से जुड़ी थी। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना प्रभारियों और राजपत्रित अधिकारियों को इन शिकायतों का वैधानिक समाधान करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर सुश्री सोनाक्षी सक्सेना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समर वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति सोनाली दुबे, उप पुलिस अधीक्षक बी.एस. गोठरिया उपस्थित रहे।

**कृषि विवि में खाद्य उत्पादों का प्रशिक्षण**

# समाज को श्रीअन्न का फायदे समझाए : डॉ. कौतु



**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 के अंतर्गत, श्रीअन्न प्रसंस्करण एवं मूल्य संवंर्धित खाद्य उत्पादों के विषय में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.क.s कौतु के मुख्यआतिथ्य एवं अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी, गैर सहकारी संस्था एवं महिला उद्यमियों को मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। समापन कार्यक्रम के मुख्यअतिथि संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.के. कौतु ने कहा कि इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में आप सभी लोग जो कुछ भी सीखा है, उसे अपने क्षेत्रों में जाकर अन्य लोगों को भी श्रीअन्न की खेती, प्रोडक्शन, वैल्यू एडिशन हेतु जागरूक करें, जिससे अन्य लोग भी इसकी उपयोगिता को समझें और श्रीअन्न की खेती से अधिक मुनाफा प्राप्त कर समृद्धि के साथ आजीविका चला सकें। डॉ. कौतु ने श्री अन्न की खेती करने और सोशल मीडिया के माध्यम से इसके प्रचार-प्रसार करने पर जोर दिया।समापन कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय,जबलपुर डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि अपने क्षेत्रों के लागों को श्रीअन्न के उपयोग, महत्व एवं फायदे को समझायें और परिवार, समाज, देशहित में सहभागी बनें, क्योंकि श्रीअन्न की खेती से अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है साथ ही इसके सेवन से शरीर स्वस्थ्य और ऊर्जावान होता हैं। खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एस.एस.शुक्ला ने स्वागत उद्बोधन एवं तीन दिवसीय प्रशिक्षण के महत्व एवं इसके उद्देश्य के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। आपने बताया कि 27 मास्टर ट्रेनरों को श्रीअन्न प्रसंस्करण एवं मूल्य संबंर्धित खाद्य उत्पादों का सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। इस प्रशिक्षण में श्री अन्न से तैयार किये गये उत्पाद ब्रेड,बिस्किट,पास्ता टोस्ट,पफ, मशीनों द्वारा दराई सफाई, प्रसंस्करण,लघुधान्यों की उत्पादन तकनीक, कोदो,कुटकी, की मिलिंग पेकिंग आदि का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रशिक्षणार्थियों का मूल्यांकन किया गया और अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. अर्चना पांडे एवं आभार प्रदर्शन डॉ. हेमंत रहांगडाले द्वारा किया गया। इस अवसर पर खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एस.एस.शुक्ला, प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. श्रीमती अर्चना पांडे, परियोजना प्रभारी डॉ. प्रतिभा परिहार, विशेषज्ञ डॉ. अल्पना सिंह, डॉ. हेमंत रहांगडाले सहित विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।



# जल के लिए वन आवश्यक: कुलपति प्रो. मिश्रा

## बारात घर कैटरर्स एंड डेकोरेटर्स ने किया पौधारोपण

जबलपुर।

मंगलवार को जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु सामाजिक उत्तरदायित्व के भाव से जबलपुर बारात घर कैटरर्स एंड डेकोरेटर्स एसोसिएशन द्वारा अधारताल तालाब के परिसर में पौधारोपण का कार्यक्रम जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.पी. के.मिश्रा के मुख्यातिथ्य में हुआ। इस अवसर पर कुलपति प्रो.मिश्रा ने जबलपुर बारात घर कैटरर्स एंड डेकोरेटर्स एसोसिएशन के प्रयासों की सराहना करते हुए समाज के लिए पौधारोपण कार्य को पावन पुनीत कार्य की संज्ञा देते हुए कहा कि आज भारत ही नहीं पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग के संकट से जूझ रहा है, पृथ्वी का पार्यवरणीय संतुलन बिगड़ रहा है , जिससे धरती पर तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है , जगह जगह जल संकट का खतरा मंडरा रहा है, और इन सभी संकटों का एक ही हल है, हरी भरी धरती जिसके, लिए पौधारोपण आवश्यक है। जिसके लिए सभी को जागरूक होने और जागरूक करने की आवश्यकता है।

इस पौधारोपण कार्यक्रम में समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन, पूर्व एम आई सी सदस्य कमलेश अग्रवाल, समाज सेवी मंडल अध्यक्ष राहुल दुबे, पार्षद अंजना - मनीष अग्रहरी, बिमल राय, संतोष झारिया अधारताल तालाब विकास समिति के आशीष विश्वकर्मा, प्रदीप यादव, सतीश साहू जबलपुर बारात घर कैटरर्स एंड डेकोरेटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, गुड्डा अग्रवाल, महासचिव राकेश तिवारी, कोषाध्यक्ष महेश बजाज, संतोष केसरवानी सहित बड़ी संख्या में संगठन के सदस्य, क्षेत्रीय नागरिक गणमान्य जन उपस्थित थे।

# एग्री टूरिज्म की अपार संभावनाएं

**कृषि विवि में एमबीए छात्रों से परिचर्चा**

जबलपुर।

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान द्वारा कृषकों और छात्रों को उद्यमी बनाने और स्वरोजगार की दिशा में जोड़ने हेतु महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित कल्चुरी होटल बैंक्यूट प्रबंधक अनीस धन्यवाद का कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान,जनेकृविवि में आगमन हुआ। इस दौरान आपने एमबीए छात्रों से परिचर्चा की और हॉस्पिटिलिटी सेगमेंट और मध्यप्रदेश में एग्री टूरिज्म के विभिन्न आयामों, अवसर एवं संभावनाओं से छात्रों को अवगत कराया। श्री धन्यवाद ने भारत के अन्य क्षेत्रों में एवं प्रदेशों में विभिन्न प्रकार के एग्री टूरिज्म के उदाहरण देकर छात्रों को स्वयं के होमस्टे एवं एग्रो टूरिज्म से संबंधित व्यवसाय स्थापना हेतु आवहन किया। इस परिचर्चा के दौरान छात्रों से अपने-अपने क्षेत्रों की विषेषता जैसे-पर्यावरण, कृषि उत्पाद, भोजन की विविधता एवं स्थानीय परंपराएं (लोक नृत्य एवं लोकगीत) को संचालित करते हुए एग्री टूरिज्म को एक व्यवसाय के रूप में स्थापित कर स्थानीय लोगों को रोजगार एवं विकास के लिए प्रोत्साहन किया। उपस्थित छात्रों ने अनेक प्रश्न किए एवं परिचर्चा के दौरान शंकाओं को रेखांकित किया, अनीस ने सभी शंकाओं का समाधान किया। इस परिचर्चा कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के निदेशक डॉ. मोनी थॉमस की उल्लेखनीय भूमिका रही एवं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अनुपमा वर्मा, डॉ. लवीना शर्मा, श्रीमती लक्ष्मी सिंह, डॉ. दीपक पाल, श्री दीपांशु पटेल एवं श्री जय वर्मा का योगदान सराहनीय रहा।




**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, **ARMY NO. 1609418A RANK HAV NAME BRAJESH PRATAP SINGH S/O PRADEEP SINGH UNIT 24 RAJ RIF, LEH,** HAVE CHANGED NAME OF MY **MOTHER** FROM **PRAVHA SINGH** AND DATE OF BIRTH **01/01/1969** AS PER MY ARMY SERVICE RECORDS TO NAME **PRABHA SINGH** VIDE AFFIDAVIT DATED **29/06/2024** FORMERLY BEFORE PUBLIC NOTARY **SUKHENDRA KUMAR MISHRA, DIST SATNA.**

**CORRECT NAME:-PRABHA SINGH**
**INCORRECT NAME:-PRAVHA SINGH**

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/484/अ-6/2024-25
**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहन प्रसाद/ स्व. गंगा प्रसाद विश्वकर्मा नि.-1761 पुराना कंचनपुर पोस्ट ऑफिस दुर्गा मंदिर के सामने ने नजूल ब्लाक नं.-01 प्लाट नं.-55 निर्मित रकवा/ रकवा-2868 व.फु./ अवि. हिस्सा- /ग्राम-भडपुरा प.ह.नं.-22 खसरा नं.-160/6 रकवा-2868 व.फु./ हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक-25/03/1981 मृत्यु दिनांक- को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र- खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.-01 प्लाट नं. -55 निर्मित रकवा/ रकवा-2868 व.फु./ अवि. हिस्सा- / ग्राम -भडपुरा प.ह.नं.-22 खसरा नं.-160/6 रकवा-2868 व.फु./ हे. नानूराव S/o तुलाराम राव नि.-जबलपुर के नाम दर्ज है।

अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 15/07/2024 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 01/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक-01/07/2024
पेशी दिनांक-15/07/2024
मुद्रा
तहसीलदार
रांझी, जबलपुर

# 105 रुपए में मिल रहा है 4 बेडरूम का घर, गैराज और बगीचा भी है

एजेंसी ▶▶| लंदन


आपसे अलग कोई कहे कि कोई घर महज सैकड़ों में बिक रहा है, तो इस ज़माने में ऐसी बात का यकीन कर पाना मुमकिन नहीं है। हालांकि हम आपको एक ऐसे ही घर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसकी कीमत 200 रुपए भी नहीं लगाई गई है। वो बात अलग है कि घर काफी बड़ा है और इसके साथ काफी जगह और कीमती सामान भी फ्री में मिल रहा है। कहां लोग आलीशान घर बनवाने के लिए अपनी पूरी ज़िंदगी सिर्फ पैसा कमाने में गुजार देते हैं।वहीं कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जिनके पास इतनी बेहतरीन क्रिएटिविटी होती है कि वो सस्ती से सस्ती जगह को कमाल का बना देते हैं। ऐसे ही क्रिएटिव लोगों के लिए एक घर बिक रहा है, वो भी महज 105 रुपए में।

## खरीदने वाले को मिलेगा 7 लाख का इनाम भी!

### 105 रुपए में 4 बेडरूम का घर!

पाटिन्सन स्टेट एजेंसी की ओर से इस घर को बेचने के लिए रखा गया है। इंग्लैंड के न्यूकासल में मौजूद ये घर 4 बेडरूम का है।ये काफी हवादार है और इसमें दरवाजे-खिड़कियां खूब बनाई गई हैं। इसमें दो फ्लैट्स हैं, दो बाथरूम, एक लाउंज और एक किचन भी मौजूद है। इतना ही नहीं, इसके साथ एक यार्ड भी है, जहां बच्चे खेल सकते हैं। एक अलग से बना हुआ गैराज भी है और घर पब्लिक ट्रांसपोर्ट से ज्यादा दूरी पर भी नहीं है। बावजूद इसके घर को बेचते वक्त इसकी शुरुआती कीमत सिर्फ और सिर्फ 105 रुपए रखी गई है।





### खरीदा तो है फायदा ही फायदा

अब सवाल ये है कि इतनी सारी खूबियों के बाद भी घर की कीमत इतनी कम क्यों है? दरअसल, घर के अंदर कदम रख पाना हर किसी के बस की बात नहीं है। क्योंकि, ये बहुत ज्यादा गंदा है। फर्श उखड़े हुए हैं, वॉलपेपर्स निकल गए हैं, बाथरूम से लेकर हर कमरे में गंदगी मौजूद है। दरवाजे-खिड़कियां भी उखड़ रहे हैं। घर की इस कंडीशन को देखने के बाद ही नीलामी के लिए इसकी शुरुआती कीमत 105 रुपए रखी गई है। हालांकि, घर में एक कीमती चीज़ भी है, जो है एक बेबी ग्रांड पियानो, जिसकी मार्केट प्राइस 7000 यानी 7 लाख रुपए से भी ज्यादा बताई जा रही है। ये घर खरीदने वाले को बोनस के तौर पर मिलेगा।

# मंगल ग्रह को लेकर नए खुलासे से डरे वैज्ञानिक
# नए शोध में सामने आई चौंकाने वाली जानकारी

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

वैज्ञानिक सालों से मंगल ग्रह के रहस्यों को सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं। अब एक शोध में हैरान करने वाला खुलासा हुआ है, जिसने वैज्ञानिकों को हैरत में डाल दिया है। इस शोध के मुताबिक, हर वर्ष मंगल ग्रह से बास्केटबॉल के आकार की सैकड़ों अंतरिक्ष चट्टानें टकराती हैं। इसकी वजह से मंगल ग्रह की सतह पर बड़े-बड़े गड्ढे बनते हैं। नासा के इनसाइट मिशन से मिले डेटा का इस्तेमाल वैज्ञानिक भविष्य के रोबोट मिशनों और अंतरिक्ष यात्रियों के दल को मंगल पर कहां उतारा जाए यह निर्धारित करने के लिए कर सकते हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने इनसाइट मिशन को दिसंबर 2022 में समाप्त घोषित कर दिया गया था। नासा ने ऐसा इसलिए किया, क्योंकि इस मिशन के लैंडर ने अपने सौर पैनलों पर मंगल ग्रह की धूल के जमाव को साफ नहीं कर पाया था। हालांकि, इस मिशन से इतने डेटा मिले हैं, जिन पर अभी भी शोध किया जा रहा है।

### मंगल पर आते हैं भूकंप

इनसाइट मिशन के लैंडर के साथ मंगल ग्रह पर पहला सीस्मोमीटर (भूकंप मापी यंत्र) भेजा गया था। यह संवेदनशील उपकरण ग्रह लैंडर के स्थान से हजारों मील दूर होने वाली भूकंपीय तरंगों का पता लगाने में सक्षम था। इनसाइट ने मंगल ग्रह पर अपने सीस्मोमीटर का इस्तेमाल कर 1,300 से अधिक भूकंपों का पता लगाया। यह उस समय होता है जब दबाव और गर्मी की वजह से मंगल ग्रह की सतह में दरार आ जाती है। हालांकि, इनसाइट ने मंगल ग्रह पर उल्कापिंडों के टकराने के साक्ष्य भी जुटाए हैं।



### मंगल ग्रह पर मिले नए गड्ढे

शोधकर्ताओं ने साल 2021 से इनसाइट के डेटा पर गहन अध्ययन किया है। इसमें पता चला है कि अंतरिक्ष की चट्टानें मंगल ग्रह से पहले से कहीं ज्यादा बार टकराती हैं। यह बीते अनुमानों से दो से 10 गुना अधिक है। साइंस एडवांसेज जर्नल में एक नया अध्यय प्रकाशित किया गया है, जिसमें यह बातें बताई गई हैं। ब्राउन यूनिवर्सिटी में पृथ्वी, पर्यावरण और ग्रह विज्ञान की एसोसिएट प्रोफेसर और अध्ययन की मुख्य लेखिका इंग्रिड डाबर ने बताया कि संभावना है कि मंगल ग्रह हमारे विचार से अधिक भूगर्भीय रूप से सक्रिय हो, जो ग्रह की सतह की उम्र और विकास के लिए निहितार्थ रखता है।

### ग्रह पर क्यों गिर रही हैं अंतरिक्ष चट्टानें

मंगल ग्रह पर बड़े चट्टानी पिंडों से अलग हो गई उल्कापिंड अंतरिक्ष की चट्टानें गिरती हैं। नासा के मुताबिक, इन पिंडो का आकार धूल के कणों से लेकर छोटे क्षुद्रग्रहों के बराबर तक होता है। अंतरिक्ष में जब रहता है, तो उल्कापिंड कहा जाता है, लेकिन जब पृथ्वी या किसी दूसरे ग्रह के वायुमंडल से गुजरता है, तो उल्का कहलाता है। वैज्ञानिकों का सवाल है कि आखिर मंगल ग्रह पर अधिक प्रभाव क्यों नहीं मिले हैं, क्योंकि यह ग्रह हमारे सौर मंडल के मुख्य क्षुद्रग्रह बेल्ट के पास स्थित है। जहां पर कई अंतरिक्ष चट्टानें मंगल ग्रह की सतह से टकराने के लिए निकलती हैं। मंगल ग्रह का वायुमंडल पृथ्वी की मोटाई का सिर्फ एक फीसदी है। इसका मतलब यह है कि ज्यादा उल्कापिंड बिना विघटित हुए इसके माध्यम से निकल जाते हैं।

# अंतिम संस्कार के दौरान इंसान के दिमाग को खाने की थी परंपरा

एजेंसी ▶▶| लंदन

दुनियाभर में कई रहस्यमयी जनजातियां पाई जाती हैं। इन जनजातियों को उनकी परंपराओं, रहन-सहन और खान-पान के लिए जाना जाता है। यह आदिवासी जनजातियां अभी भी हजारों साल पुरानी परंपराओं का पालन करती हैं। यह जनजातियां जिस स्थान पर रहती हैं, वहां पर उनका पूरा अधिकारा होता है। इन प्रजातियों के अधिकारों में सरकारें भी दखल नहीं देती हैं। दुनिया में रहने वाली इन जनजातियों में कुछ बेहद खतरनाक होती हैं। पापुआ न्यू गिनी में पाई जानी वाली एक जनजाति बेहद खतरनाक मानी जाती है। यह जनजाति अपने अजीबोगरीब रिवाज के लिए पूरी दुनिया में जानी जाती है। इनकी परंपरा के बारे में जानकर आप हैरान हो जाएंगे। इस जनजाति में किसी भी शख्स के अंतिम संस्कार के दौरान इंसान के दिमाग को खाने की परंपरा थी। ब्रिटेन और पापुआ न्यू गिनी में फोर जनजाति मिलती है। वैज्ञानिकों ने इन जनजाति के लोगों पर शोध किया है, जिसमें हैरान करने वाला खुलासा हुआ है।



### अपने प्रिय लोगों के सम्मान के तौर पर इस प्रथा का करते थे पालन

फोर जनजाति में किसी शख्स का अंतिम संस्कार होता था, तो वहां दावत का आयोजन किया जाता था। इन आयोजनों में लोग अपने मरने वाले रिश्तेदारों का मांस खाते थे, तो वहीं महिलाएं उनका दिमाग खाती थीं। जनजाति के लोग अपने प्रिय लोगों के सम्मान के तौर पर इस प्रथा का पालन करते थे। यह जनजाति मानती थी कि अगर शरीर को दफनाया जाता है या कहीं पर रखने से कीड़े खाते हैं। इससे अच्छा है कि मृतक से प्यार करने वाले लोग शरीर को खा जाएं। महिलाएं मृत व्यक्ति के शरीर से दिमाग को निकालती थीं और बांस में भरकर पकाती थीं। पित्ताशय को छोड़कर शरीर के सभी मांस को भूनकर खा जाते थे।

### यह परंपरा है मानसिक बीमारी

मानव विज्ञानी शर्ले लिंडेनबॉम ने साल 1950 के दौरान खोज की कि जनजाति के लोगों में यह परंपरा एक मानसिक बीमारी है। इस बीमारी को कुरु कहा जाता है। उन्होंने एक मीडियो को बताया कि जब उनसे सवाल किया गया कि आप लोग शरीर के साथ ऐसा क्यों करते हैं? उनका कहना था कि हमने उन्हें खा लिया। कुरु एक लाइलाज न्यूरोलॉजिकल कंडीशन है, जिससे नर्वस सिस्टम लगभग बंद हो जाता है। माना जाता है कि यह किसी इंफेक्शन के शिकार व्यक्ति के मस्तिष्क को खाने के कारण आई होगी और दूसरों में भी फैलती गई और परंपरा बन गई।

# वो जगह जहां नहीं चलती एक भी कार, घोड़ागाड़ी से होता है सफर

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

हमारी दुनिया इतनी विकसित और दौड़ती-भागती है कि हम कल्पना भी नहीं कर सकते कि कोई ऐसी भी जगह है, जहां आप मोटर गाड़ियां नहीं चला सकते। जहां आपको आने-जाने के लिए सिर्फ और सिर्फ बिना मोटर वाले वाहनों पर निर्भर रहना पड़े। अगर आप सोच रहे हैं कि वहां ज़िंदगी कैसी होगी, तो आप वायरल हो रहे एक वीडियो के ज़रिये देख सकते हैं कि वहां लोग कितने सुकून में रहते हैं। आप शायद ही किसी ऐसी जगह की कल्पना कर सकते हैं, जहां मोटर गाड़ियां चलाने पर प्रतिबंध लगा हो? वैसे एक जगह ऐसी है, जहां सिर्फ साइकिलें और घोड़ागाड़ियां ही चलती हैं। आप जानकर हैरान रह जाएंगे कि ये जगह भी सबसे विकसित देश अमेरिका में है। इस जगह पर हवा की क्वालिटी इतनी बेहतरीन है कि प्रदूषण के बीच रहते-रहते हम इसे सोच भी नहीं सकते।

ह्यूरन झील के पास मौजूद इस समर रिसॉर्ट सिटी में जाने के लिए फेरी का सहारा लेना पड़ता है। द्वीप की जनसंख्या भी करीब 600 लोगों की है और ये जगह अपनी नेचुरल ब्यूटी के लिए मशहूर है। लोग यहां बड़ी संख्या में घूमने के लिए आते हैं। खासतौर पर जून में लीलैक फेस्टिवल और फॉल फोलिएज देखने लोग इस जगह पर पहुंचते हैं।

### सुकून भरी है ज़िंदगी




अमेरिका के मिशिगन में मौजूद मैकिनैक काउंटी में मैकिनैक द्वीप है। यहां पिछले 127 सालों से मोटर व्हीकल्स पर बैन लगा हुआ है। ये पाबंदी साल 1898 से लगाई गई थी, जिसके बाद पूरे द्वीप पर आपको ढूंढे से भी कारें नहीं मिलेंगी। यहां के लोग घोड़ा गाड़ियों और साइकिलों से ही सफर करते हैं। इस पाबंदी का नतीजा यहां की बेहतरीन हवा की क्वालिटी है।

# फ्लाइट में महिलाओं से न हो छेड़छाड़ इसलिए इंडिगो ने शुरू की खास सुविधा


**नई दिल्ली।** फ्लाइट में लगातार महिलाओं के साथ छेड़छाड़ मामलों को देखते हुए इंडिगो ने महिला यात्रियों के लिए एक विशेष सुविधा की घोषणा की है। इंडिगो ने वेब चेक-इन के दौरान एक नया फीचर लॉन्च किया है, जिससे महिला यात्री देख सकेंगी कि कौन सी सीट अन्य महिला यात्रियों द्वारा पहले से बुक की गई है। इसके बाद वह चाहे तो अपनी सीट किसी महिला के बगल में सेलेक्ट कर सकेंगी। इंडिगो का कहना है कि इस सुविधा की शुरुआत रिसर्च के आधार पर शुरू किया गया है, ताकि महिला यात्रियों के लिए सफर को और आरामदायक बनाया जा सके। इंडिगो ने एक बयान में कहा कि यह सुविधा सिर्फ उन्हीं महिला यात्रियों को मिलगी, जो वेब चेक-इन करेंगी। इसे विशेष रूप से महिला यात्रियों के लिए तैयार किया गया है चाहे वह अकेले यात्रा कर रही हों या फिर उनकी फैमिली के साथ बुकिंग हो। यह सुविधा "महिला यात्रियों के लिए यात्रा के अनुभव को और अधिक आरामदायक" बनाने के लिए शुरू की गई है। इंडिगो की इस सुविधा के तहत सीट बुक करने वाली महिलाएं अब वेब चेक-इन के समय अन्य महिला यात्रियों द्वारा बुक की गई सीटों के बारे में जान सकती हैं। ऐसे में वे चाहें तो उसी हसिाब से अपने सीट का सेलेक्शन कर सकेंगी। इंडिगो ने कहा यह खासतौर पर महिला यात्रियों के लिए अकेले और साथ ही पारिवार के साथ बुकिंग के लिए है।

## राशिफल


मेष
मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। भवन की साज-सज्जा पर खर्च बढ़ेंगे। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।


वृष
मीठे खानपान में रुचि बढ़ सकती है। मन परेशान हो सकता है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


मिथुन
परिश्रम भी अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।


कर्क
शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।


सिंह
मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


कन्या
भागदौड़ अधिक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।


तुला
व्यर्थ के क्रोध से बचें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी।


वृश्चिक
कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार में फायदा होगा।


धनु
शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। उच्च शिक्षा के लिए विदेश भी जा सकते हैं। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च बढ़ेंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा।


मकर
लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी।


कुंभ
क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। वाहन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा खर्च


मीन
परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

# कहां है धरती की सबसे सुनसान जगह? अब तक पहुंच पाया है सिर्फ 1 इंसान, दर्जनों सैटेलाइट्स की है कब्र!

एजेंसी ▶▶| लंदन

क्या आप जानते हैं कि हमारी धरती पर सबसे सुनसान जगह कहां है? नहीं, वो किसी जंगल या रेगिस्तान में नहीं है बल्कि समुद्र में है। ये जगह इतनी ज्यादा सुनसान है कि यहां से सबसे नजदीक जो इंसान हैं, वो किसी शहर में नहीं, बल्कि अंतरिक्ष में मौजूद इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर हैं। ये जगह इतने विराने में है कि यहां तक सिर्फ 1 ही इंसान तक अब तक पहुंच पाया है। पर सबसे ज्यादा हैरानी की बात ये है कि इस जगह पर दर्जनों सैटेलाइट्स की कब्र है।

### इस जगह से जमीन है हजारों किलोमीटर दूर

हम बात कर रहे हैं पॉइंट नीमो की। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार पॉइंट नीमो दक्षिण प्रशांत महासागर में न्यूजीलैंड और चिली के बीच समुद्र में एक जगह है। ये कोई आइलैंड या भूमि नहीं है, बल्कि समुद्र का एक हिस्सा है, जिसे जमीन से सबसे दूर माना जाता है। ये जगह जमीन से 2,688 किलोमीटर दूर है। इस जगह को समुद्र का वो बिंदु भी माना जाता है, जो बेहद दुर्गम है। इस जगह से अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन 415 किलोमीटर की दूरी पर है।



### स्पेसक्राफ्ट्स का है कब्रिस्तान

बीबीसी के अनुसार इस जगह को स्पेसक्राफ्ट के कब्रिस्तान के रूप में भी जाना जाता है। 1971 से 2008 के बीच ग्लोबल स्पेस पावर, जैसे अमेरिका, रूस, जापान और यूरोप ने यहां 263 स्पेस ऑब्जेक्ट को गिराया। यहां सोवियत मीर स्पेस स्टेशन, 140 रूसी रीसप्लाई वेहिकल आदि को गिराया जा चुका है।

### सिर्फ एक शख्स पहुंचा है पॉइंट नीमो

नॉर्थ यॉर्कशायर के 62 साल के क्रिस ब्राउन और उनके 30 साल के बेटे, अपनी शिप हैंसे एक्सप्लोरर और उसके क्रू के साथ इस जगह पर फतह पाने के उद्देश्य से 12 मार्च को चिले के पुएर्टे मॉन्ट से चले थे। 20 मार्च को वो इस स्थान पर पहुंचे थे।रास्ते में उन्हें घरों के बराबर ऊंची लहरों का सामना करना पड़ा, जहाजी मतली, और चक्रवात को झेलते हुए वो इस जगह पर पहुंचे थे। यहां पहुंचते ही उन्होंने तय किया कि वो इस जगह पर समुद्र में तैरेंगे जहां पानी का तापमान 7 डिग्री सेल्सियस तक होता है। क्रिस इस बात के लिए निश्चित थे कि उनसे पहले इस स्थान पर और कोई नहीं पहुंचा था। 31 मार्च को वो जमीन पर लौट आए थे।

आवश्यकता

आवश्यकता है- AIRPORT डायरेक्ट भर्ती अनपढ़ 8th, 10th, 12th, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) एयर होस्टेस, सुपरवाईजर, मैनेजर, ग्राउंड स्टाफ, क्लर्क, चेकर, लोडर, गार्ड, इलेक्ट्रीशियन, ड्राइवर, हेल्पर 31500-82500 मेडिकल, इंश्योरेंस, रहना, खाना फ्री. 7495042110, 7404063544 (रायपुर /16 / जुलाई 24)

आवश्यकता है- Fraud से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियां गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 7003467406 , 7645886307 (रायपुर /07/ जुलाई 24)


सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह का विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस। 08116592844

## शब्द पहेली - 5560



**बाएँ से दाए-**
1. पदमाकर, कमल सरोवर-5
4. इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6. देवस्थान, मंदिर-2
7. शिव आवास-3
8. उत्तम, सज्जन-2
10. पति, शोहर-3
11. दमकना-4
14. टीस, पीड़ा-3
16. झरने की आवाज-4
17. आशा, इच्छा-2
18. संध्या, शाम-2
19. निराकार, भगवान-4
21. बुझाना, शांति-3
22. अभिप्राय-4
24. आंचल-3
25. घोड़ागाड़ी-2
27. उष्ण-3
28. पिता के पिता-2
29. पंक्ति-3
30. तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**
1. कथा कहने वाला-5
2. चित, जी-2
3. कार्यशाला, यंत्रालय-4
4. माहिर, दक्ष-3
5. आकाश, गगन-2
7. कारावास-2
9. योग्य-3
12. अनुमान, अंदाज-3
13. झगड़ा, कहासुनी-4
15. मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16. पक्षियों का शोर-4
17. राहत, विश्राम -3
18. मुसीबत, आफत -3
20. होशियार, चेतावनी-5
21. नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23. मगरमच्छ-3
24. दर, मूल्य-2
26. भूमि, धरती-2
28. पिता के पिता-2

### शब्द पहेली -5559 का हल



## सूडोकू नवताल - 5571

★★★★☆ कठिन


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 2 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 5570 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |



# अजय देवगन की फिल्में दूरदर्शन पर होंगी प्रसारित

**नई दिल्ली।** दूरदर्शन देश का पहला चैनल है, जिसने हमें सिनेमा और समाचार से जोड़ा। बचपन में हम सभी दूरदर्शन पर आने वाले कार्यक्रमों का इंतजार करते थे। खासकर, शनिवार और रविवार को प्रसारित होने वाली फिल्में तो दर्शक बहुत चाव से देखते। अब वैसा ही दौर इस चैनल पर फिर आने वाला है। इस बार खास सेवाएं हैं अजय देवगन के प्रशंसकों के लिए। दूरदर्शन अपने दर्शकों और अजय देवगन के प्रशंसकों के लिए एक विशेष प्रसारण करने जा रहा है। डीडी नेशनल पर हर शुक्रवार और शनिवार को अजय देवगन की सुपरहिट फिल्मों को दिखाया जाएगा।

लाइफ Style

# देवलीना

## किरदार का प्रकार रखता है मायने

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई की फिल्म नगरी ऐसी है कि यहां शोहरत पाने के बाद बड़े बड़े सितारे अपनी जमीन को भूल जाते हैं। लेकिन, छोटे परदे की सुपरस्टार देवोलीना भट्टाचार्जी अपनी जमीन, अपनी मिट्टी नहीं भूली हैं। असम में बनी हिंदी फिल्म 'कूकी' में उनके अभिनय की खूब तारीफ हो रही है।

एक छोटी सी मुलाकात में उनसे चार बातें हुईं और उसी दौरान चली चर्चा में वह बोलीं, 'मेरे लिए किरदार का प्रकार मायने रखता है। परदे का आकार मेरे लिए मायने नहीं रखता...!' राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएफडी) की स्नातक देवोलीना के लिए अभिनय बस एक सपने जैसा ही रहा। गुरुग्राम से पढ़ाई करने वह दिल्ली में फैशन तकनीक सीख रही थीं जब उन्हें एक मशहूर जेवरात कंपनी ने अपने यहां नौकरी ऑफर कर दी। मुंबई आई तो वह इसी नौकरी के लिए ही थीं, लेकिन भरतनाट्यम की प्रशिक्षित नर्तकी देवोलीना के 'डांस इंडिया डांस 2' के लिए दिए गए ऑडिशन ने उन्हें दिला दिया धारावाहिक 'सवारे सबके सपने प्रीतो'। इसके बाद तो 'बिग बॉस' में उनकी हैट्रिक बनी। 'साथ निभाना साथिया' की गोपी बहू ने उन्हें देश के घर घर तक पहुंचाया और शोहरत का सातवां आसमान उन्होंने लगातार नापा। देवोलीना को हाल ही में बड़े परदे पर फिल्म 'कूकी' में देखा गया। असम में बनी इस हिंदी फिल्म के लिए इसकी निर्माता जुन्मोनी ने जैसी ही देवोलीना की मदद मांगी, असम के शिवसागर में ही जन्मी देवोलीना तुरंत तैयार हो गईं। इस फिल्म में बलात्कार पीड़ित एक किशोरी के दर्द को अपने समाचार कार्यक्रम के जरिये दुनिया तक एक मुद्दा बनाकर रखने वाली पत्रकार के किरदार में देवोलीना को खूब सराहा।




हॉलीवुड मसाला



# फिल्म देख रोने लगते हैं लोग

**लॉस एंजिलिस।** थाईलैंड में एक फिल्म आई है। नाम है हाऊ टू मेक मिलियन बिफोर ग्रैंडमां डाएज। इस फिल्म को अब दुनियाभर में देखा जा रहा है और जहां भी ये फिल्म रिलीज हो रही है वहां की जनता इसे देख काफी इमोशनल हो जा रही है। ऐसा सामने आया है कि इस फिल्म को देखने के बाद थिएटर में लोग इतना रो रहे हैं कि उन्हें टीशू पेपर की जरूरत पड़ जा रही है। इस मूवी की बात करें तो इसमें एक बूढ़ी दादी मां के दृष्टिकोण से एक परिवार की कहानी दिखाई गई है।



# मिली ने 20 साल की उम्र में गुपचुप रचाई शादी

**लॉस एंजिलिस।** 20 साल की मिली बॉबी ब्राउन ने अपने 22 साल के बॉयफ्रेंड जेक बोनजियोवी से शादी कर ली है। दोनों ने बेहद गुपचुप तरीके से शादी की। उनकी शादी पिछले हफ्ते हुई पर किसी को भी इसकी भनक नहीं लगी। अब रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि स्ट्रेंजर्स थिंग्स की स्टार ने अपना घर बसा लिया है। उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड को अपना हमसफर बनाया है। जेक मॉडल हैं. वो मशहूर संगीतकार जॉन बोन जोवी के बेटे हैं। मिली और जेक काफी वक्त से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे और अब दोनों ने शादी कर ली है। इन दोनों स्टार की शादी में ज्यादा तामझाम नहीं किया गया। दोनों के बेहद करीबी दोस्त और परिवार वाले ही इस शादी में शामिल हुए थे।



# डिप्रेशन के दिनों को याद कर छलका दर्द

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री आलिया भट्ट की बहन शाहीन भट्ट की खासियत ये है कि उनका अपना अनुभव उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा सबक बन चुका है। उनको हादसों ने पाला है। और, उनका हर एक चलन निराला है। वह मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे पर खुलकर बात करती हैं। हाल ही में, अपने मानसिक स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म 'हियर कम्स द सन' पर लेखिका ने एक वीडियो का एक अंश साझा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि बचपन में उन्हें लगता था कि कुछ गड़बड़ है और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के कारण वह दूसरे आम बच्चों की तरह नहीं हैं। शाहीन ने कहा, 'डिप्रेशन तब शुरू हुआ जब मैं बहुत छोटी थी। मैं लगभग 12 साल की थी। उस समय, कोई भावनात्मक सपोर्ट नहीं थी। जब मैं बड़ी हो रही थी, तब भी डिप्रेशन के बारे में बात नहीं की जाती थी।'



# विजय ने निगेटिव रोल में पाई शोहरत

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय वेब सीरीज 'मिर्जापुर' का तीसरा सीजन जल्द ही प्रीमियर होने वाला है। इस नए सीजन का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस सीरीज को पसंद करने वाले दर्शकों की सूची काफी लंबी है, जो इसके नए सीजन को लेकर काफी उत्साहित भी नजर आ रहे हैं। हाल में ही इसका ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिस पर दर्शकों ने काफी प्रतिक्रिया भी दी थी। इस सीरीज में अभिनेता विजय वर्मा जुड़वा भाइयों की दोहरी भूमिका में नजर आए हैं। इस का दूसरा सीजन एक ऐसे मोड़ पर खत्म हुआ था, जिसने दर्शकों को सोच में डाल दिया था कि छोटे भाई की मौत हुई थी या बड़े भाई की। बॉलीवुड फिल्मों और वेब सीरीज में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले विजय वर्मा हैदराबाद के एक मारवाड़ी परिवार से ताल्लुक रखते हैं।

टीवी मसाला



# जुलाई में शुरू होंगे नए धमाकेदार टीवी सीरियल्स

**नई दिल्ली।** जुलाई के महीने में कई टीवी शोज की शुरुआत होने वाली है। इन टीवी शोज की कहानी इतनी दमदार है कि यह 'अनुपमा' जैसे पॉपुलर टीवी शो को भी टक्कर दें सकते हैं। इस सूची में 'खूबसूरत', 'मेघा बरसेंगे', 'मिश्री', 'दिल को तुमसे प्यार हुआ' और भी कई टीवी शोज का नाम शामिल है। कलर्स टीवी पर 'डोरी' सीरियल का दूसरा सीजन जल्द शुरू होगा। नए सीजन के साथ 'डोरी 2' सीरियल नई स्टारकास्ट के साथ जल्द ही टीवी की दुनिया में दस्तक देने वाला है। खास बात तो यह है कि इस सीरियल के लिए लीड एक्ट्रेस का नाम भी तय हो चुका है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आशी सिंह 'डोरी 2' का हिस्सा नहीं बन सकती हैं। अभिनेत्री निहारिका चौकसे भी 'डोरी 2' में लीड रोल अदा करती दिखाई देंगी। हो सकता है कि यह शो जुलाई में ही शुरू हो जाए। कलर्स टीवी अपने नए शो 'खूबसूरत' से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। शो 'खूबसूरत' साधारण लड़की के सपनों की कहानी है, जिससे हर एक मुंबईवासी खुद को जुड़ा पाता है। एक चॉल में रहने वाली नव्या शहर की गगनचुंबी इमारतों जितनी ऊंची आकांक्षाओं के साथ खड़ी है।

## नए टप्पू की सैलरी जान लगेगा झटका भव्य गांधी से डबल है एक्टर की फीस


**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो में नए टप्पू नितीश भलुनी की एंट्री हो चुकी है। नितीश को भी लोगों का खूब प्यार मिल रहा है। तारक मेहता का उल्टा चश्मा कई सालों से लोगों का एंटरटेनमेंट करता आ रहा है। सबसे पहले भव्य गांधी इस रोल को निभाते थे।



तारक मेहता का उल्टा चश्मा की जब शुरुआत हुई थी तब इस किरदार को भव्य गांधी ने निभाया था। भव्य ने 2008 से लेकर 2017 तक ये रोल किया। उसके बाद उन्होंने शो छोड़ दिया क्योंकि वो फिल्मों में अपना हाथ आजमाना चाहते थे। रिपोर्ट्स की माने तो भव्य की फीस एक एपिसोड की 10000 रुपए थी। राज अनादकत ने भव्य को 2017 में रिप्लेस किया था। जब उन्होंने भव्य को रिप्लेस किया तो टप्पू के किरदार की फीस बढ़ गई। राज को एक एपिसोड के लिए 20000 रुपए मिलते थे। भव्य से राज की सैलरी डबल थी। पांच सालों तक ये किरदार निभाने के बाद राज ने भी ये शो छोड़ने का फैसला लिया। नए टप्पू यानी नितीश भलुनी को भी 20000 रुपए पर एपिसोड के लिए मिल रहे हैं।

# प्रभास ने 'स्टेपामार' को बताया 'मेंटल एनर्जी सॉन्ग'

**मुंबई।** साउथ अभिनेता राम पोथिनेनी और संजय दत्त की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डबल इस्मार्ट' इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म की शूटिंग से जुड़ी कुछ जानकारियां देने के बाद हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म के ट्रेलर को भी जारी कर दिया था, जिसे दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिली थी। वहीं, हाल ही में फिल्म का गाना 'स्टेपामार' भी रिलीज कर दिया है। कल्कि 2898 एडी अभिनेता प्रभास ने इस गाने की तारीफ की है और इसे 'मेंटल एनर्जी सॉन्ग' बताया है। उन्होंने गाना शेयर करते हुए लिखा, "मेंटल एनर्जी सॉन्ग! राम और पुरी गारू की ओर से क्या एनर्जी है! इस डांस नंबर को नकाश अजीज, साहिती ने गाया है और इसे मोशिन ने लिखा है,




जबकि संगीत मणि शर्मा का है। इस फिल्म का पहला भाग साल 2019 में रिलीज हुआ था। इस साइंस फिक्शन- एक्शन फिल्म को पुरी जगन्नाथ ने लिखा और निर्देशित किया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर काफी सफल साबित हुई थी। इस फिल्म से अभिनेता के फैंस काफी उत्साहित थे और फिल्म बड़े पैमाने पर दर्शक बटोर पाने में सफल रही थी। फिल्म का निर्माण चार्मी कौर और पुरी जगन्नाथ ने पुरी कनेक्ट्स के बैनर तले किया है। फिल्म में बॉलीवुड स्टार संजय दत्त भी खलनायक की भूमिका में नजर आने वाले हैं। फिल्म में बानी जे, अली, गेटअप श्रीनु, सयाजी शिंदे, मकरंद देशपांडे, टेम्पर वामसी भी अहम भूमिका में दिखेंगे।

# थ्रिलर-सस्पेंस देखना चाहते हैं, तो देखिए ये पंजाबी वेब सीरीज, जो कर देंगी आपके रोंगटे खड़े ...

**मुंबई।** हिंदी वेब सीरीज से बोर हो चुके हैं तो देखिए ये बेहतरीन पंजाबी वेब सीरीज, जो एक्शन, थ्रिलर और सस्पेंस से भरपूर हैं। ये पंजाबी वेब सीरीज दुनिया भर में धूम मचा रही हैं। आपके लिए कुछ बेहतरीन पंजाबी वेब सीरीज लेकर आए हैं, जिसमें रणदीप हुड्डा अभिनीत 'कैट', सुरविंदर विक्की अभिनीत 'कोहरा' जैसी तमाम वेब सीरीज शामिल हैं।

'कैट' एक थ्रिलर पंजाबी वेब सीरीज है, जो पंजाब के ड्रग व्यापार के अंधेरे पहलू को उजागर करती है। पूर्व मुखबिर गुरनाम सिंह का किरदार रणदीप हुड्डा ने निभाया है, जो अपने भाई को बचाने के लिए फिर से इस खेल में शामिल होना पड़ता है। पुलिस अधिकारी सेहताब सिंह का किरदार सुविंदर विक्की ने निभाया है, जो अंडरकवर काम करते है। इस पंजाबी वेब सरीजी को आप नेटफ्लिक्स पर घर बैठे देख सकते हैं।



म्यूजिकल थ्रिलर पंजाबी वेब सीरीज 'चमक' पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री के अंधेरे पक्ष को दर्शाती है। कनाडा से रैपर बनने की चाहत रखने वाला काला (परमवीर चीमा) जब पंजाब लौटता है, तो उसे पता चलता है कि उसके मशहूर गायक पिता तारा सिंह (गिप्पी ग्रेवाल) की स्टेज पर हत्या कर दी गई है। तारा अपने पिता की मौत के पीछे की सच्चाई को उजागर करते हुए न्याय की तलाश करता है।

हिंदी-पंजाबी थ्रिलर वेब सीरीज़ 'तब्बर' में दिखाया गया है कि एक परिवार किस हद तक अपना जीवन बीता सकता है। जालंधर में रहने वाले एक रिटायर्ड पुलिस अधिकारी ओमकार सिंह (पवन मल्होत्रा) की दुनिया तब उजड़ जाती है, जब उसका बेटा हैप्पी (गगन अरोड़ा) गलती से ट्रेन स्टेशन पर गलत बैग ले लेता है। यह बैग महीप सोढ़ी (कंवलजीत सिंह) का है, जो एक शक्तिशाली राजनेता का भाई है। टब्बार पारिवारिक वफादारी, धोखे और अपने प्रियजनों की रक्षा के लिए कितनी दूर तक जा सकता हैं, इसकी एक मनोरंजक कहानी है।

क्राइम थ्रिलर पर आधारित पंजाबी वेब सीरीज है 'कोहरा'। यह एक ऐसी वेब सीरीज है, जो एक हत्या के नतीजों पर आधारित है। ब्रिटिश-भारतीय दूल्हा कबीर (सौरव खुराना) ग्रामीण पंजाब में अपनी शादी से कुछ दिन पहले मुर्दा पाया जाता है। दो अलग-अलग पुलिस अधिकारियों, तेज और गंभीर सेहर (सुरविंदर विक्की) और आवेगी एसआई सुख ( बरुन सोबती ) को जांच में आगे बढ़ना होगा।

## अब इस एक्टर ने दे डाली 100 करोड़ी फिल्म, मुंज्या रही हिट

# गुजारा करने के लिए बेचना पड़ा घर, ट्रांसजेंडर बनकर सड़कों पर भी रहा

**नई दिल्ली।** 30 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने लगभग 100 करोड़ रुपए का आंकड़ा भी पार कर लिया है। वहीं, फिल्म को मिली इस जबरदस्त सक्सेस का सारा क्रेडिट इसके मजेदार कॉन्सेप्ट, लोककथाओं और हॉरर के मिश्रण के साथ-साथ बेहद पसंद किए गए लीड एक्टर अभय वर्मा को दिया गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं अभय वर्मा को यहां तक पहुंचने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा है।

### पिता की बीमारी के बाद बेचना पड़ा घर

25 साल के अभय को 'द फैमिली मैन'से पहचान मिली। उन्होंने कई फिल्मों और शो में छोटी भूमिकाएं निभाई हैं। 'मुंज्या'में एक्टर को लीड किरदार निभाने का मौका मिला और उन्होंने कमाल कर दिया। हाल ही में एक इंटरव्यू में अभय ने अपनी मिडिल क्लास परवरिश और आर्थिक तंगी का सामना करने का खुलासा किया। अभय ने बताया कि उनके पिता एक ज्वैलरी की दुकान चलाते थे, लेकिन जब अभय छठी कक्षा में थे, तब उनके पिता को पीलिया हो गया, जिससे उनके लीवर पर असर पड़ा और फिर उन्होंने बिस्तर पकड़ लिया। एक्टर ने बताया कि उनकी मां को उनके परिवार के लिए रोटी कमाने वाली बनना पड़ा। बढ़ते खर्चों के कारण, परिवार ने गुजारा करने के लिए अपना घर बेच दिया। तीन साल बाद अभय के पिता का निधन हो गया।

*इस एक्टर को बचपन में काफी तकलीफों का सामना करना पड़ा। पिता बीमार हुए तो घर में भूखे मरने की नौबत आ गई। फिर घर तक बिक गया। काफी संघर्ष के बाद अब इस एक्टर ने 100 करोड़ी फिल्म दी है। हाल ही में रिलीज़ हुई हॉरर कॉमेडी 'मुंज्या'ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। इस कम बजट में बनी और बिना स्टार पावर वाली फिल्म को क्रिटिक्स और ऑडियंस से खूब सराहना मिली। इसी के साथ 'मुंज्या'ने कई हफ्तों तक बॉक्स ऑफिस पर राज किया।*



### 'मुंज्या' ने दिलाया स्टारडम

अभय के करियर की शुरुआत मनोज बाजपेयी-स्टारर द फैमिली मैन के दूसरे सीज़न में कल्याण के सपोर्टिंग रोल निभाने से हुई थी। भले ही वह स्क्रीन पर सिर्फ 3-4 सीन के लिए ही नजर आए लेकिन उनके अभिनय की तारीफ हुई। अब मुंज्या ने उन्हें स्टारडम दिला दिया है। आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित इस फिल्म में शरवरी और मोना सिंह भी हैं। इस फिल्म ने दुनिया भर में 123 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है और सिनेमाघरों में अभी भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

### रोल के लिए छिपकर सड़कों पर ट्रांसजेंडर बनकर रहे

19 साल की उम्र में एक्टर बनने का सपना लिए अभय मुंबई आ गए। उनके बड़े भाई अभिषेक भी टीवी शो में काम कर चुके थे। थोड़े संघर्ष के बाद अभय को रोल मिलने लगे। साल 2022 में, उन्होंने फिल्म सफेद में एक ट्रांसजेंडर की भूमिका निभाने के लिए साइन किया। इस रोल की तैयारी के लिए, अभय वाराणसी चले गए और एक ट्रांसजेंडर के रूप में कई हफ्तों तक वहां रहे। एक बार रात में लड़कों के एक समूह ने उन पर हमला करना चाहा था। बचने के लिए उन्हें अपनी असली पहचान बतानी पड़ी थी। बता दें कि संदीप सिंह द्वारा निर्देशित, सफ़ेद की पिछले साल ज़ी5 पर स्ट्रीमिंग हुई थी।

# एशिया कप के लिए पाक टीम का ऐलान, भारत से पहले ही दिन भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*एशिया कप 2024 की अगले पखवाड़े में शुरुआत होने वाली है। श्रीलंका में होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपनी 15 सदस्यीय महिला टीम का ऐलान कर दिया है। अनुभवी ऑलराउंडर निदा डार टीम को टीम की कमान सौंपी गई है। इससे अलावा कई खिलाड़ियों को इस टीम में जगह नहीं दी गई है। हाल ही में निदा डार की कप्तानी में पाकिस्तान टीम का प्रदर्शन खराब रहा था। पाकिस्तान महिला टीम को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे में 2-0 और टी20 में 3-0 से हार का सामना करना पड़ा था। टूर्नामेंट के सभी मैच दांबुला में खेले जाएंगे। दो सेमीफाइनल 26 जुलाई को और फाइनल रविवार 28 जुलाई को होगा।*

### इन प्लेयर्स की हुई वापसी

*इंग्लैंड के खिलाफ खेलने वाली आयशा जफर और शदाफ शमास को एशिया कप 2024 के लिए चुनी गई टीम में जगह नहीं दी गई है। इरम जावेद, ओमैमा सोहेल और सैयदा अरूब शाह की टीम में वापसी हुई है। इसके अलावा 22 साल की तेज गेंदबाज तस्मिया रुबाब को पहली बार पाकिस्तान टीम में जगह मिली है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कराची में 4 दिन के कैंप के बाद टीम का ऐलान किया।*

## महिला एशिया कप 19 जुलाई से, फाइनल 28 को दांबुला में



### भारत-पाक का आमना सामना 19 को

एशिया कप 2024 में पाकिस्तान टीम ग्रुप ए में है। इस ग्रुप में उनके अलावा भारत, नेपाल और यूएई की टीम भी शामिल है। टूर्नामेंट की शुरुआत 19 जुलाई से होगी। पहले दिन ही 2 मुकाबले खेले जाएंगे। पहले मैच में नेपाल का सामना यूएई से होगा और दूसरे मुकाबले में पाकिस्तान टीम की टक्कर भारत से होगी।

### महिला एशिया कप के लिए पाकिस्तान टीम

निदा डार (कप्तान), आलिया रियाज, डायना बेग, फातिमा सना, गुल फिरोजा, इरम जावेद, मुनीबा अली, नजीहा अल्वी, नाशरा संधू, ओमैमा सोहेल, सादिया इकबाल, सिदरा अमीन, सैयदा अरूब शाह, तस्मिया रुबाब, तुबा हसन।

### पाक टीम 12 दिन के कैंप में हिस्सा लेगी

*श्रीलंका की उड़ान भरने से पहले पाकिस्तान टीम 12 दिन के कैंप में हिस्सा लेगी। इसकी शुरुआत 5 जुलाई से होगी और यह 16 जुलाई तक चलेगा। बता दें कि एशिया कप नए मुख्य कोच मोहम्मद वसीम, सहायक कोच जुनैद खान और स्पिन गेंदबाजी कोच अब्दुर रहमान के लिए पहला टूर्नामेंट होगा।*

क्रिकेट : सैमसन, दुबे और जायसवाल आखिरी 3 मैचों के लिए पहुंचेंगे हरारे

# जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले दो टी-20 मैच खेलेंगे सुदर्शन, जितेश और हर्षित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 5 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज के पहले 2 मैचों के लिए साई सुदर्शन, जितेश शर्मा और हर्षित राणा को भारतीय क्रिकेट टीम में शामिल किया है। बीसीसीआई ने विज्ञप्ति जारी कर इसकी पुष्टि की है।

इन तीनों खिलाड़ियों को संजू सैमसन, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल के स्थान पर टीम में जगह दी गई है। ये तीनों खिलाड़ी टी-20 विश्व कप 2024 की चैंपियन टीम का हिस्सा थे। बयान में यह भी स्पष्ट किया गया है कि सैमसन, दुबे और जयसवाल सीरीज के आखिरी 3 मैचों के लिए हरारे पहुंचकर टीम के साथ जुड़ जाएंगे।




### पहले 2 टी-20 मैचों के लिए भारतीय टीम

जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले 2 टी-20 अंतरराष्ट्रीय के लिए भारतीय टीम: शुभमन गिल (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे, साई सुदर्शन, जितेश शर्मा (विकेटकीपर) और हर्षित राणा।

### हर्षित को पहली बार मिली भारतीय टीम में जगह

टीम में शामिल किए गए हर्षित ने अभी तक कोई भी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला नहीं खेला है, जबकि सुदर्शन और जितेश ने क्रमशः 3 वनडे और 9 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। विशेष रूप से, हर्षित और सुदर्शन ने आईपीएल 2024 में बेहद शानदार प्रदर्शन किया था। ऐसे में यह उसका इनाम माना जा सकता है। हालांकि, विकेटकीपर जितेश का प्रदर्शन इस साल लीग में कुछ खास नहीं रहा था।

### भारत के खिलाफ जिम्बाब्वे टीम का ऐलान, धाकड़ खिलाड़ी की हुई एंट्री



**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद अब भारतीय टीम जिम्बाब्वे का दौरा करेगी। इस दौरान दोनों टीमों के बीच 5 टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इस सीरीज की शुरुआत 6 जुलाई से होगी। सीरीज की शुरुआत से पहले जिम्बाब्वे ने अपने स्क्वॉड का एलान कर दिया है। मेजबान टीम में स्टार खिलाड़ी की एंट्री हुई है। दरअसल, जिम्बाब्वे ने अपने स्क्वॉड में अंतुम नकवी को शामिल किया है।

### अंतुम नकवी का प्रदर्शन

अंतुम नकवी ने इंटरनेशनल डेब्यू नहीं किया है। उन्होंने अब तक खेले 7 टी20 की 5 पारियों में 34.50 की औसत और 146.80 की स्ट्राइक रेट से 138 रन बनाए हैं। इस फॉर्मेट में उनका सर्वाधिक स्कोर 38 रन है। टी20 में अंतुम नकवी ने 9 विकेट भी चटकाए हैं।

## जमशेदपुर , शिलॉग डूरंड कप के होंगे नए मेजबान

**27 से कोलकाता में होगा शुरू**

कोलकाता। भारतीय फुटबॉल के घरेलू सत्र का पहला टूर्नामेंट डूरंड कप 27 जुलाई से 31 अगस्त तक चार स्थानों पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें इंडियन सुपर लीग, आई-लीग और अन्य आमंत्रण टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। एशिया के सबसे पुराने टूर्नामेंट के 133वें सत्र में राउंड-रॉबिन लीग और नॉकआउट प्रारूप में 43 मैच खेले जाएंगे, जिसमें शुरुआती और फाइनल मुकाबला कोलकाता के प्रतिष्ठित विवेकानन्द युवा भारती क्रीडांगन (साल्टलेक स्टेडियम) में खेला जायेगा। कोलकाता तीन ग्रुपों की मेजबानी करेगा जबकि कोकराझार, शिलांग और जमशेदपुर एक-एक ग्रुप की मेजबानी करेंगे। आईएसएल टीम मोहन बागान सुपरजायंट मौजूदा चैंपियन है, जिसने रिकॉर्ड 17 बार इस टूर्नामेंट को जीता है। **इस प्रारूप में खेला जाएगा टूर्नामेंट** : टूर्नामेंट में 24 टीमें भाग लेगी जिन्हें छह ग्रुप में बांटा गया है। हर ग्रुप की शीर्ष टीम के साथ अगली दो सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। आयोजकों ने मंगलवार को बताया कि पिछले साल की तरह इस बार भी विदेशी टीमें टूर्नामेंट का हिस्सा बनेंगी।

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर(म.प्र.)**
**लोककर्म विभाग**
**तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत(लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO-09 02/07/2024 | चेरीताल वार्ड सरस्वती कॉलोनी में गुड्डू पांडे के मकान से मन्नू पटेल के घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 3 माह रू 03.88 लाख | 2000/- 3880/- | 15/07/2024 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
संभाग क्रं. 14 ,नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय कलेक्टर मण्डला**
क्रमांक/प्रपत्र/स्टेशनरी/2024/43 मण्डला, दिनांक 25.06.2024
**निविदा सूचना**

कार्यालय कलेक्ट्रेट मण्डला एवं अधीनस्थ कार्यालय के लिये कम्प्यूटर लेखन/सामग्री क्रय करने हेतु सील बंद निविदा मध्यप्रदेश स्थिल कम्प्यूटर/लेखन सामग्री विक्रेताओं से दिनांक 25.07.2024 को दोप. 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाता है। विस्तृत निविदा सूचना क्रय योग्य सामग्री एवं शर्तो की जानकारी दस कार्यालय में रूपये 200/- मात्र के भुगतान पर प्राप्त की जा सकती है।

(कले. महो. द्वारा अनुमोदित)
संयुक्त कलेक्टर
कृते कलेक्टर मण्डला
·G-12808/24

**कार्यालय नगर पालिक निगम, सतना (म.प्र.)**
Swami Vivekanand Bhawan Infront of Gayatri Mandir
Diversion Road, Satna-485001 Tel: 07672-228818, Fax-07672-224799
क्र.124/का.से/ना.पा.नि.2024 सतना, दिनांक 01/07/2024
**सार्वजनिक सूचना**

श्री द्वारिका अग्रवाल पिता श्री नारायण दास अग्रवाल, श्रीमती सारिका अग्रवाल पत्नी श्री द्वारका अग्रवाल, अंशुल पिता द्वारका अग्रवाल, शोभित गोयल पिता राधाकृष्ण गोयल, रोली पत्नी शेभित गोयल निवासी फ्रेन्डस कालोनी द्वारा मौजा घूरडांग स्थित आराजी क्रं. 243/1, 244/1, 264/1/2, 265/1 कुल रकवा लगभग 0.405 हे. पर नगर तथा ग्राम निवेश विभग एवं नगर निगम से अनुज्ञा प्राप्त किये बगैर अवैध रूप से कालोनी विकसित की जा रही है। उपरोक्त अनाधिकृत कालोनी में भूखण्डों का क्रय/विक्रय (अंतरण) अवैध है।

अधीक्षण यंत्री
नगर पालिक निगम सतना (म.प्र.)

**भारतीय स्टेट बैंक** शाखा- गृह ऋण केन्द्र (एच.एल.सी.) फर्स्ट फ्लोर, एसबीआई मेन ब्रांच, सिविल लाईन, जबलपुर फोन: 0761-2628641, 2628632
**आधिपत्य (कब्जा) की सूचना (अचल संपत्ति के लिये)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता के द्वारा भारतीय स्टेट बैंक का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(12) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारी/जमानतदार को ब्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणग्रहिता/जमानतदार और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ पढ़ा जाये एतस्मिन नीचे वर्णित संपत्तियों का आधिपत्य कर लिया है। ऋणग्रहिता/जमानदार को विशिष्टतः और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्न वर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज तथा अन्य प्रभार आदि के लिये भारतीय स्टेट बैंक के प्रभार के अनुसार होगा।

| क्र | ऋणी /जमानतदार का नाम व पता | बंधक संपत्ति का विवरण | मांग सूचना पत्र की तिथि व राशि | आधिपत्य की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उधारकर्ता - श्रीमती सुमन कश्यप पत्नी श्री संगीत कश्यप और श्री संगीत कश्यप पुत्र श्री लक्ष्मण प्रसाद कश्यप निवास - फ्लैट नंबर, एफ.एस.एफ. एफ/5, दूसरी मंजिल ''समदड़िया अभिनन्दन अपार्टमेंट'' दमोह नाका, जबलपुर, (म.प्र.) - 482001 जमानतदार - श्री शैलेन्द्र कश्यप पुत्र श्री लक्ष्मण प्रसाद कश्यप मकान नंबर 653, शांती नगर, गली नंबर 19, राजीव गांधी वार्ड, जबलपुर (म.प्र.) 482001 Term A/c. Nos. 37689237397 | बंधक संपत्ति यहां स्थित है मौजा माढ़ोताल, नं.बं. 660, पटवारी हल्का नंबर 31, तहसील और जिला-जबलपुर (म.प्र.) डायवर्टेड खसरा नंबर (पुराना) 204/2, नया 204, नगर निगम मकान नंबर 2887, कुल प्लाट क्षेत्रफल 88.05 एकड़ जिस पर बहुमंजिला इमारत का नाम ''समदड़िया अभिनंदन अपार्टमेंट''है, विंग ए, दूसरी मंजिल, फ्लैट नंबर एफ. एस.एफ.एफ.-05, जिसका कुल निर्मित क्षेत्र 724 वर्ग फीट, उनके पास अपार्टमेंट की 25% भूमि का अविभाजित हिस्सा (181 वर्ग फीट) है, जो कि दीनदयाल उपाध्याय वार्ड, चेरीताल वार्ड (पुराना), जबलपुर (म.प्र.) में स्थित है। सीमाएँ- (शीर्षक विलेख के अनुसार) उत्तर- ओ.टी. एस. एवं सड़क, दक्षिण- कॉमन पैसेज एवं ब्लॉक बी, पूर्व - फ्लैट नंबर 04 विंग ए, पांडे जी का घर, पश्चिम -फ्लेट नं. 06, विंग ए, शंकर अग्रवाल का मकान पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 07.02.2014, पुस्तक संख्या ए-01, खंड संख्या 563 में पृष्ठ संख्या 63 से 69 दस्तावेज संख्या 2751, श्रीमती सुमन कश्यप पत्नी श्री संगीत कश्यप के नाम पर रजिस्ट्रार जबलपुर में पंजीकृत है। | दि. 15/04/2024 रू. 14,36,815.00 + ब्याज 15/04/2024 से + अन्य खर्च | 29-06-2024 |
| 2 | उधारकर्ता - श्री शिव मंगल साकेत पुत्र श्री कालूराम साकेत और श्रीमती गणेशिया साकेत पत्नी श्री शिव मंगल साकेत संपत्ति का पता- ई.डब्ल्यू.एस. बी/एफ-2, ''आइडियल ग्रैंड प्रगति'' प्रथम तल, जय भीम कालोनी, ग्वारीघाट जबलपुरम.प्र.482008 निवास- म.नं. 131, ग्राम- अमरपुर, पोस्ट- बरखेड़ा, पानी की टंकी के पास, तहसील- चुरहट, जिला- सीधी (मध्य प्रदेश) 486771 कार्यालय- डब्ल्यू.आर.डी. जल संसाधन विभाग का कार्यालय, सीधी (म.प्र.) 486661 Term A/c. Nos. 37363176819 | ई डब्लु एस फ्लैट क. बी/एफ-2, जो की मौजा पोलिपाथर नं.बं. 164. प.ह.नं. 24/2-29, रा.नि.मं. जबलपुर 1, आइडियल ग्रैंड कालोनी, डायवर्सन खसरा न. 68/6, 68/9, 68/10, 68/11, 68/12, 68/13, 68/14, 68/15, 68/16, 68/17, 68/18, 68/19, 68/20, 68/21 68/22, एवं 68/23 के स्वीकृत ले आउट के भाग कुल रकवा 778 वर्ग मीटर पर निर्मित बजुमंजिला भवन आइडियल प्रगति के प्रथम मंजिल पर स्थित है, जिसका फ्लैट निर्मित क्षेत्रफल 265 वर्गफुट, अर्थात 24.62 वर्ग मीटर (बालकनी, पैसेज, सीढ़ी आदि छोड़कर) जो की जय भीम नगर, ग्वारीघाट पर स्थित है एवं शिवमंगल साकेत एवं गनेसिया साकेत के नाम से पंजीकृत है शीर्षक विलेख का विवरण- ई-पंजीकरण दिनांक 21.03.2018, MP182542018A1185332 जिसकी चौहद्दी इस प्रकार है : उत्तर - ई डब्लु एस फ्लैट क्र. बी/एफ -3, दक्षिण- ई डब्लु एस फ्लैट क्र. बी/एफ-1, पूर्व - खुला एरिया, पश्चिम- लिफ्ट एवं लाबी एरिया | दि. 16/03/2024 रू. 6,57,263.00 + ब्याज 16/03/2024 से + अन्य खर्च | 29-06-2024 |
| 3 | उधारकर्ता - श्रीमती दीप्ति जेसिका डेविड पत्नी श्री अभिषेक कुमार डेविड निवास - (1) 318, सी.एम.एस. कम्पाऊंड, घमापुर, जबलपुर (म.प्र.) 482001 (2) 1156, डेविड विला हाउस, पुष्पक नगर, जय प्रकाश नगर के पास, अधारताल जबलपुर (म.प्र.) 482001 Term A/c. Nos. 39779896669, 39799943935 | मौजा: हिनोतिया, नं.बं. 764, पटवारी हल्का नं. 50/70 (पुराना) नया 73, रा.नि.मं. खमरिया, जिला जबलपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 4/1, रकबा 6.070 हेक्टेयर की भूमि में से 5.280 हेक्टेयर पर स्वीकृत कालोनी ''स्टार ग्रीन सिटी'' के ले आउट में से विक्रय प्लाट नं. 119, प्लाट ऐरिया 20 फुट बाई 50 फुट याने 1000 वर्ग फुट याने 92.93 वर्ग मीटर, जो की श्रीमती दीप्ती जेसिका डेविड के नाम से पंजीकृत है। जिसकी चौहद्दी इस प्रकार है: उत्तर - प्लाट नं. 118, दक्षिण- प्लाट नं. 120, पूर्व- प्लाट नं. 140, पश्चिम - साइड रोड विक्रय विलेख पंजीकृत दिनांक 07.11.2020, MP182542020A1736066 को निष्पादित | दि. 25/04/2024 रू. 24,42,540.00 + ब्याज 25/04/2024 से + अन्य खर्च | 29-06-2024 |
| 4 | उधारकर्ता - श्री फ्रेन्ज फिलिप्स पुत्र श्री बेंजामिन फिलिप्स (अब स्वर्गीय) और श्रीमती एनी फिलिप्स पत्नि स्वर्गीय श्री फ्रेन्ज फिलिप्स (मृत उधारकर्ता के कानूनी उत्तराधिकारियों का नाम और पता)- सुश्री तनिष्का फिलिप्स पुत्री स्वर्गीय श्री फ्रेन्ज फिलिप्स श्री तोशिथ फिलिप्स पुत्र स्वर्गीय श्री फ्रेन्ज फिलिप्स, सभी निवासी - (1) फ्लैट नं. 403, ''भसीन आर्केड'', जार्ज डेसिल्वा वार्ड, गोरखपुर, जबलपुर (2) प्लाट नंबर 37, जॉनसन कम्पाऊंड, होटल क्रिस्टल के पीछे, नर्मदा रोड, जबलपुर (म.प्र.) 482001 Term A/c. Nos. 40031010855 शाखा- तुलाराम चौक, जबलपुर एवं A/c. Nos. 408525231160 शाखा- मुख्य जबलपुर | मौजा - गोरखपुर, शीट नं. 289, प.ह.नं. 24, जोर्ज डिसिल्वा वार्ड, तहसील व जिला जबलपुर में स्थित, डायवर्सन प्लाट नं. 501/2, (पुराना मकान नं. 267 एवं 268/1 का भाग) नया मकान नं. 410 से 412, सेटलमेंट नं. 605, डायवर्सन शीट नं. 289 पर निर्मित बहुमंजिला बिल्डिंग भसीन आर्केड के चतुर्थ मंजिल पर स्थित फ्लेट नं. 403 जिसका कुल निर्मित रकबा 825 वर्गफुट जिसमें बिल्डिंग के साईट पर अविभाजित रकबा 125 वर्गफुट है संपत्ति के स्वामी- स्वर्गीय श्री फ्रेन्ज फिलिप्स और श्रीमती एनी फिलिप्स सीमाएँ- (शीर्षक विलेख के अनुसार) उत्तर - फ्लैट संख्या 402, दक्षिण - फ्लैट संख्या 404, लिफ्ट और सीढ़ियाँ, पूर्व - गलियारा, पश्चिम - गलियारा | दि. 25/04/2024 रू. 20,29,237.00 + ब्याज 25/04/2024 से + अन्य खर्च | 29-06-2024 |

उक्त (सरफेसी एक्ट 2002) अधिनियम के अंतर्गत सम्पत्ति विक्रय बावद 30 दिवस की वैधानिक सूचना- ऋणी एवं प्रति भू को सूचित किया जाता है कि, इस नोटिस की दिनांक से 30 दिनों के अंदर नोटिस में दर्शायी गई समस्त राशि मय ब्याज के जमा करें अन्यथा संपत्ति नीलाम की जावेगी एवं शेष राशि मय ब्याज के ऋणी एवं प्रति भू से वसूल की जायेगी।
दिनांक: 03/07/2024 , स्थान- जबलपुर
प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक, गृह ऋण केन्द्र (एच.एल.सी.) जबलपुर

यूरो कप 2024

## स्लोवेनिया को हराकर पुर्तगाल पहुंचा क्वार्टर फाइनल में



एजेंसी ▶▶| (फ्रैंकफर्ट (जर्मनी)

विश्व रैंकिंग में 57वें स्थान पर काबिज स्लोवेनिया ने यूरो 2024 फुटबॉल के प्री-क्वार्टर फाइनल में क्रिस्टियानो रोनाल्डो और कई दिग्गज खिलाड़ियों से सजी पुर्तगाल की टीम को 120 मिनट तक गोल करने से रोके रखा लेकिन टीम पेनल्टी शूटआउट में 0-3 से हार गयी।

अंतिम आठ में पुर्तगाल के सामने अब फ्रांस की चुनौती होगी। यूरो 2024 में अपने पहले गोल की तलाश कर रहे रोनाल्डो मैच में पांच-छह ऐसे मौकों पर चूक गये जिसे वह पिछले 20 साल के अपने करियर में गोल में बदलते रहे हैं।

### अतिरिक्त समय में भी रही बराबरी

*नियमित समय में मैच गोल रहित रहने के बाद आधे घंटे के अतिरिक्त समय में भी यह मुकाबला गोल रहित रहा। अतिरिक्त समय के बाद भी मैच गोलरहित बराबरी पर छूटा और फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ। पुर्तगाल के गोलकीपर डिओगो कोस्टा ने इसके बाद पेनल्टी शूटआउट में स्लोवेनिया के जोसिप इलिकिक के पहले प्रयास को विफल कर दिया। इसके बाद रोनाल्डो ने गोल कर टीम को बढ़त दिलाई और अपनी निराशा को पीछे छोड़ा*

### बोलीविया को हराकर पनामा क्वार्टर फाइनल में

ओरलैंडो। ग्रुप सी मैच में पनामा ने बोलीविया को 3-1 से हराकर दूसरे स्थान पर रहते हुए पहली बार कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रहा। पनामा क्वार्टर फाइनल में ग्रुप डी के विजेता से भिड़ेगा जो ब्राजील या कोलंबिया हो सकता है। जोस फजार्डो ने लगातार दूसरे मैच में गोल दागते हुए 22वें मिनट में पनामा को बढ़त दिलाई। ब्रूनो मिरांडा ने 69वें मिनट में बोलीविया को बराबरी दिला दी।

### आत्मघाती गोल से बेल्जियम हारा

**डसेलडोर्फ।** रेंडल कोलो मुआनी के शॉट पर आत्मघाती गोल से फ्रांस ने बेल्जियम को यहां 1-0 से हराकर यूरो 2024 फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दो दिग्गज पड़ोसी टीमों और दुनिया की दूसरे (फ्रांस) तथा तीसरे (बेल्जियम) नंबर की टीमों के बीच हुआ यह प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबला उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा और मैच में सिर्फ एक गोल हो पाया। दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरे मुआनी ने 85वें मिनट मे तेज शॉट मारा जो बेल्जियम के डिफेंडर यान वर्टोनगेन से टकराकर गोलकीपर कोएन केस्टील्स के ऊपर से गोल में चला गया। फ्रांस के खिलाफ मौजूदा टूर्नामेंट में यह दूसरा आत्मघाती गोल है। फ्रांस की टीम अंतिम आठ के मुकाबले में शुक्रवार को पुर्तगाल से भिड़ेगी जिसने पेनल्टी शूट आउट में स्लोवेनिया को हराया। मुआनी ने मैच के बाद कहा, ''मैं भाग्यशाली था कि मेरा शॉट निशाने पर था। इसे रोका गया लेकिन यह (गोल के) अंदर चला गया। मैं बेहद, बेहद खुश और बहुत गौरवांवित हूं।

**मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण**
**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (वि./यां.) संभाग क्रमांक - 2, बरगीनगर, जबलपुर (म.प्र.) -482056**
Email ID-eeemdv2bargidam@gmail.com
**निविदा आमंत्रण सूचना वास्ते प्रकाशन**

निम्न कार्य की ऑन लाइन निविदा प्रतिशत दर (अपेडिक्स 2.10) ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम पोर्टल www.mptenders.gov.in पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है :-

| निविदा क्र. | ई. निविदा क्र | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (रू. में) | धरोवर राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 44/तक. 2024-25 दिनांक 27.06.2024 | 2024_NVDA_354066_1 | रा.अ. बा. लो. सा. परि. बांयी तट नहर की सुरगी वितरण नहर की आर.डी. 0.50 किमी. से आर.डी. 12.00 किमी. पर लगे हेड रेगुलेटर गेटों का सुधार कार्य। | 1,40,119.00 (रुपए एक लाख चालीस हजार एक सौ उन्नीस) मात्र | 2802.00 (रू. दो हजार आठ सौ दो) मात्र | 1000.00 (रु.एक हजार ) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 45/तक. 2024-25 दिनांक 27.06.2024 | 2024_NVDA_354087_1 | बरगी व्यपवर्तन परियोजाना दांयी तट मुख्य नहर की आर.डी. 44.250 किमी. से आर.डी. 58.00 किमी. पर स्थित हेड एवं क्रास रेगुलेटर गेटों का सुधार कार्य। | 1,86,585.00 (रुपए एक लाख छियासी हजार पांच सौ पचासी) मात्र | 3732.00 (रू. तीन हजार सात सौ बतीस) मात्र | 1000.00 (रु.एक हजार ) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 46/तक. 2024-25 दिनांक 27.06.2024 | 2024_NVDA_354092_1 | रा.अ. बा. लो. सा. परि. के रेडियल क्रेस्ट गेट क्र. 12 से 21 के हाइस्ट स्ट्रक्चर में लगे स्लाईडिंग टाईप डोर के स्थान पर हिग्जड टाईप डोर लगाने का कार्य। | 1,68,200.00 (रुपए एक लाख अड़सठ हजार दो सौ ) मात्र | 3364.00 (रू. तीन हजार तीन सौ चौसठ) मात्र | 1000.00 (रु.एक हजार ) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 47/तक. 2024-25 दिनांक 27.06.2024 | 2024_NVDA_354101_1 | रा.अ. बा. लो. सा. परि. बरगीनगर की बांयी गैलरी प्रवेश द्वार से ब्लाक नं. 2 में गैलरी डिवाटरिंग कार्य में लगी 6" डाया जी.आई. पाइप लाइन की सफाई का कार्य। | 65,826.00 (रुपए पैंसठ हजार आठ सौ छब्बीस ) मात्र | 1317.00 ( रु.एक हजार तीन सौ सत्रह ) मात्र | 1000.00 (रु.एक हजार ) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 48/तक. 2024-25 दिनांक 27.06.2024 | 2024_NVDA_354109_1 | रा.अ. बा. लो. सा. परि. के दांये पार्श्व पर स्थित 125 के. व्ही. ए. डीजल जनरेटर सेट नं. 1 के रेडिएटर का सुधार कार्य। | 63,620.00 (रुपए त्रेसठ हजार छः सौ बीस) मात्र | 1272.00 ( रु. एक हजार दो सौ बहत्तर) मात्र | 1000.00 (रु.एक हजार मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 49/तक. 2024-25 दिनांक 27.06.2024 | 2024_NVDA_354124_1 | रा.अ. बा.लो. सा. परि. नगर दांयी गैलरी ब्लाक नं. 37 में स्थित 40 एच. पी. किर्लो-स्कर मोटर स.क्र. 228/1 जी का सुधार कार्य। उक्त मोटर को ब्लाक नं. 37 से राईट सेक्शन लाना एवं राईट सेक्शन में स्थित स्टेण्ड बाय 40 एच.पी. किर्लोस्कर मोटर स.क्र. 214 / 1 जी को राईट सेक्शन से ब्लाक नं. 37 में शिफ्ट करना। | 83,707.00 (रुपए तेरासी हजार सात सौ सात) मात्र | 1674.00 ( रु.एक हजार छः सौ चौहत्तर) मात्र | 1000.00 (रु.एक हजार ) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| | | कुल योग रू. | 7,08,057.00 | | | | |

निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि अंतिम : 16/07/2024, 17:30 तक (केवल आनलाइन),प्राइज बीड जमा करने की तिथि अंतिम:16/07/2024, 17:30 तक (केवल आनलाइन),निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि : 19/07/2024, 10:30 से 19/07/2024 17:30 तक (केवल आनलाइन), प्राइज बीड खुलने की तिथि :19/02/2024, 10:31 से 19/02/2024, 17:30 तक (केवल आनलाइन) निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाइट पर केवल ऑन लाइन क्रय किया जा सकता है। ऑन लाइन पर भुगतान डेबिट/कैश कार्ड या इन्टरनेट बैंकिंग अकाउण्ट्स के माध्यम से किया जा सकता हैं। निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

(शैलेन्द्र राठौर) कार्यपालन यंत्री,
नर्मदा विकास (वि./यॉं.) संभाग क्रमांक-2 बरगीनगर, जबलपुर (म. प्र.)
G-12811/24




## 66 लाख विद्यार्थियों को नहीं मिल पाई यूनिफार्म या उसकी राशि

# बिना यूनिफार्म स्कूल जाने को मजबूर छात्र

**जबलपुर।** सरकारी स्कूल ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद बीते 18 जून से खुल गए हैं। स्कूल खुलने के साथ ही विद्यार्थियों को ड्रेस और किताबों का वितरण होना था, लेकिन जबलपुर समेत प्रदेश भर के 66 लाख विद्यार्थियों को यूनिफार्म या उसकी राशि नहीं मिल पाई है। इस कारण विद्याथी स्कूल ड्रेस की जगह रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर स्कूल जाने को मजबूर हो रहे हैं।

दरअसल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क दो जोड़ी ड्रेस दी जाती है। पिछले सालों में ड्रेस की राशि विद्यार्थियों के खातों में डाली जाती थी, जिससे विद्यार्थियों के अभिभावक राशि लेकर अपनी मर्जी से कहीं से भी ड्रेस सिलवा सकते थे। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश के बाद इसका काम पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत ग्रामीण आजिविका मिशन के माध्यम से स्व सहायता समूह को दिया गया। जिससे हजारों महिलाओं को रोजगार मिल सके। लेकिन जब स्व-सहायता समूह के माध्यम से सिलकर स्कूलों में यूनिफार्म पहुंची तो उनकी क्वालिटी बहुत ही घटिया थी। साथ ही बच्चों की नाप के अनुसार उन्हें ड्रेस नहीं मिल सकी। इसके बाद कोरोना के चलते स्कूल बंद रहे। कोरोना की पाबंदी हटने के बाद आजिविका मिशन के माध्यम से स्कूलों में दो साल पहले ड्रेस नहीं पहुंच सकी। दो साल पहले की यूनिफार्म को कई स्कूलों में पिछले साल वितरण शुरू किया, लेकिन वह भी सभी स्कूलों में नहीं पहुंच सकी। इसके राज्य शिक्षा केंद्र ने कुछ जिलों में ड्रेस की राशि विद्यार्थियों के खातों में डालने व कुछ को ड्रेस वितरित करने के दिशा-निर्देश जारी किए। लेकिन सत्र 2023-24 की ड्रेस वितरण का कार्यक्रम सत्र समाप्ति के बाद भी नहीं हो पाया है। जबकि अब स्कूलों का नवीन शैक्षणिक सत्र 2024- 25 पहली अप्रैल से शुरू हो चुका है।



### 390 करोड़ खर्च फिर भी नहीं मिल पाई ड्रेस

जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकारी स्कूलों में 390 करोड़ खर्च करने के बाद भी पिछले साल की सभी 66 लाख विद्यार्थियों को यूनिफार्म या उसकी राशि नहीं मिल पाई है। स्कूलों में विद्यार्थियों को बीते पांच सालों से यूनिफार्म के लिए परेशान होना पड़ रहा है। स्कूलों में पिछले दो साल से ड्रेस वितरण का कार्यक्रम चल रहा है। वह भी पूरा नहीं हुआ है। इससे सरकारी स्कूलों में विद्यार्थी रंग-बिरंगे कपड़ों में ही स्कूल जाने के लिए मजबूर हैं। अब अपर मिशन संचालक राज्य शिक्षा केंद्र ने विद्यार्थियों को खातों में गड़बड़ी बताते हुए उसमें सुधार करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से आठवीं तक पढने वाले विद्यार्थियों को सरकार द्वारा यूनिफार्म दी जाती है। इन स्कूलों में पढने वाले बच्चों की संख्या 66 लाख के करीब है। हर बच्चे को दो जोडी यूनिफार्म या राशि दी जाती है। जिस पर प्रति छात्र 600 रुपए खर्च किए जाते हैं। ऐसे में इन बच्चों की यूनिफार्म पर हर साल लगभग 390 करोड़ रुपए खर्च किए जाते हैं। बच्चों को यूनिफार्म देने की जिम्मेदारी राज्य शिक्षा केंद्र (आरएसके) की है। सरकार के निर्णय के बाद आरएसके ने यह काम आजिविका मिशन के माध्यम से स्व-सहायता समूह को दिया था। फिलहाल अब आजिविका मिशन के समय पर ड्रेस नहीं देने व घटिया क्वालिटी होने के कारण राशि विद्यार्थियों के खाते में डाली जा रही है।

### नए दिशा-निर्देश जारी

राज्य शिक्षा केंद्र की अपर मिशन संचालक आर उमा माहेश्वरी ने ड्रेस वितरण को लेकर नवीन दिशा-निर्देश दिए है। जारी निर्देशों में कहा है कि राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा सत्र 2023-24 के लिए अनूपपुर, छतरपुर, छिंदवाड़ा, मंडला, पन्ना, रीवा, सागर, सतना, सिवनी, शहडोल एवं सिंगरौली सहित प्रदेश के जिलों के ग्रामीण क्षेत्र की शालाओं में गणवेश प्रदाय की कार्यवाही की जा रही है। इन जिलों के स्कूलों के विद्यार्थियों का भौतिक सत्यापन किया जाना है। इसके अलावा 30 जिलों में राशि प्रदाय करने के समय कुछ छात्रों या पालकों के खाते में त्रुटि होने ने के कारण उनके खातों में राशि ट्रांसफर नहीं की जा सकी। अतः शालावार समीक्षा करते हुए गणवेश की राशि प्राप्त नहीं होने वाले छात्रों या पालकों के खातों को अपडेट किया जाए। यह कार्यवाही तीस जून तक पूर्ण करना होगी। गौरतलब है कि राज्य शिक्षा केंद्र ने साल 2020 में यूनिफार्म सिलाई का काम ग्रामीण एवं पंचायत विभाग के माध्यम से स्वंय सेवी संस्थानों को दिया गया था। नतीजा यह रहा कि सत्र बीतने के बाद मार्च 2021 में में स्कूलों में यूनिफार्म पहुंच सकी थी। कोरोना के कारण स्कूल बंद होने के कारण शिक्षकों को घर-घर जाकर यूनिफार्म पहुंचाना पड़ी। बच्चों का सही नाप न होने के कारण साइज भी छोटा पड़ गया था। वही सिलाई थी ठीक नहीं थी। इसके बाद 2021 में कोरोना के कारण स्कूल बंद थे, 2022 की यूनिफार्म 2023 में पहुंचाना शुरू की। लेकिन वर्ष 2024 के जून माह तक भी कई बच्चों को ड्रेस नहीं मिली है। वहीं इस साल सत्र 2024-25 में ड्रेस लेकर फिलहाल कोई दिशा-निर्देश नहीं है।

# नए कानून के तहत हत्या का पहला मामला ओमती में दर्ज

## घमापुर थाने में मारपीट की पहली एफआईआर दर्ज की गई

**जबलपुर।** देश भर में गत 1 जुलाई से नया कानून लागू हो गया है, जिसके तहत मारपीट से लेकर हत्या तक कई धाराओं में परिवर्तन हुआ है जबलपुर में जिसमें सोमवार को नए कानून के तहत घमापुर थाने में 3.02 बजे मारपीट का प्रकरण दर्ज हुआ है. पहले मारपीट के मामले में 323, 294, 506, 34 के तहत प्रकरण दर्ज किया जाता था. आज से लागू हुए नए कानून की धारा 296, 115 (2), 351 (2), 3 (5) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। इसी तरह नए कानून का हत्या का मामला ओमती थाने में दर्ज हुआ। पहले धारा 302 के तहत हत्या का प्रकरण दर्ज होता था। अब धारा 101 के तहत हत्या का प्रकरण दर्ज हुआ। यहां 1 जुलाई की शाम को एक नाबालिक लड़की की एक तरफा इश्क में पागल सिरफिरे आरोपी गुफरान ने चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी। ओमती पुलिस के मुताबिक आरोपी गुफरान ने 16 साल की एक नाबालिक लड़की की उस वक्त हत्या कर दी जब वह अपने रिश्तेदार के साथ कार से आ रही थी जैसे ही वह कार से नीचे उतरी तो आरोपी गुफरान ने उसके गले में चाकू मार दिया, जिससे उसकी



मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 101 के तहत हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

इसी तरह घमापुर पुलिस ने बताया कि गोपाल होटल निवासी 30 वर्षीय शक्ति अहिरवार अपने घर जा रहा था, जब वह गोपाल होटल के सामने से गुजर रहा था। इस दौरान रोशनी पासी, सोनू, मंजीत ठाकुर, राजेन्द्र विनोदिया, कान्हा ठाकुर, शुभम उर्फ चऊआ प्रजापति ने पुरानी रंजिश के चलते गाली गलौज कर दी। नारायण ने विरोध किया तो सभी ने मिलकर मारपीट कर दी। थाना पहुंचे नारायण ने शिकायत दी, जिसपर पुलिस ने प्रकरण दर्ज लिया. जबलपुर में नए कानून की धारा के तहत 3 बजकर 2 मिनट पर पहला प्रकरण थाना के प्रधान आरक्षक 1718 राकेश पांडेय ने दर्ज किया है।

## 8 जुलाई को जबलपुर से होकर जाएगी ट्रेन

# उधना-छपरा ट्रेन का इन स्टेशनों पर होगा ठहराव

**जबलपुर।** रेलवे ने ट्रेनों में भीड़ को देखते हुए व्यस्त रूट पर स्पेशल ट्रेन चलाना शुरू कर दी है। इस कड़ी में उधना से छपरा के बीच स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। यह ट्रेन जबलपुर के साथ कटनी, सतना और इटारसी स्टेशन पर रुकेगी।

जबलपुर रेल मंडल के मालखेड़ी एवं महादेवखेड़ी स्टेशनों पर इंटरलॉकिंग कार्य चल रहा है। इस वजह से इस रूट से जाने वाली जबलपुर की ट्रेनों का ठहराव बदला गया है। अभी तक कटनी मुड़वारा स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव था, लेकिन अब दो मिनट का अस्थाई ठहराव कटनी स्टेशन में दिया जाएगा। प्रभावित होने वाली ट्रेनों में संपर्क क्रांति, रेवांचल एक्सप्रेस जैसी आधा दर्जन ट्रेनें शामिल हैं।

### उधना-छपरा के मध्य दो-दो ट्रिप स्पेशल ट्रेन

रेलवे ने स्पेशल गाड़ी संख्या 09041-42 उधना-छपरा के मध्य दो-दो ट्रिप स्पेशल ट्रेन चला रहा है। गाड़ी संख्या 09041 उधना से छपरा स्पेशल ट्रेन सात जुलाई को उधना स्टेशन से 11:15 बजे रवाना होगी और इटारसी 21:20 बजे पहुंचेगी। यहां से रात 1.10 पर जबलपुर पहुंचेगी। इसके बाद यह ट्रेन कटनी रात 2:45 बजे, सतना सुबह 4:25 बजे पहुंचेगी। ट्रेन प्रयागराज छिवकी से होते हुए छपरा स्टेशन पहुंचेगी।



### तीसरे दिन सुबह 7:30 बजे उधना स्टेशन पहुंच जाएगी

वापसी में गाड़ी संख्या 09042 छपरा से उधना स्पेशल ट्रेन के दो ट्रिप चलेगी। एक ट्रेन सोमवार को रवाना हुआ और दूसरा ट्रिप आठ जुलाई को छपरा स्टेशन से रात 23:00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन प्रयागराज छिवकी सुबह 10:20 बजे, सतना दोपहर 1:15 बजे, कटनी दोपहर 14:50 बजे, जबलपुर शाम 16:25 बजे पहुंचेंगी। तीसरे दिन सुबह 7:30 बजे उधना स्टेशन पहुंच जाएगी। इस गाड़ी में एक वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, तीन वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 12 शयनयान श्रेणी, दो सामान्य श्रेणी एवं दो एसएलआरडी सहित कुल 20 कोच रहेंगे।

### कटनी स्टेशन में रुकेंगी ट्रेनें

जबलपुर रेल मंडल के मालखेड़ी एवं महादेवखेड़ी स्टेशनों पर इंटरलॉकिंग कार्य चल रहा है। इस वजह से इस रूट से जाने वाली जबलपुर की ट्रेनों का ठहराव बदला गया है। अभी तक कटनी मुड़वारा स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव था, लेकिन अब दो मिनट का अस्थाई ठहराव कटनी स्टेशन में दिया जाएगा। प्रभावित होने वाली ट्रेनों में संपर्प क्रांति, रेवांचल एक्सप्रेस जैसी आधा दर्जन ट्रेनें शामिल हैं।

रेलवे के मुताबिक कटनी स्टेशन पर पांच और सात जुलाई को जबलपुर-हज़रत निजामुद्दीन संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, छह और आठ जुलाई को हज़रत निजामुद्दीन-जबलपुर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस का अस्थाई ठहराव होगा। वहीं नौ जुलाई को जबलपुर-श्रीमाता वैष्णव देवी कटरा एक्सप्रेस और दो जुलाई से 10 जुलाई तक रानी कमलापति-रीवा रीवांचल एक्सप्रेस के साथ एक जुलाई से 10 जुलाई तक रीवा-रानी कमलापति रीवांचल एक्सप्रेस को यहां रोका जाएगा।

एक जुलाई से नौ जुलाई तक एलटीटी-वाराणसी कामायनी एक्सप्रेस, एक जुलाई से 10 जुलाई तक वाराणसी-एलटीटी कामायनी एक्सप्रेस, छह एवं आठ जुलाई को दुर्ग-हज़रत निजामुद्दीन एक्सप्रेस, पांच, सात और नौ जुलाई को हज़रत निजामुद्दीन-दुर्ग एक्सप्रेस के साथ एक, तीन, चार एवं पांच जुलाई को गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस के साथ ही दो, तीन एवं चार जुलाई को अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस को भी कटनी स्टेशन में ठहराव देने का निर्णय लिया गया है।

## 30 सितंबर तक होंगे नामांकन

# मप्र बोर्ड के नौवीं कक्षा में नामांकन के लिए समग्र आइडी जरूरी

**जबलपुर।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमे) ने नौवीं में विद्यार्थियों के नामांकन में समग्र की अनिवार्यता को इस बार फिर से कर दिया है। आनलाइन नामांकन आवेदन में अब टीसी रजिस्टर के आधार पर भरी गई जानकारी के आधार और समग्र आईडी में उल्लेखित जानकारी के आधार पर नामांकन होंगे। नौवीं के विद्यार्थियों के नामांकन आवेदन-पत्र भरने की अंतिम तिथि 30 सितंबर तक है।

वहीं विलंब शुल्क के साथ 30 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में माशिमं ने प्रवेश नीति में दिशा- निर्देश जारी कर दिए हैं। दरअसल माशिम ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 में नौवीं कक्षा के नामांकन के लिए समग्र आईडी को अनिवार्य नहीं किया था। इसमें आधार कार्ड भी ईकेवायसी करना है, जबकि सरकारी स्कूलों में ग्रामीण क्षेत्र के लाखों की संख्या में विद्यार्थियों के नामांकन व आधार कार्ड में गलती थी। इस कारण पिछले साल समग्र आईडी की अनिवार्यता को समाप्त किया था। मंडल ने इसमें सुधार के लिए स्कूल प्राचार्यों को अधिकृत भी किया। इसके बावजूद इसके नियमों के कारण इनमें सुधार हो पाना संभव नहीं हो पा रहा था। ऐसे परेशान कई सरकारी स्कूल के प्राचार्यों ने मंडल सचिव को पत्र लिखा था। इसके बाद मंडल सचिव ने समग्र की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया था।







## जबलपुर के सरकारी व निजी कालेजों में होगा प्रवेश

# तीन तक यूजी और सात तक पीजी में होगा प्रवेश

**जबलपुर।** प्रदेश के यूजी-पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए दूसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया जारी है। प्रदेश के 1,314 सरकारी व निजी कालेजों में यूजी-पीजी की 10.32 लाख सीटों पर प्रवेश लिया जा रहा है। पहले राउंड में अब तक यूजी व पीजी में करीब सवा लाख विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। इसमें यूजी में 90 हजार प्रवेश हुए है। वहीं पीजी में 17 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है।



वहीं इस साल पीजी में प्रवेश की गति धीमी है। यूजी में चौथा वर्ष आनर्स पाठ्यक्रम शुरू होने के कारण पीजी में काफी कम प्रवेश हो रहे हैं। पीजी कोर्सेस एमए, एमएससी, एमकॉम में प्रवेश के लिए सीट आवंटन जारी किया है।यह आवंटन द्वितीय चरण की काउंसलिंग के तहत जारी किया गया है।विभाग ने प्रदेशभर के सरकारी और निजी कालेजों के लिए पीजी पाठ्यक्रमों में 32 हजार 54 विद्यार्थियों को सीट आवंटन पत्र जारी किए हैं। पहले चरण में 30 हजार 991 विद्यार्थियों को सीट आवंटित की गई थी।दोनों चरण को मिलाकर 63 हजार 45 छात्रों को सीट आवंटित की जा चुकी है।

### 13 जुलाई तक प्रवेश होगा

पीजी में द्वितीय चरण में जिन विद्यार्थियों को सीट आवंटन पत्र जारी किए गए हैं।उन्हें सात जुलाई तक फीस का भुगतान कर प्रवेश को सुनिश्चित करना होगा।यदि कोई विद्यार्थी सीट आवंटन से खुश नहीं है और पसंदीदा कालेज में सीट नहीं मिली है तो वे सात जुलाई तक ही सीट अपग्रेड के लिए आवेदन कर सकते हैं।यह सीट अपग्रेडेशन का आखिरी मौका है। इन्हें 11 जुलाई को सीट आवंटित की जाएगी। जिन्हें 13 जुलाई तक प्रवेश लेना होगा।

# सतना स्टेशन पर उतरी ट्रेन पर चढ़ नहीं पाई, रेलवे की मदद से यात्री मुंबई पहुंची

**जबलपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय से मुंबई जा रही एक महिला रेल यात्री किसी निजी कारणों से सतना स्टेशन पर उतरी परंतु भीड़ अधिक होने के कारण ट्रेन में नहीं चढ़ पाई। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉक्टर मधुर वर्मा ने बताया कि विगत दिवस एक महिला यात्री जूही कुमारी, गहमर गाजीपुर की रहने वाली जो गाड़ी संख्या 18609 में यात्रा कर रही थी जो सतना स्टेशन पर किसी कारण से स्टेशन पर उतर गई फिर महिला यात्री की ट्रेन छूट जाने के कारण वह बहुत परेशान एवं चिंतित थी फिर ट्रेन जाने के उपरांत अकेली महिला यात्री ने सतना स्टेशन पर स्टेशन प्रबंधक वाणिज्य से संपर्क किया तब एसएमसी सतना ने मंडल कार्यालय जबलपुर में सूचना प्रदान की तब सहायक वाणिज्य प्रबंधक जबलपुर के निर्देशन पर संबंधित महिला यात्री को गाड़ी संख्या 12142 में एचओ कोटा के अंतर्गत एस 1 कोच में 9 नंबर बर्थ आवंटित की गई जिस पर उन्होंने सतना से मुंबई का सफर तय किया।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240